

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज



लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 156 | शनिवार, 18 जुलाई 2026 | आषाढ़ माह, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


धुएं का दौर खत्म, हाइड्रोजन की रफ्तार शुरू

## जींद से सोनीपत के बीच दौड़ी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन, पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी

» भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन ने हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से भरी पहली रफ्तार

» हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की प्रक्रिया से बनेगी बिजली, केवल पानी की भाप निकलेगी



■ जींद

भारत के रेल इतिहास में शुक्रवार का दिन एक नए अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन अब पटरी पर दौड़ने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से इस अत्याधुनिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही भारतीय रेलवे ने स्वच्छ ऊर्जा और प्रदूषण मुक्त परिवहन की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया है।

यह ट्रेन जींद और सोनीपत के बीच करीब 89 किलोमीटर लंबे मार्ग पर संचालित होगी। खास बात यह है कि यह ट्रेन पारंपरिक डीजल या बिजली की लाइनों पर निर्भर नहीं होगी, बल्कि हाइड्रोजन ईंधन तकनीक के माध्यम से खुद बिजली तैयार करेगी। इससे न केवल प्रदूषण कम होगा, बल्कि भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी मजबूती मिलेगी। भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन हरियाणा के जींद और सोनीपत के बीच शुरू किया गया है। करीब 89 किलोमीटर के इस मार्ग पर यह ट्रेन यात्रियों को नई तकनीक का अनुभव कराएगी। रेलवे के अनुसार, इस ट्रेन को भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसमें सुरक्षा के लिए आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, जो हाइड्रोजन रिसाव, अत्यधिक गर्मी, आग और धुएं जैसी स्थितियों की तुरंत पहचान कर सकते हैं। इस तकनीक का उद्देश्य केवल ट्रेन चलाना नहीं, बल्कि भविष्य में रेल परिवहन को अधिक सुरक्षित, आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है।

आज पूरी दुनिया प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझ रही है। परिवहन क्षेत्र को प्रदूषण का बड़ा कारण माना जाता है। ऐसे समय में हाइड्रोजन आधारित परिवहन व्यवस्था पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण विकल्प बनकर सामने आ रही है। भारत ने वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन व्यवस्था की भूमिका बेहद अहम है। हाइड्रोजन ट्रेन इसी लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इससे आने वाले समय में रेलवे क्षेत्र में प्रदूषण कम करने और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

भारतीय रेलवे का इतिहास भाप इंजन से शुरू हुआ था। उस दौर में कोयले से चलने वाले इंजन धुआं छोड़ते हुए पटरियों पर दौड़ते थे। इसके बाद डीजल इंजन आए और फिर बिजली से चलने वाली ट्रेनों का विस्तार हुआ। अब रेलवे हाइड्रोजन तकनीक की ओर बढ़ रहा है। अंतर केवल इतना है कि पुराने इंजन जहां कोयला और डीजल जलाकर ऊर्जा पैदा करते थे, वहीं नई हाइड्रोजन ट्रेन बिना धुएं के ऊर्जा तैयार करती है।

यह बदलाव केवल तकनीक का परिवर्तन नहीं है, बल्कि परिवहन व्यवस्था में सोच का बड़ा बदलाव है। हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन भारत की तकनीकी क्षमता को भी दशार्ता है। रेलवे लंबे समय से आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर जोर दे रहा है। तेज गति वाली ट्रेनें, स्वचालित सुरक्षा प्रणाली और अब हाइड्रोजन आधारित ट्रेन इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं। यह परियोजना भारत को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में खड़ा करती है जो हाइड्रोजन आधारित रेल तकनीक पर काम कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले वर्षों में हाइड्रोजन तकनीक का इस्तेमाल रेलवे के अलावा अन्य परिवहन क्षेत्रों में भी बढ़ सकता है। यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो देश के उन रेल मार्गों पर भी हाइड्रोजन ट्रेनें चलाई जा सकती हैं जहां अभी विद्युतीकरण नहीं हुआ है।

### न डीजल की जरूरत, न बिजली की बाहरी लाइन

हाइड्रोजन ट्रेन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे चलाने के लिए ऊपर लगी बिजली की तारों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। सामान्य विद्युत ट्रेनों में पटरियों के ऊपर लगी बिजली की लाइनों से ऊर्जा प्राप्त की जाती है, लेकिन हाइड्रोजन ट्रेन में ऊर्जा ट्रेन के अंदर ही तैयार होती है। इसमें लगे विशेष उपकरण हाइड्रोजन और ऑक्सीजन को मिलाकर विद्युत ऊर्जा पैदा करते हैं। यही ऊर्जा ट्रेन के इंजन को चलाने का काम करती है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह तकनीक भविष्य में उन रेल मार्गों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकती है जहां अभी विद्युत लाइन बिछाना कठिन या महंगा है।

### रेलवे में शुरू हुआ स्वच्छ ऊर्जा का नया दौर

अब तक भारतीय रेलवे में ज्यादातर ट्रेनें डीजल या विद्युत ऊर्जा से संचालित होती रही हैं। डीजल इंजन से चलने वाली ट्रेनों से कार्बन उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वहीं विद्युत ट्रेनों के लिए रेलवे को बड़ी संख्या में बिजली की लाइनों और आधारभूत ढांचे की आवश्यकता होती है। हाइड्रोजन ट्रेन इस व्यवस्था से अलग है। इसमें हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक प्रक्रिया के माध्यम से बिजली उत्पन्न की जाती है। इस पूरी प्रक्रिया में ईंधन के रूप में हाइड्रोजन का उपयोग होता है और इसके परिणामस्वरूप केवल पानी की भाप और कुछ मात्रा में गर्मी निकलती है। यही कारण है कि हाइड्रोजन ट्रेन को दुनिया की सबसे स्वच्छ रेल तकनीकों में शामिल किया जाता है।

## मनोनीत सदस्य विधान परिषद चुनाव में नहीं डाल सकेंगे वोटः सुप्रीम कोर्ट

» मनोनीत सदस्यों को मतदान का अधिकार नहीं

» कर्नाटक विधान परिषद चुनाव से जुड़ी अपील खारिज



■ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च न्यायिक संस्था ने स्थानीय निकायों और विधान परिषद चुनाव से जुड़े एक महत्वपूर्ण संवैधानिक विवाद पर बड़ा फैसला सुनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि नगरपालिकाओं में मनोनीत सदस्यों को विधान परिषद चुनाव में मतदान का अधिकार प्राप्त नहीं है। न्यायालय ने कहा कि ऐसे सदस्यों का मतदाता सूची में शामिल होना संविधान की भावना और व्यवस्था के अनुरूप नहीं है। इस निर्णय के साथ ही कर्नाटक विधान परिषद चुनाव से संबंधित भारतीय जनता पार्टी के सदस्य प्रणेश एम की अपील भी खारिज कर दी गई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि कर्नाटक नगरपालिकाओं अधिनियम के अंतर्गत मनोनीत किए गए सदस्य स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं होते। इसलिए उन्हें विधान परिषद चुनाव के लिए तैयार की गई मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि ऐसे सदस्यों का मतदाता सूची में नाम जोड़ना संविधान की व्यवस्था के विपरीत है। इसलिए उनका मतदान अधिकार मान्य नहीं माना जा सकता। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 171 की व्याख्या इस प्रकार नहीं की जा सकती जिससे मनोनीत सदस्यों को मतदान का अधिकार मिल जाए। यदि ऐसा किया गया तो संविधान की मूल भावना और लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोधाभास उत्पन्न होगा। न्यायालय ने यह भी कहा कि किसी संवैधानिक प्रावधान की व्याख्या हमेशा उसके उद्देश्य और व्यापक संदर्भ को ध्यान में रखकर की जानी चाहिए, न कि केवल शब्दों के आधार पर। इस निर्णय को स्थानीय निकायों और विधान परिषद चुनावों की प्रक्रिया के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब यह स्पष्ट हो गया है कि केवल वही प्रतिनिधि विधान परिषद चुनाव में मतदान करेंगे जिन्हें संविधान और संबंधित कानूनों के तहत यह अधिकार प्राप्त है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे भविष्य में चुनाव संबंधी विवादों में कमी आएगी और मतदान प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी।

### क्या है पूरा मामला

यह मामला वर्ष 2021 में हुए कर्नाटक विधान परिषद चुनाव से जुड़ा है। चुनाव के दौरान चार टाउन पंचायतों में मनोनीत किए गए 12 सदस्यों ने मतदान किया था। इन मतों के आधार पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार प्रणेश एम छह मतों के बेहद कम अंतर से विजयी घोषित हुए थे। बाद में इन मतों की वैधता को चुनौती दी गई। विवाद इस बात पर था कि क्या नगरपालिकाओं में मनोनीत सदस्य विधान परिषद चुनाव के लिए मतदाता माने जा सकते हैं। इसी विवाद पर सुनवाई करते हुए उच्चतम न्यायालय ने अंतिम निर्णय सुनाया।

## संक्षिप्त समाचार

### मल्लिकार्जुन खरगे ने लिखा प्रधानमंत्री को पत्र

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने आग्रह किया है कि महिला आरक्षण और परिसीमन से संबंधित विधेयक को लेकर सरकार के प्रस्तावों पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। उन्होंने कहा कि सर्वदलीय बैठक के लिए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू को कई बार पत्र लिख चुके हैं।

### भदौरिया चुनाव अभियान प्रमुख एवं रावत सह प्रमुख घोषित

भोपाल। दतिया उपचुनाव को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने गुरुवार को चुनाव अभियान प्रमुख और सह प्रमुख की घोषणा की है। जारी किए गए पत्र के अनुसार पूर्व मंत्री अरविंद भरौदिया चुनाव अभियान प्रमुख एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत सह प्रमुख होंगे।

### शिवकुमार ने की राहुल गांधी से मुलाकात

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से गुरुवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार तथा राज्य के अन्य शीर्ष कांग्रेस नेताओं ने मुलाकात की। बैठक में शिवकुमार के अलावा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बी. के. हरिप्रसाद तथा कांग्रेस के प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला मौजूद थे। समझा जाता है कि बैठक में कर्नाटक मंत्रिमंडल के लंबे समय से लंबित विस्तार, संभावित नए मंत्रियों के नाम तथा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की गई।

### नीट का परिणाम घोषित आर्यन-पांशुल टॉपर

नई दिल्ली। नीट-यूजी 2026 का परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिया गया है। इसमें पंजाब के आर्यन गुप्ता और हरियाणा के पांशुल बंसल टॉपर रहे। इन्होंने 720 में 715 अंक हासिल किए। नीट में 11.21 लाख छात्र पास हुए हैं। परीक्षा में 19 छात्रों के 700 से ज्यादा अंक आए हैं। परीक्षा में 20 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए थे। क्वालीफाई करने बालों में 58 प्रतिशत से अधिक छात्राएं शामिल है। छात्रों की सफलता 55.1 प्रतिशत रहीं।

### टीएमसी सांसद रुक्मिणी ने रास से इस्तीफा दिया

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस की रुक्मिणी मलिक ने गुरुवार को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी के सत्ता से बाहर होने के बाद इस्तीफा देने वाली मलिक तृणमूल कांग्रेस की चौथी सांसद हैं।

### हवाई अड्डे पर 365 किलो चंदन के साथ एक गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीमा शुल्क अधिकारियों ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 365 किलोग्राम से अधिक लाल चंदन जब्त किया है जिसे कथित तौर पर तस्करी कर देश से बाहर ले जाया जा रहा था। इस मामले में एक भारतीय यात्री को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। आधिकारिक बयान में कहा गया कि मौके पर की गई जांच के आधार पर अधिकारियों ने 13 जुलाई को हवाई अड्डे के टर्मिनल-तीन से हांगकांग जाने वाले एक भारतीय यात्री को रोका।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी से ध्यान भटका रही भाजपाः अखिलेश

हनुमानगढ़ी टिप्पणी पर मुख्यमंत्री योगी को घेरा, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के बयान का किया समर्थन



■ लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज संबंधी बयान को लेकर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राम मंदिर के चढ़ावे में कथित चोरी के मुद्दे से लोगों का ध्यान हटाने के लिए हनुमानगढ़ी को लेकर विवाद खड़ा कर रही है। साथ ही उन्होंने ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि संत समाज की भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। अखिलेश यादव ने सामाजिक माध्यम पर किए गए अपने संदेश में कहा कि भाजपा की राजनीति अब राम मंदिर से आगे बढ़कर हनुमानगढ़ी तक पहुंच गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि हनुमानगढ़ी को लेकर झूठा प्रचार किया जा रहा है ताकि राम मंदिर के चढ़ावे से जुड़े विवाद से जनता का ध्यान हटाया जा सके। उन्होंने कहा कि जो लोग इस तरह के दावे कर रहे हैं, उन्हें अपने कथनों के लिए सार्वजनिक रूप से प्रायश्चित करना चाहिए। यदि ऐसा नहीं करते हैं तो उन्हें हनुमानगढ़ी जाकर श्रद्धालुओं और संत समाज से क्षमा मांगनी चाहिए। सपा अध्यक्ष ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नोटों की छपाई के लिए जारी किए गए विज्ञापन को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सवाल किया कि क्या अब देश की मुद्रा की छपाई भी निजी क्षेत्र के भरोसे छोड़ने की तैयारी की जा रही है।

### धार्मिक आस्था को राजनीति से दूर रखने की अपील

अखिलेश यादव ने कहा कि धर्म और आस्था के विषयों का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि झूठे बयानों से न केवल जनता भ्रमित होती है, बल्कि धार्मिक पदों और संस्थाओं की गरिमा भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और उससे जुड़े किसी भी विषय पर बिना प्रमाण के बयान देना उचित नहीं है।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के बयान का समर्थन

सपा प्रमुख ने अपने दूसरे संदेश में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का वीडियो साझा करते हुए उनके बयान का पूर्ण समर्थन किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या के संत-महंत और स्थानीय लोग इस पूरे घटनाक्रम से आहत हैं तथा उन्हें लग रहा है कि धार्मिक आस्था से जुड़े विषयों को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा ने पहले अयोध्या के विकास को नुकसान पहुंचाया और अब झूठे प्रचार के माध्यम से उसकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

ज्यादातर रोहिंग्या सवार थे, खराब मौसम की वजह से हुआ हादसा

## बंगाल की खाड़ी में दो नाव गायब इनमें सवार 500 लोग लापता

■ रखाइन

म्यांमार में हिंसा से बचकर भाग रहे 500 से ज्यादा लोगों के समुद्र में लापता होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र की दो एजेंसियों के मुताबिक, म्यांमार के तट के पास खराब मौसम में दो नावें गायब हो गईं। इनमें सवार ज्यादातर लोग रोहिंग्या समुदाय के थे। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन और संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने संयुक्त बयान में बताया कि दोनों नावें जून के आखिर में म्यांमार के पश्चिमी रखाइन राज्य से रवाना हुई थीं। पहली नाव में करीब 250 लोग सवार थे। रवाना होने के कुछ ही समय बाद उससे संपर्क टूट गया। दूसरी नाव में करीब 280 यात्री सवार थे और माना जा रहा है कि वह 8 जुलाई को म्यांमार के अयेयारवाडी तट के पास डूब गई। रोहिंग्या म्यांमार के रखाइन राज्य का एक मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय है। दशकों से यह समुदाय सरकारी उत्पीड़न, हिंसा और भेदभाव का सामना कर रहा है। म्यांमार की बौद्ध बहुसंख्यक सरकार और वहां के स्थानीय लोग रोहिंग्याओं को म्यांमार का मूल निवासी नहीं मानते। उनका दावा है कि ये लोग ब्रिटिश शासनकाल के दौरान बांग्लादेश (तत्कालीन बंगाल) से आए अवैध अप्रवासी हैं। उन्हें आधिकारिक तौर पर 'बंगाली' कहकर पुकारा जाता है। रोहिंग्या समुदाय का कहना है कि वे रखाइन क्षेत्र में आठवीं सदी या उससे भी पहले से रह रहे हैं और वे वहीं के मूल निवासी हैं।



### 12 लाख रोहिंग्या फिलहाल बांग्लादेश में

करीब 12 लाख रोहिंग्या फिलहाल बांग्लादेश के शरणार्थी शिविरों में रह रहे हैं। ये लोग म्यांमार की सेना की हिंसा से बचकर वहां पहुंचे थे। हाल के वर्षों में अमेरिका और अन्य देशों की विदेशी सहायता में कटौती के कारण इन शिविरों में खाद्य राशन भी कम कर दिया गया है। रोहिंग्या शरणार्थियों के पास सुरक्षित तरीके से म्यांमार लौटने का कोई रास्ता नहीं है। 2017 में म्यांमार की सेना पर रोहिंग्या समुदाय के खिलाफ बड़े पैमाने पर हिंसा करने के आरोप लगे थे, जिसे कई देशों ने नरसंहार (जेनोसाइड) माना है। जो रोहिंग्या अब भी म्यांमार में रह रहे हैं, उन्हें कड़ी पाबंदियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से कई लोग नजरबंदी शिविरों में रहने को मजबूर हैं।

## लालू यादव की तबीयत बिगड़ी, ले जाए जा सकते हैं दिल्ली

» विशेषज्ञों की सलाह पर एम्स में जांच की तैयारी

» पटना में स्वास्थ्य परीक्षण के बाद घर भेजा गया

■ पटना

राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया। वहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। प्रारंभिक जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें घर जाने की अनुमति दे दी, हालांकि बेहतर चिकित्सकीय परामर्श और विस्तृत जांच के लिए उन्हें दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाए जाने की संभावना जताई जा रही है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, प्रारंभिक जांच में तत्काल किसी गंभीर स्थिति की पुष्टि नहीं हुई। चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण पूरा करने के बाद उन्हें घर जाने की अनुमति दे दी। हालांकि उनकी स्वास्थ्य रिपोर्ट का विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है और आगे की चिकित्सा उसी के आधार पर तय होगी। सूत्रों का कहना है कि चिकित्सकों ने बेहतर निगरानी और विशेषज्ञ परामर्श के लिए उन्हें दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भी दिखाने की सलाह दी है। चिकित्सकों ने लालू प्रसाद यादव की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति का आकलन करने के लिए विभिन्न आवश्यक जांच कराई हैं। उनकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की उपचार योजना तैयार की जाएगी। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर है, लेकिन उम्र और पहले से मौजूद बीमारियों को देखते हुए किसी भी स्वास्थ्य समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है। लालू प्रसाद यादव लंबे समय से कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्हें गुर्दे की गंभीर बीमारी रही है और उनका गुर्दा प्रत्यारोपण भी हो चुका है।



### अचानक बिगड़ी तबीयत, अस्पताल पहुंचे लालू यादव

सूत्रों के अनुसार, लालू प्रसाद यादव को शुक्रवार को अचानक स्वास्थ्य संबंधी परेशानी महसूस हुई। इसके बाद परिजनों ने चिकित्सकों से संपर्क किया, जिन्होंने एहतियात के तौर पर तत्काल अस्पताल में जांच कराने की सलाह दी। इसी के बाद उन्हें पटना के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया। अस्पताल पहुंचते ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण शुरू किया और आवश्यक चिकित्सकीय जांच कराई।

## मैक्सिको में महसूस हुए भूकंप के झटके

■ मैक्सिको सिटी

मैक्सिको के दक्षिणी राज्य चियापास के तट के पास 7.4 तीव्रता का जबरदस्त भूकंप आया है, जिससे सुनामी की चेतावनी जारी की गई। भूकंप इतना तेज था कि मैक्सिको के पड़ोसी देशों ग्वाटेमाला और अल साल्वाडोर में इमारतें हिल गईं। वर जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, यह भूकंप मैक्सिको के शहर प्यूर्टो मडेरो के पास आया और इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर (6 मील) की कम गहराई पर था। वर सुनामी वॉर्निंग सिस्टम ने भूकंप के बाद चेतावनी दी कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर (186 मील) के दायरे में आने वाले तटीय इलाकों में खतरनाक सुनामी लहरें उठ सकती हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, एक चश्मदीद ने बताया कि ग्वाटेमाला सिटी में भूकंप से इमारतें हिल गईं और कुछ लोग अपने घरों से निकलकर सड़कों पर आ गए।

## आईआरसीटीसी की नई वेबसाइट शुरू, अब नहीं भरना होगा कैप्चा

■ नई दिल्ली

रेल मंत्रालय ने रेल टिकट बुकिंग को आसान और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट का एक नया वर्जन जारी किया है। आईआरसीटीसी ने इस वर्जन में चार बड़े सुधार किए हैं।

मौजूदा वेबसाइट के होमपेज पर भी इस नए बीटा वर्जन का लिंक उपलब्ध करा दिया गया है। मंत्रालय ने उपयोगकर्ताओं से इसके आसान फीचर्स पर फीडबैक देने का अनुरोध किया है। गौरतलब है कि आईआरसीटीसी वेबसाइट पहली बार 2002 में शुरू की गई थी और अभी यह हर दिन औसतन लगभग 14.5 लाख टिकट बुकिंग संभालती है।

### यह हैं चार नए बदलाव, जिनसे आसान होगी टिकट बुकिंग

» **कैप्चा से छुटकाराः** अब टिकट बुक करते समय बार-बार कैप्चा भरने की परेशानी नहीं होगी। साथ ही, बेकार के पॉप-अप और ध्यान भटकाने वाले ग्राफिक्स भी नहीं दिखेंगे।

» **एक साथ सभी सीटों की जानकारीः** अब स्लीपर, 3एसी और 2एसी जैसी अलग-अलग श्रेणियों की सीटें बार-बार सर्च करने की जरूरत नहीं होगी। सभी क्लास में सीटों की उपलब्धता एक ही स्क्रीन पर दिखाई देगी।

» **जल्दी टिकट बुकिंगः** नए 'फास्ट चेकआउट' फीचर से टिकट बुक करने के स्टेप्स कम कर दिए गए हैं। इससे पूरी बुकिंग पहले से ज्यादा तेज होगी।

» **बार-बार जानकारी भरने की जरूरत नहींः** जो यात्री अक्सर यात्रा करते हैं, उनकी जानकारी एक बार सेव हो जाएगी। अगली बार टिकट बुक करते समय नाम, उम्र और दूसरी डिटेल्स फिर से नहीं भरनी पड़ेंगी।

## उत्तरप्रदेश में पीएमएलए के तहत 13 ठिकानों पर छापे

■ लखनऊ

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की लखनऊ जोन टीम ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में उत्तर प्रदेश में कई ठिकानों पर छापेमारी की है। यह मामला कथित तौर पर टेरर फंडिंग और अवैध घुसपैठ नेटवर्क से जुड़ा है, जो लगभग दो साल पहले सामने आया। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी के लखनऊ जोनल कार्यालय ने 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट' के तहत उत्तर प्रदेश और कुछ अन्य जगहों पर लगभग 13 ठिकानों पर छापेमारी की। शुरुआत में उत्तर प्रदेश एटीएस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी। मामला मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा होने के बाद ईडी ने इसे अपने हाथों में लिया। एफआईआर में एक संगठित गिरोह का जिक्र है जो कथित तौर पर रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की भारत में अवैध घुसपैठ कराने, उनके लिए जाली भारतीय पहचान दस्तावेज बनवाने और देश के अलग-अलग हिस्सों में उन्हें बसाने में मदद करने में शामिल था। ईडी के अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती जांच से एक गहरे वित्तीय नेटवर्क का पता चला है। इसमें कुछ चैरिटेबल ट्रस्ट और संस्थाएं शामिल हैं, जिन्हें कथित तौर पर भारी विदेशी चंदा मिलता था। वे अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इस पैसे को कई बैंक अकाउंट, 'म्यूल अकाउंट' और कई चरणों वाले ट्रांजैक्शन के जरिए इधर-उधर करते थे।





## एक नजर

### महिला से सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**बहेड़ी।** बंजरिया रोड स्थित एक गाँव में गैस एजेसी पर अपने कनेक्शन के बाबत जानकारी करने गई एक महिला के साथ किए गए सामूहिक बलात्कार के मामले में तत्परता बरतते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी लिखा पढ़ी करके जेल भेज दिया जबकि वारदात में शामिल तीसरे आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। मालूम हो, अपने गैस कनेक्शन के बारे में जानकारी करने एजेंसी पर दो रोज पहले गई महिला को अकेले देख गाँव के ही अजय व शिवम ने अपने साथी तेजपाल के उकसावे में आकर न केवल तमंचे की नोक पर सामूहिक दुराचार किया। पीड़िता द्वारा अपनी आपबीती पुलिस को सुनाए जाने के बाद उसकी तहरीर के आधार पर एस सी/ एस टी एक्ट सहित उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और आनन फानन अजय व शिवम को हिरासत में लेकर शुक्रवार को जेल भेज दिया जबकि तेजपाल की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# तीन भाइयों के विवाद में चली गोली एक की मौत से गांव में पसरा मातम

## शेरगढ़ के खजुआ जागीर गांव की घटना, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शेरगढ़ थाना क्षेत्र के खजुआ जागीर गांव में गुरुवार देर रात पारिवारिक विवाद ने दर्दनाक मोड़ ले लिया। घर के भीतर तीन सगे भाइयों के बीच हुए विवाद के दौरान चली गोली से इसरार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल भोजीपुरा स्थित श्रीराममूर्ति मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक इसरार, गुड्डू और असलम सगे भाई हैं। गुरुवार रात करीब साढ़े दस बजे किसी बात को लेकर तीनों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते उग्र हो गई। इसी दौरान अचानक फायरिंग हुई और गोली इसरार को लग गई। गोली लगते ही वह मौके पर गिर पड़ा। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में भी दहशत और सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर सिरौली राजेश कुमार मौर्य पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू कर दी। सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि भाइयों के बीच हुए विवाद के दौरान चली गोली से इसरार की मौत हुई है। घटना के पीछे की वास्तविक वजह का पता लगाया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बरेली-सितारगंज फोरलेन पर इस साल सफर मुश्किल

**बरेली।** बरेली-सितारगंज फोरलेन इस साल पूरा होने की उम्मीद धूमिल होती दिख रही है। शुरुआती दौर में बड़े भूमि अधिग्रहण घोटाले की लंबी जांच, फिर मिट्टी की कमी समेत अन्य अड़चनें दूर होने के बाद मानसून की चुनौती है। पहले चरण में 35 प्रतिशत और दूसरे चरण में 55 प्रतिशत काम बाकी है। मार्च 2023 में शुरू हुई 650 करोड़ की 78 किलोमीटर लंबी परियोजना को दो चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में बरेली से पीलीभीत तक 32 किलोमीटर फोरलेन का 65 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसे अब दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, पीलीभीत से सितारगंज तक 46 किलोमीटर के दूसरे चरण में 45 प्रतिशत कार्य हुआ है। पहले इसे जनवरी 2027 तक पूरा करने की योजना थी, अब लक्ष्य मार्च 2027 तक बढ़ा दिया गया है। हालांकि एनएचएआई का दावा है सभी बाधाओं को दूर कर निर्धारित समयसीमा में काम पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षेप समाचार

### कानून गोयान रेल पथ पर अंडरपास बनाए जाने की मांग

**बहेड़ी।** लालकुआँ- बरेली रेल पथ को ब्राडगेज में तब्दील कर दिए जाने के बाद कुछ आम रास्ते, जिनके जरिये बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती थी, रेलवे के द्वारा बंद कर दिए गए। बंद किए गए इन्हीं रास्तों में से एक कानून गोयान रेल पथ के समीप था। इस रास्ते से हो कर गाँव अकबराबाद, सीकरी तथा तुलसमपुर आदि गांवो के लोग गुजरा करते थे। इसके अलावा रेलवे लाइन के पार इसी रास्ते पर बसे करीब दो दर्जन परिवारों का भी नगर में आना जाना होता था। खेती किसानी से जुड़े कुछ लोगों के साथ पशुओं की भी आवाजाही होती थी। इसकी वजह से क ई पशु ट्रेनों की चपेट में आकर कट भी गये। सुरक्षा के लिहाज से रेलवे की ओर से पटरी के दोनों ओर लोहे के गार्डर लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया। रास्ता बंद कर दिए जाने के बाद आम आदमी को तो कम पर खेतिहर किसानों को बहुत ज्यादा परेशानी होने लगी। मुंडिया रेलवे फाटक होकर करीब एक किमी अतिरिक्त दूरी भारी बोझ के साथ आना जाना टेढ़ी खीर साबित होने लगा। नतीजा यह हुआ कि कार्रवाई से बचने को लेकर देर सबेर अपने पशु भी यहीं से लाने, ले जाने लगे हैं यह जानने के बावजूद, कि जरा सी सावधानी किसी गंभीर घटना का सबब बन सकती है। इस सब को दिष्टगत रखते हुए समाज के कुछ जिम्मेदार लोगों ने सार्थक योजना बनाई। स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को पत्र लिखकर उक्त स्थल पर अंडरपास बनाए जाने की मांग की है ताकि रेलवे को किसी संभावित हादसे का सामना भी न करना पड़े और इधर से गुजरने वाले हजारों लोगों का आवागमन मार्ग भी प्रशस्त हो सके। पत्र भेजने वालों में रूप किशोर, सोहन लाल, सचिन पाल, सुमंत आदि शामिल हैं।

### शिव मंदिर में तोड़फोड़ का आरोप, ग्रामीण ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार



**बरेली।** भोजीपुरा थाना क्षेत्र के भूड़ा गांव निवासी सोहन लाल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर शिव मंदिर में तोड़फोड़ करने और धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब 5 :45 बजे वह गांव के शिव मंदिर में साफ-सफाई कर रहे थे। इसी दौरान हसमत, शहजिल और आमान कथित रूप से मंदिर परिसर में पहुंचे और वहां स्थापित मूर्तियों पर क्रिकेट बैट और बॉल से प्रहार कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोप है कि विरोध करने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया। सोहन लाल का कहना है कि शोर सुनकर नीरज, आकाश, रोहित और ओमप्रकाश मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों के विरोध के बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। शिकायत में अशफाक और सौकत पर भी घटना की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने कहा कि इस घटना से ग्रामीणों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और गांव में तनाव का माहौल है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर कानून-व्यवस्था बनाए रखने की मांग की है।

## बरेली सदर तहसील की कमान संभालेंगी आईएएस इशिता किशोर, एसडीएम का कार्यभार ग्रहण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**यूपीएससी 2022 की ऑल इंडिया टॉपर को मिली नई जिम्मेदारी, पारदर्शी और जनकेंद्रित कार्यशैली के लिए हैं चर्चित**

**बरेली।** यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 में ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल करने वाली आईएएस अधिकारी इशिता किशोर ने शुक्रवार को बरेली सदर तहसील के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) का पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले वह बहेड़ी तहसील में एसडीएम के रूप में तैनात थीं, जहां उन्होंने कानून-व्यवस्था, राजस्व मामलों और जन शिकायतों के निस्तारण में प्रभावी कार्यशैली से अपनी अलग पहचान बनाई। बहेड़ी में अपने कार्यकाल के दौरान इशिता किशोर की निष्पक्ष, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासनिक कार्यशैली की व्यापक सराहना हुई। अब उनकी बरेली सदर में तैनाती को प्रशासनिक व्यवस्था के लिए अहम माना जा रहा है। अधिकारियों और स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में जनसुनवाई और राजस्व संबंधी मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होगा। इशिता किशोर ने वर्ष 2022 की यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की है। प्रशासनिक सेवा में आने से पहले वह एक निजी कंपनी में रिस्क एनालिस्ट के रूप में कार्य कर चुकी हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियां रही हैं। वह राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल खिलाड़ी रह चुकी हैं। उनकी नई तैनाती से बरेली सदर तहसील में प्रशासनिक कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## सीबीगंज शराब फैक्ट्री में मजदूर की मौत पर हत्या का केस, प्रबंधन के चार जिम्मेदारों पर एफआईआर

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** सीबीगंज स्थित सुपीरियर इंडस्ट्रीज शराब फैक्ट्री में मजदूर सत्यपाल की मौत का मामला अब आपराधिक मुकदमे तक पहुंच गया है। मृतक के बेटे गौतम कुमार की शिकायत पर फैक्ट्री के प्रबंधक, एचआर मैनेजर, सुपरवाइजर और लोडर चालक के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों का आरोप है कि सत्यपाल काम के पहले ही दिन फैक्ट्री पहुंचे थे, जहां उनसे निर्धारित समय से अधिक काम कराया गया। इसी दौरान वह फैक्ट्री की मशीन की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। वहीं, फैक्ट्री प्रबंधन ने परिवार को बताया कि सत्यपाल भूसी के टैंक में गिर गए थे। परिवार का कहना है कि घटना के बाद जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज देखने की मांग की तो उन्हें फुटेज नहीं दिखाई गई और फैक्ट्री परिसर से बाहर कर दिया गया। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि मामला रफा-दफा करने के लिए एक लाख रुपये नकद और मृतक की पत्नी को आजीवन पेंशन देने का प्रस्ताव दिया गया, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। सीओ सिटी द्वितीय नितिन कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बहेड़ी के खेतिहर इलाके में पहुंचा मगरमच्छ

**बरेली।** बहेड़ी तहसील क्षेत्र के गांव मंडनपुर जूनूबी के खेतों में एक मगरमच्छ देखा गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे वनकर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ लिया। बरेली के बहेड़ी तहसील क्षेत्र के गांव मंडनपुर जूनूबी के खेतिहर इलाके में एक विशाल मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। अभियान के दौरान मगरमच्छ कई बार झाड़ियों और पानी भरे हिस्सों में छिप गया, जिससे उसे पकड़ने में टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्द्रपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।

## मंगलसूत्र की लूट का खुलासा, पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, दो गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** इज्जतनगर थाना पुलिस ने आलोक नगर में हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस मुठभेड़ के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे आरोपी को खेतों में घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से लूटा गया मंगलसूत्र, अवैध तमंचा, कारतूस और घटना में इस्तेमाल की गई स्प्लेंडर बाइक बरामद की है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर रात सैदपुर पिकेट के पास वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों को रुकने का इशारा किया गया। दोनों पुलिस को देखकर तेज गति से भाग निकले। पीछा करने पर उनकी बाइक फिसलकर खेत में गिर गई। भागते समय एक आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में जीतू उर्फ जतिन के पैर में गोली लग गई। उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। दूसरे आरोपी शिवा को कुछ दूरी पर खेत से गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी तलाशी में 11 जुलाई को आलोक नगर में हुई लूट का मंगलसूत्र बरामद हुआ। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी अपने साथी लकी उर्फ पवन के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम देने में शामिल थे। घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं और पुलिस टीम पर फायरिंग के मामले में अलग से मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## महलऊ में गौकशी पर पुलिस का शिकंजा, एक आरोपी दबोचा, दूसरा मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के महलऊ गांव में गौकशी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद फरार चल रहे दूसरे नामजद आरोपी को जंगल में हुई पुलिस मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया गया। मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी फायरिंग से आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि आरोपी की गोली से एक सिपाही भी घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, दबिश के दौरान मोहम्मद खां निवासी महलऊ को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से करीब 39.96 किलोग्राम गौवंशीय मांस, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, गौकशी में प्रयुक्त उपकरण और पॉलीथीन बैग बरामद किए गए। पूछताछ में उसने अकीलुद्दीन उर्फ गट्टू, हसीना और आलम उर्फ अकबर के साथ मिलकर गौकशी करने की बात स्वीकार की। बरामद मांस का नमूना पशु चिकित्साधिकारी ने जांच के लिए सुरक्षित कराया, जबकि शेष अवशेष का नियमानुसार निस्तारण कराया गया। फरार आरोपी अकीलुद्दीन उर्फ गट्टू की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। मुखबिर की सूचना पर जंगल में घेराबंदी के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिससे आरक्षी रोहताश घायल हो गए। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा, कारतूस तथा गोवंशीय पशु के चार पैर बरामद किए हैं। दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।




**पर्यवेक्षण** रिकॉर्ड, साफ-सफाई और लंबित मामलों की समीक्षा, कमियां मिलने पर दिए सुधार के सख्त निर्देश

## एसपी सिटी ने शहर कोतवाली का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं को परखा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर कोतवाली में शुक्रवार को एसपी सिटी मानुष पारीक ने औचक निरीक्षण कर थाना कार्यालय की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न अभिलेखों, रजिस्टरों और कार्यालय रिकॉर्ड की गहन जांच की तथा ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों से उनके रखरखाव और कार्यों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, कार्यालय व्यवस्था, लंबित विवेचनाओं और अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। कुछ बिंदुओं पर कमियां मिलने पर एसपी सिटी ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्हें तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस कार्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। एसपी सिटी ने थाना स्टाफ को फरियादियों के साथ शालीन और संवेदनशील व्यवहार करने, प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा सभी अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावी पुलिसिंग के लिए अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी प्रथम आशुतोष शिवम, प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार चौधरी समेत थाना कोतवाली के अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### पारिवारिक विवाद में सगे भाई की गोली मारकर हत्या

**बरेली।** जिले के शेरगढ़ थाना क्षेत्र के खजुआ जागीर गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक भाई ने अपने ही सगे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। इस खौफनाक वारदात के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और इलाके में दहशत का माहौल है। शेरगढ़ थाना क्षेत्र के खजुआ जागीर निवासी इसरार, गुड्डू और असलम सगे भाई हैं। गुरुवार रात करीब साढ़े दस बजे घर में ही तीनों भाइयों के बीच किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि इसी दौरान अचानक गोली चल गई। यह गोली सीधे इसरार को लगी और वह खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज और इसरार को लहूलुहान देख घर में चीख-पुकार मच गई।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242


## एक नजर

### ससुराल में आए युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**सैफनी।** थाना भोट क्षेत्र के गांव पायजवा भटपुरा निवासी 30 वर्षीय सद्दाम पुत्र मोहम्मद उमर गुरुवार को अपनी पत्नी के साथ खरसोल स्थित ससुराल आया था। बताया जा रहा है कि पति–पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से घरेलू विवाद चल रहा था। शुक्रवार दोपहर जुमे की नमाज के दौरान सद्दाम घर की बैठक में चला गया और वहां पंखे से फंदा लगाकर फाँसीलगा ली। कुछ देर बाद जब नमाज समाप्त हुई तो परिजनों ने बैठक का दरवाजा खोला। अंदर सद्दाम का शव फंदे से लटका देख परिवार में चीख–पुकार मच गई।

# जौहर विवि में बनी दीवार देखने पहुंचे अफसर, रोका

## मैन गेट पर गेट कीपर ने अधिकारियों से की पूछताछ

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जौहर विवि में बनी लोक निर्माण विभाग की सड़क, दूसरे छोर पर बनी दीवार को देखने पहुंचे तो गेट पर तैनात गेट कीपर ने एक्सईएन की कार को रोक लिया। इस पर एक्सईएन ने कहा कि यह आम रास्ता है संबंधित सड़क पूरी तरह सरकारी भूमि पर सरकारी धन से निर्मित है सार्वजनिक मार्ग है सड़क और दीवार को देखना है इसके बाद गेट को खोल दिया। वह अंदर दाखिल हो गए। जहां कुछ देर तक के लिए रूके। दो दिन पहले जौहर विवि के मैन गेट के बाहर लोक निर्माण विभाग ने आम रास्ता होने का बोर्ड लगवाया है। बोर्ड की सीध से 3.5 किलोमीटर सड़क जौहर विवि के अंदर रास्ते में जाकर दूसरे छोर पर दीवार बनी हुई है। जानकारी में आया है कि दूसरे छोर पर बंद गेट और दीवार हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**नौ सदस्यीय टीम की जांच में खुलीं थी परतें**

सपा नेता आजम खां ने गांव सींगनखेड़ा में मौलाना मोहम्मद अली जौहर विवि का निर्माण इस तरह से कराया कि विवि के मैन गेट पर लोनिवि की सड़क पर गेट बना दिया। वर्ष 2003-04 में मुलायम सिंह के मुख्यमंत्री रहने के दौरान आजम खां ने जौहर विवि के प्रस्तावित मानचित्र में मौजूद मुख्य द्वार से होते हुए लोनिवि की साढ़े तीन किलोमीटर की सड़क का निर्माण करा लिया। इस मामले की जांच तत्कालीन जिलाधिकारी आंजेनय कुमार सिंह ने नौ सदस्यीय टीम गठित कर इसकी जांच कराई। तो धीरे-धीरे विवि पर सरकारी बजट लगाने के रिकॉर्ड सामने आए। इसकी जांच पिछले दिनों आला अधिकारियों ने इसकी रिपोर्ट लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मांगी। उन्होंने इसकी रिपोर्ट बनाकर सौंपी।


जौहर विवि के दूसरे गेट पर बनी दीवार।



जौहर विवि के मैन गेट पर लगा लोनिवि का बोर्ड।


मैन गेट के बाहर कांउसलिंग को लगा शिविर।


जौहर विवि के बाहर तैनात पुलिस फोर्स।

> मैं गया हूं होकर आया हूं। गेट बंद था मैंने गेटकीपर से कहा पीडब्ल्यूडी की गाड़ी है। गेट क्यों नहीं खोल रहे खोलो, सड़क तो आम है, यह आम रास्ता ही रहेगा। जौहर विवि के मैन गेट पर आम रास्ते के लिए बोर्ड लगवाया है।
> **– केवी सिंह, एक्सईएन लोनिवि।**

### विवि के गेट के बाहर दूसरे दिन भी लगा रहा शिविर, पुलिस तैनात

जौहर विवि के गेट पर बाहर छात्रों की कांउसलिंग के लिए शिविर दूसरे दिन भी लगा रहा। जिसमें छात्रों को समझाया गया कि घबराने की जरूरत नहीं भविष्य में आवश्यकता पड़ी तो उनकी पढ़ाई दूसरे शिक्षण संस्थानों में समायोजित कराई जाएगी। ताकि किसी भी छात्र का शैक्षणिक नुकसान न हो। सुरक्षा के लिहाज से विवि के गेट के बाहर पुलिस भी तैनात रही।

### मैन गेट पर बोर्ड, दूसरे पर लगा ताला

दो दिन पहले विवि के मुख्य द्वार पर लोक निर्माण विभाग ने सार्वजनिक मार्ग का बोर्ड लगाया है, वहीं लगभग साढ़े तीन किलोमीटर दूर दूसरे छोर पर विश्वविद्यालय का गेट बंद और ताला लगा हुआ है। शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मैन गेट पर लगे बोर्ड और दूसरे छोर पर बने गेट पर लगे हुए ताले देखने को पहुंचे।

# चमरौआ बीआरसी पर हुआ विदाई समारोह

- काफी संख्या में शिक्षक हुए शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बीआरसी केंद्र शंकरपुर पर विकासखंड के पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी मदन लाल वर्मा के डायट में वरिष्ठ प्रवक्ता पद पर प्रोन्नत होने के कारण ब्लॉक से विदाई सम्मान समारोह एवं ब्लॉक में नवागत खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार का स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।

सम्मान समारोह में सभी एआरपी गण एवं विकासखंड के शिक्षकों द्वारा दोनों अधिकारियों को फूल मालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान उनका सम्मान किया।शिक्षकों एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा मदन लाल वर्मा के कार्यकाल के दौरान उनके कुशल नेतृत्व एवं शालीन व्यवहार के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए और उनके सादा जीवन उच्च विचार वाली नीति पर चलने का संकल्प लिया।

नवागत खंड शिक्षा अधिकारी को विश्वास दिलाया कि उनके कुशल नेतृत्व में ब्लॉक का प्रत्येक शिक्षक अपनी पूर्ण क्षमता से ब्लॉक को प्रत्येक क्षेत्र में नंबर वन बनाने के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे।मदन लाल वर्मा ने ब्लॉक में बिताए कार्यकाल के विषय में सभी को अवगत कराया साथ ही अपने सुखद अनुभव सबके साथ साझा किए।कार्यक्रम का सफल संचालन चमन सिंह गौतम द्वारा किया गया साथ ही कार्यक्रम में चरन सिंह, नरेंद्र कुमार सैनी, मनोज कुमार, नीरज अग्रवाल, एआरपी वरुण आर्य, अरुण कुमार, पारितोष चौहान, महेश कुमार लोधी, अशोक रावत, रमेश पाल सिंह, ताहिर अली, सुमित गंगवार, गौरवदीप गुप्ता, अंचित त्यागी, प्रेमपाल, प्रदीप कुमार, हेमंत, सुरेश कुमार, अनुसेंद्र चौहान, विशाल सैनी आदि तथा बीआरसी कार्यालय के समस्त कार्यालय सहायक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।


खंड शिक्षा अधिकारी को माला पहनाते शिक्षक। –जागरण मोर्चा

### किला परिसर की 61 दुकानों को लेकर पालिका में आज होगी बैठक

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद के सभागार में 61 दुकानों को लेकर आज बैठक होगी। पालिका ने एजेंडा जारी किया है एजेंडे में किला परिसर स्थित नगर पालिका परिषद की दुकानों और 1974 वर्ग मीटर भूमि को रामपुर रजा लाइब्रेरी को हस्तांतारित करने का प्रस्ताव रूप से शामिल है। एजेंडे के अनुसार डीएम और रजा लाइब्रेरी के निदेशक एवं म्यूजियम के पत्रों के क्रम में यह प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा। प्रस्ताव में यह भी शामिल कि राज्यपाल एवं बोर्ड की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठकों में किला परिसर की भूमि और भवनों को चरणबद्ध तरीके से रजा लाइब्रेरी का हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया था। ताकि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परियोजनाओं का विकास किया जा सके। इसको लेकर नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। प्रस्ताव मंजूर होने के बाद लाइब्रेरी के विस्तार की कार्ययोजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा।

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

- तीन शातिर दबोचे, एक किशोर भी पकड़ा
- स्वार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कबाड़ की दुकान में मारा छापा
- छह बोरों में कटे हुए टुकड़ों में मिलीं चोरी की 6 मोटरसाइकिलें, चेसिस व इंजन बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत स्वार थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर छापेमारी कर अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक बाल अपचारी (किशोरी) को भी हिरासत में लिया है। पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से चोरी की गई 6 मोटरसाइकिलों के कटे हुए पुर्जे, चेसिस, इंजन और भारी मात्रा में कबाड़ के सामान से भरे 6 बोरे बरामद हुए हैं।पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन और क्षेत्राधिकारी स्वार के पर्यवेक्षण में स्वार थाना पुलिस शुक्रवार सुबह करीब 9:15 बजे गश्त पर थी।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मोहल्ला काशीपुर स्थित एक टीन शेड के अंदर कबाड़ की दुकान में चोरी की बाइकों को काटकर उनके पुर्जे अलग किए जा रहे हैं। पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए बताए गए ठिकाने पर छापा मारा। मौके से पुलिस ने फिरोज, ताबिश (दोनों निवासी मोहल्ला चक स्वार), पीतम सिंह (निवासी हरदासपुर कोठरा, अजीमनगर) और एक 17 वर्षीय किशोर को दबोच लिया।जब पुलिस ने मौके से बरामद 6 बोरों की तलाशी ली, तो उसमें से बाइकों की कटिंग किए गए पार्ट्स मिले। पुलिस ने बरामद चेसिस और इंजन नंबरों को जब 'ई-चालान ऐप' पर डालकर सर्च किया, तो गाड़ियों की चोरी की परतें खुलती चली गईं।पुलिस के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों में से फिरोज एक शातिर किस्म का अपराधी है।

सीसीटीएनएस पोर्टल के मुताबिक, फिरोज पर पहले से ही स्वार थाने में गैंगस्टर एक्ट और टांडा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। वह जेल भी जा चुका है और छूटने के बाद दोबारा इस धंधे में लग गया था।स्वार पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) और 317(5) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरोह के अन्य नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। –जागरण मोर्चा

# तुरैहा समाज के लोगों को पंचायत चुनाव में मिले मान-सम्मान: कमल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** शुक्रवार को संगठन के जिला महामंत्री गोविंद राम तुरैहा के महेश गार्डन बिलासपुर स्थित आवास पर तुरैहा मछुआ समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक से पूर्व जिलास्तरीय कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा बिलासपुर तहसील में कार्यरत नायाब तहसीलदार अंकुर अंतल एवं नायब तहसीलदार मिलक अमित कुमार को मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण न आने पर कार्यक्रम से सम्बंधित विशिष्ट अतिथि से सम्बंधित स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।बैठक को सम्बोधित करते हुए समाज के जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहां की अगामी वर्ष में पंचायत चुनाव होने जा रहे है, इसलिए समाज के अग्रणी जनप्रतिनिधि अपनी-अपनी ग्राम पंचायत में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चुनाव की तैयारी करें।

हमारे समाज में पिछड़ेपन व बेरोजगारी का प्रमुख कारण केवल समाज में बच्चों को शिक्षा नही दिलाते है, जिसके कारण समाज को किसी भी क्षेत्र में न सफलता मिल पा रही और न कोई अधिकार।जिला महामंत्री गोविंद राम तुरैहा ने कहां की अब तुरैहा समाज को संगठित होकर आगे बढ़ना होगा। जिससे राजनीति के साथ-साथ सामाजिक कार्यो में भी समाज का प्रतिनिधित्व होता रहे। उन्होने कहां की अगामी पंचायत चुनाव में समाज के अधिक से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं को टिकट मिलना चाहिए।

बैठक को सम्बोधित करते हुए बिलासपुर शाखा अध्यक्ष बालकिशोर तुरैहा ने कहां की वर्तमान में प्रदेश सरकार के ज्यादा से ज्यादा मन्त्रियों से मिलने की रणनीति बनायी गयी है, शीघ्र ही उनसे मिलने जाया जायेगा और समाज हित व समाज पर हो रहे अत्याचार व दुर्व्यवहार के बारे में मंत्रियों को अवगत भी कराया जाएगा। संगठन के जिला महामंत्री राम सिंह तुरैहा एडवोकेट ने बताया की संगठन लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री से तुरैहा मछुआ समाज का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र अति शीघ्र समाज की समस्याओं के समाधान के लिए मिलेगा।


अधिकारी को सम्मानित करते पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

### यह लोग रहे मौजूद

राम सिंह तुरैहा एडवोकेट, गोविंद राम तुरैहा, विनोद कश्यप एडवोकेट,बिलासपुर शाखा अध्यक्ष बालकिशोर तुरैहा, रामकिशोर तुरैहा, मनोहरी लाल, सीताराम, रमेश चन्द्र तुरैहा, मास्टर अरविन्द कुमार, राम तुरैहा, अशोक कुमार तुरैहा, रितेश बाबू, राजेश कुमार तुरैहा, अर्जुन कुमार, पप्पू सिंह, अर्जुन सिंह, दिनेश कुमार, मदन मोहन, जबर सिंह तुरैहा, राजू तुरैहा, प्रीतम तुरैहा आदि उपस्थित रहें।

## उर्स पहले दिन जुटी अकीदतमंदों की भीड़

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** हजरत हाफिज शाह जमाल उल्लाह साहब के 239 वां सालाना उर्से मुबारक के पहले दिन अकीदतमंदों की भीड़ जुटी रही। जहां अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर मन्नतें मांगी। मुफ्ती नवेद जमाली ने हजरत की हयात जिंदगी पर रोशनी डाली। कहा कि यह लोग अल्लाह के वली है इनके यहां से लोगों के सारे काम बनते हैं।

अंत में मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराई गई। इस अवसर पर सज्जादा नशीन फहद अहमद जमाली, शाहिद अली खां जमाली, मौलवी नासिर खां शहर इमाम समेत आदि सैकड़ों अकीदतमंद मौजूद रहे।

# तनखइया मामले में आज आएगा फैसला

- गवाह को धमकाने में सुनवाई टली

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए में शुक्रवार को गवाह को धमकाने में तत्कालीन इंस्पेक्टर गिजेंद्र त्यागी को तलब किया था। लेकिन सीनियर अधिवक्ता ठा.पृथ्वीभान सिंह की पत्नी का निधन होने की वजह से अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य न करने का निर्णय लिया गया। जिसके चलते सुनवाई 22 जुलाई तक के लिए टाल दी गई है।

थाना कोतवाली में बेरियान निवासी नन्हें ने आजम खां, फरहान खां, कामरान, आमिर खां, उजैर खां, शानी के खिलाफ मारपीट कर धमकी देने को लेकर नामजद मुकदमा कराया था। जिसमें सेशन कोर्ट में सुनवाई चल रही है। शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई होनी थी। लेकिन हड़ताल होने की वजह से सुनवाई 22 जुलाई तक के लिए टाल दी गई है। सपा नेता आजम खां की दो अपीलों पर शनिवार को फैसला कोर्ट सुनाएगी। जिसमें एक अपील मजिस्ट्रेट के खिलाफ की गई टिप्पणी है। जबकि दूसरी आप नेता फैसल खां लाला द्वारा आजम खां को कोर्ट से बरी किए जाने के मामले सेशन कोर्ट फैसला सुनाएगा।



# पाइप फिटिंग करने चढ़ा प्लंबर करंट लगने से झुलसा, गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक स्कूल में पानी के पाइप की फिटिंग काटते हुए प्लंबर को करंट लगने से झुलस गया। जिसके चलते पिलम्बर की हालत नाजुक बनी हुई है।

घटना थाना क्षेत्र के मगरमऊ गांव से जुड़ी है। गांव में बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिए सरकारी स्कूल में लगी पानी की टंकी का पाइप काफी दिनों से खराब पड़ा हुआ था इस दौरान स्कूल की प्रधानाध्यापक ने टंकी के पाइप को ठीक कराने के लिए भोट थाना क्षेत्र के बैजनी गांव निवासी अशोक को बुलाया। जोकि पेशे से एक पिलम्बर का काम करता है।अशोक पाईप को ठीक करने जैसे ही स्कूल की छत पर चढ़ा तो स्कूल की छत के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइन के तार से अचानक टकरा गया। जिससे वह बुरी तरह झुलस कर नीचे गिर गया।हादसा होते ही स्कूली बच्चों ने चीख-पुकार मचानी शुरू कर दी। जिसके बाद मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने लाइट से झुलसे युवक को आनन-फानन में जिला अस्पताल भिजवा दिया। जहां युवक पिलम्बर की हालत नाजुक बनी हुई है।


घायल प्लंबर।

# मेडिकल, सर्जिकल वार्ड के जर्जर बेडों पर कराई वेल्डिंग

- रोगियों के लिए अस्पताल प्रशासन ने कराए इंतजाम

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल के मेडिकल, सर्जिकल वार्ड और अज्ञात वार्ड में रखे जर्जर बेडों पर वेल्डिंग कराई गई है। जिससे कि रोगियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। दरअसल जिला अस्पताल में 150 बेड है लेकिन इसके बाद भी रोगियों को उपचार के लिए इधर–उधर भागना पड़ता है ऐसे में अस्पताल प्रशासन ने रोगियों की अधिक संख्या को देखते हुए वर्तमान समय में 276 बेड आरक्षित किए हैं। लेकिन मेडिकल, सर्जिकल और अज्ञात वार्ड में रखे जर्जर बेड होने से रोगियों को काफी दिक्कत आती थी। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए अस्पताल प्रशासन ने तीनों वार्ड के करीब 10 बेडों पर वेल्डिंग कराई। सीएमएस डॉ .बीसी सक्सेना ने बताया कि जिला अस्पताल के मेडिकल, सर्जिकल वार्ड और अज्ञात वार्ड के 10 बेड की वेल्डिंग कराई गई है। बताया कि सीएमएस कक्ष के लिंटर के ऊपर बने शौचालय का गंदा पानी रिस–रिस कर आ रहा है इससे कक्ष में सीलन और आ रही दुर्गंध को लेकर पहली मंजिल समेत अस्पताल में 8 शौचालयों की साफ–सफाई कराई गई है।



चेकिंग | 4 डम्पर सीज, 3 .52 लाख रुपये का जुर्माना

# अभियान: ओवरलोड वाहनों पर परिवहन विभाग की कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जनपद में ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान लगातार जारी है।वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में रात्रि 1:30 बजे से प्रातः 8:40 बजे तक अजीतपुर चौकी, थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान 4 डम्पर निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर संचालित होते पाए गए। सभी वाहनों को तत्काल सीज करते हुए उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की गई। संबंधित वाहनों पर कुल 3.52 लाख रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया।एआरटीओ ने कहा कि ओवरलोड वाहनों के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ने के साथ-साथ सड़कों एवं पुलों को भी भारी क्षति पहुंचती है। ऐसे में ओवरलोडिंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों एवं संचालकों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने वाहन स्वामियों एवं चालकों से अपील की कि वे निर्धारित भार क्षमता का पालन करें तथा सुरक्षित एवं नियमसम्मत परिवहन सुनिश्चित करें। जनहित एवं सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जनपद में ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।


डंपर के चालक से जानकारी लेते एआरटीओ। –जागरण मोर्चा

# विभागों में तत्काल सुधार लाने के सीडीओ ने दिए निर्देश

## अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन बाधित किए जाने की कार्रवाई की जाएगी

जागरण मोर्चा कार्यालय



विकास भवन के सभागार में आयोजित बैठक में बोलते सीडीओ। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास एवं निर्माण कार्यों से संबंधित विभिन्न योजनाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने ई-ऑफिस प्रणाली के कम उपयोग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग अधिक से अधिक फाइलों का निस्तारण ई-ऑफिस के माध्यम से करें स्पष्ट कहा कि जिन विभागों द्वारा ई-ऑफिस पर अपेक्षित कार्य नहीं किया जा रहा है, उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन बाधित किए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिंग वाले विभागों की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित विभागाध्यक्षों को कार्यप्रणाली में सुधार लाकर योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।मिशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी खंड विकास अधिकारियों के साथ ब्लॉकवार साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित कर विद्यालयों में कराए जा रहे कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें।बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी से अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत उचित दर की दुकानों के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। उन्होंने पूर्ण हो चुकी दुकानों का शीघ्र हस्तांतरण कराने तथा निर्माणाधीन दुकानों का कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, उर्वरकों की उपलब्धता, फार्मर रजिस्ट्री, लखपति दीदी, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न विकास योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई।

निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसी एवं अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मजार-मस्जिद का मसला आस्था से जुड़ा हुआ: मौलवी रेहान खां

- जुमे की नमाज से पहले जामा मस्जिद में कुतबे को खिताब फरमाया

जागरण मोर्चा, कार्यालय


जामा मस्जिद में कुतबे को खिताब फरमाते मौलवी मो .रेहान खां।

**रामपुर।** जामा मस्जिद में जुमे की नमाज से पहले कुतबे को खिताब फरमाते हुए मौलवी मोहम्मद रेहान खां ने जिला प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि जिस मस्जिद, मजार को खाली करने को नोटिस दिया गया है बुल्डोजर किसी इबादतगाह पर नहीं, मुसलमानों के दिलों को चोट पहुंचती है यह आस्था से जुड़ा मामला है।

मौलवी मोहम्मद रेहान खां ने कहा कि मक्का मदीना ने 1500 साल पहले जमीन लेकर एक मस्जिद नबी की तामीर कराई। जिसमें आज तक दुनिया भर के लाखों मुसलमानों ने नमाज अदा की है। मस्जिद किसी की जगह पर तामीर नहीं कराई जाती। इसलिए जिला प्रशासन से अपील है कि जिस मस्जिद को हटाने के लिए आदेश जारी किया गया है उसे तुरंत रोक दें। यह मुसलमानों की आस्था है। कोई भी मस्जिद शहीद की जाती है इसका मकसद यह है यह बुल्डोजर मस्जिद पर नहीं मुसलमानों के दिलों पर चलता है। हमारे पास ताकत हो या न हो। कल वक्त था ताकत थी। लेकिन आज वक्त है ताकत नहीं हैं।

कल इंशाल्लाह फिर से वक्त आएगा और ताकत होगी। लेकिन जो चीज बनी हुई है उसको बना रहना चाहिए। वह मस्जिद आज से नहीं बल्कि 150 सालों से हैं। इसके बाद जुमे की नमाज अदा कराई। अंत में मुल्क में अमन-शांति के लिए दुआ कराई गई।

### ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक बढ़ी

**रामपुर।** उप क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि मेजर ध्यानचंद राज्य खेल विश्वविद्यालय, सलावा, मेरठ में शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिए बीपीईएस पाठ्यक्रम प्रारम्भ कर दिया गया है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि, जो पूर्व में 15 जुलाई निर्धारित थी, अब बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी गई है। उन्होंने जनपद के सभी प्राचार्यों, प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों, खेल प्रशिक्षकों एवं खेल संघों से अनुरोध किया है कि वे अपने–अपने स्तर से इच्छुक छात्र–छात्राओं को इस संबंध में अवगत कराएं, ताकि अधिक से अधिक अभ्यर्थी इस अवसर का लाभ उठा सकें।इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। यह पाठ्यक्रम खेल एवं शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में कैरियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उप क्रीड़ा अधिकारी ने कहा कि जनपद के प्रतिभावान खिलाड़ी एवं छात्र इस अवसर का अधिकाधिक लाभ उठाएं और निर्धारित तिथि तक अपना पंजीकरण अवश्य सुनिश्चित करें।

# शिक्षा के इदारे को बचाना सरकार, हम सबकी जिम्मेदारी


कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते एआइएमआईएम पार्टी के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

- कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मौलाना मोहम्मद अली जौहर विवि के समर्थन में एआइएमआईएम पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर एक चार सूत्रीय ज्ञापन राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री को भेजा है। जिसमें जिला अध्यक्ष फरीदुज जफर रहमानी ने कहा कि मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी रामपुर की पहचान है और यहां के गरीब, मध्यम वर्ग व आने वाली नस्लों के लिए तालीम का सबसे बड़ा केंद्र है।

हजारों छात्र-छात्राएं यहां से तालीम हासिल कर रहे हैं। इस यूनिवर्सिटी को ध्वस्त किया जा रहा है। अगर ऐसा होता है तो रामपुर के शिक्षा के क्षेत्र को बहुत बड़ा नुकसान होगा और यहां के नौजवानों का मुस्तकबिल अंधकार में चला जाएगा। कहा कि ये किसी पार्टी या व्यक्ति का मामला नहीं है, ये तालीम और रामपुरके मुस्तकबिल का मामला है शिक्षा के इदारे को बचाना सरकार और हम सबकी जिम्मेदारी है। इस कदम से प्रदेश सरकार की छवि खराब होगी।

# प्रमुख सचिव की बैठक में उठा जिला अस्पताल की पानी की पाइपलाइन का मुद्दा

- प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रहे मौजूद

जागरण मोर्चा, कार्यालय


प्रमुख सचिव की ऑनलाइन बैठक में जुड़े हुए सीएमएस। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य प्रमुख सचिव की बैठक में प्रदेश के सभी जनपदों में लग रही पाइपलाइन का मुद्दा उठा। जिसमें जिला चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि अस्पताल परिसर में पाइपलाइन का कार्य निर्माणाधीन है। कार्य सुस्त गति होने पर कार्यदायी संस्था को चेतावनी पत्र जारी करते हुए कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने को कहा है।

शुक्रवार करीब 12 बजे लखनऊ में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य प्रमुख सचिव ने जनपद के सभी सीएमओ, सीएमएस की आनलाइन बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी जनपदों के चिकित्सालयों की फीडबैक ली। एक-एक करके सभी सीएमओ से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सीएमएस अस्पताल के बारे में जानकारी ली। जब बारी जनपद रामपुर की आई तो सीएमएस से निर्माणाधीन पाइपलाइन के बारे में पूछा।

इस पर सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि कार्य को जल्द ही पूर्ण करने के लिए कार्यदायी संस्था को पत्र देकर चेतावनी दी है इसके अलावा जिला अस्पताल में रोगियों की मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा।

# बच्चों ने आम महोत्सव में लिया हिस्सा

जागरण मोर्चा कार्यालय


आम महोत्सव में हिस्सा लेते बच्चे। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीपुर ठेका बिलासपुर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, स्थानीय फलों के महत्व, मौसमी फलों का उपयोग तथा स्वस्थ खान-पान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आम महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आओ - पहचानें,चखें ,सीखें, पोषण,स्वास्थ्य, पर्यावरण, संस्कृति थीम पर किया गया।

उच्च प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों के लिए आम के पोषण तत्वों , औषधीय गुण, विभिन्न प्रजातियों, आम से बनने वाले व्यंजनों तथा पर्यावरण संरक्षण में फलदार वृक्षों के महत्व पर लघु प्रश्नोत्तरी का आयोजन कराया गया. जबकि प्राथमिक स्तर पर आम बनाओ प्रतियोगिता तथा मुझे आम क्यों पसंद है पर विचार प्रस्तुत करने के लिए कहा गया स्वास्थ्य मंत्री इलमा ने बच्चों को मौसमी फलों के नियमित सेवन, पौष्टिक भोजन अपनाने तथा अधिक से अधिक फलदार पौधे लगाने का संदेश दिया गया।

प्रधानाध्यापक नितिन राजपूत ने पर्यावरण संतुलन हेतु बच्चों से आम खाने के उपरांत बची हुई गुठली को जमीन में बोने का आवाहन करते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनकी नियमित देखभाल करने के लिए भी प्रेरित किया।

अभियान | गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं का अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराएं

# जिले में 22 जुलाई से शुरू होगा खुरपका-मुँहपका टीकाकरण अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** जिले में पशुओं को खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) जैसी संक्रामक बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग द्वारा 22 जुलाई से 4 सितंबर तक व्यापक टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. चतुर्वेदी ने बताया कि इस अभियान के लिए जनपद के सभी छह विकास खंडों में टीकाकरण के लिए 2,63,250 डोज वैक्सीन प्राप्त हो चुकी है। विभाग द्वारा तैयार माइक्रोप्लान के अनुसार प्रत्येक विकास खंड में टीमें गठित कर घर-घर एवं निर्धारित स्थलों पर पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) गोवंश एवं महिषवंशीय पशुओं में फैलने वाला अत्यंत संक्रामक रोग है। समय पर टीकाकरण कराने से इस बीमारी की प्रभावी रोकथाम की जा सकती है। इससे पशु स्वस्थ रहते हैं, उनकी दुग्ध एवं उत्पादन क्षमता प्रभावित नहीं होती तथा पशुपालकों को आर्थिक नुकसान से भी बचाया जा सकता है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जनपद के सभी पशुपालकों से अपील की है कि अपने क्षेत्र में विभागीय टीम के पहुंचने पर अपने सभी गौवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं का अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराएं तथा अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण ही पशुओं को खुरपका-मुँहपका जैसी गंभीर बीमारी से बचाने का सबसे प्रभावी उपाय है।

# तालीमी इदारों को निशाना बनाना मुल्क के मुस्तकबिल के साथ नाइंसाफी: फैसल लाला

- जौहर विवि के 38 भवनों को लेकर जताई गहरी चिंता

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रवक्ता फैसल खां लाला ने जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों को ध्वस्त किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि तालीमी इदारों को निशाना बनाकर तलबा के मुस्तकबिल से खिलवाड़ करना किसी भी लिहाज से कबिल-ए-कबूल नहीं है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सियासी मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन उन मतभेदों की कीमत छात्रों और शिक्षा संस्थानों को नहीं चुकानी चाहिए। जौहर यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले हज़ारों छात्रों का भविष्य किसी भी राजनीतिक विवाद से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। तालीम पर बुलडोज़र चलाने वाले हुक्मरानों को आने वाली नस्लें हिकारत की नज़र से याद रखेंगीं। किसी भी सरकार का फर्ज शिक्षा संस्थानों को मज़बूत करना और नौजवानों के बेहतर मुस्तकबिल की राह आसान करना है, न कि ऐसे कदम उठाना जिनसे विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो।

## सार संक्षेप


प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन करते एसडीएम आशुतोष कुमार।

### प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया हिस्सा

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के किरा गांव स्थित नवोदय विद्यालय में दो दिवसीय संकुल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। एसडीएम आशुतोष कुमार ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में नवोदय विद्यालय रामपुर, बिजनौर, नैनीताल, बरेली एवं बागेश्वर सहित पांच विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उप–जिलाधिकारी ने छात्र–छात्राओं से खेल भावना अपनाते हुए खेलने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जीत के साथ हार को भी सहर्ष स्वीकार कर मानसिक रूप से सबल बनने का संदेश दिया। प्रतियोगिता का निर्णय निष्पक्ष रूप से करने के लिए जिला स्तरीय चार सदस्यीय निर्णायक मंडल को आमंत्रित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य करन सिंह, उप–प्राचार्य नरेश कुमार, शारीरिक शिक्षा शिक्षक रणजीत सिंह, शारीरिक शिक्षा शिक्षिका गीता वर्मा आदि रहे।

### रंजिश के चलते बुजुर्ग को लाठी डंडों से पीटा

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र के ढकिया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट व जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित शक्ति सिंह पुत्र यादराम सिंह, निवासी ग्राम ढकिया ने कोतवाली शाहाबाद में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है।16 जुलाई की शाम पौने आठ बजे पीड़ित के पिता यादराम सिंह अपने घर में सोने जा रहे थे। इसी दौरान कुंवरपाल पुत्र साधु सिंह, देशपाल पुत्र साधु सिंह, प्रशांत पुत्र कुंवरपाल सिंह तथा लविश कुमार पुत्र देशपाल सिंह निवासी ग्राम ढकिया ने किसी पुरानी बात को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी–डंडों, लात–घूंसों तथा लोहे के सब्बल से पीड़ित के पिता की जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हें मृत समझकर मौके से फरार हो गए।घटना के बाद पीड़ित शक्ति सिंह कोतवाली शाहबाद पहुंचे और तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने व आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है।



क्षय रोगियों को पोषण आहार देतीं सीएमओ। –जागरण मोर्चा

### टीबी से जूझ रहे 100 रोगियों को दिया पोषण आहार

**रामपुर।** निश्चय मित्र पहल के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षय रोग से जूझ रहे मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये पोषण आहार किट वितरित की गई। इस दौरान कुल 100 लाभार्थियों को पोषण आहार किट प्रदान की गई। सदर तहसील सदर के 20, ब्लॉक स्वार के 80 रोगियों को पोषण पोटली वितरण की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी लाभार्थियों को उनके स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर किट भी दी गई। यह वितरण कार्यक्रम नीरू मैंथाल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि टीबी के इलाज में दवाओं के साथ–साथ सही पोषण का होना अत्यंत अनिवार्य है। समाज के सक्षम लोगों द्वारा मरीजों को गोद लेना और उनकी मदद करना प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में एक बड़ी भूमिका निभाता है। कहा कि वे आगे आकर निक्षय मित्र बनें और टीबी उन्मूलन में अपना योगदान दें। इस अवसर पर अखलाक अली, कामरान रहमत, सईद अहमद, तौहिद खान एवं समस्त कर्मचारियों ने उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया।

### टांडा पुलिस पर फर्जी मुकदमा दर्ज करने और रिश्वत मांगने का आरोप

**टांडा।** अमरपाल पुत्र डालचन्द निवासी मातीपुर उर्फ मैनी थाना मूंढा पांडे जिला मुरादाबाद ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कोतवाली टांडा के एक दरोगा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अमरपाल ने बताया कि 11 जुलाई 2016 की रात करीब 8 :20 बजे उनके चाचा के बेटे राजवीर ने फोन पर सूचना दी कि उनके पिता डालचन्द और भाई कैलाश को चौकी सैदनगर कोतवाली टांडा क्षेत्र में बहनोई राजेश पुत्र नन्हे सिंह तथा उसके साथियों ने मारपीट की है। घटना की सूचना मिलते ही अमरपाल बाइक से सैदनगर चौकी पहुंचे। वहां घायलों को लेकर थाना टाण्डा गए। थाने में उप निरीक्षक लाजपत सिंह ने अमरपाल और उनके परिचित रोहित सैनी को धक्का देकर बाहर निकाल दिया। पुलिस ने मारपीट की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज नहीं की, बल्कि उल्टे अमरपाल के विरुद्ध संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कर दी। अमरपाल ने आरोप लगाया कि उप निरीक्षक लाजपत सिंह ने उनसे आधार कार्ड मंगवाकर 40 हजार रुपये रिश्वत मांगे और कहा कि पैसा देने पर उनका नाम विवेचना से निकाल देंगे। पीड़ित ने बताया कि घटना के समय वे उधम सिंह नगर में थे और उपस्थित ही नहीं थे, फिर भी बिना जांच के उनका नाम फर्जी मुकदमे में जोड़ दिया गया। अमरपाल ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उनके विरुद्ध दर्ज मुकदमे को रद्द किया जाए, उप निरीक्षक लाजपत सिंह के खिलाफ कार्रवाई हो और उन्हें न्याय दिलाया जाए।

### तहसीलों में होगा समितियों का गठन: अवतार सिंह

**रामपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा की कार्यकारिणी की बैठक सभापति अवतार सिंह की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में हुई। बैठक में कई मुद्दो पर विचार किया गया। सर्वसम्मति से तय पाया कि रेड क्रॉस सोसाइटी के उद्देश्यों को पूरा करने के लियें सोसायटी के नियम अनुसार तहसीलों की समितियां का गठन किया जाएगा। सभी विद्यालयों, इंडस्ट्रीज और संभ्रांत व सम्मानित लोगों से मिलकर रेड क्रॉस सोसाइटी की सदस्यता ग्रहण करायी जाएगी। सोसायटी का अंशदान विद्यालयों द्वारा रेड क्रॉस सोसायटी के बैंक खाता में जमा कराया जाएगा। इस अवसर पर नरेंद्र पाल सिंह, डॉक्टर अब्दुल रऊफ, डॉ. अब्दुल सलाम, हमशाद अली, मौलाना असलम जावेद कासमी, डॉक्टर नोमान अहमद खान, प्रतीक शर्मा आदि उपस्थित रहे।



सीएमओ कार्यालय में सोसायटी की आयोजित बैठक में शामिल पदाधिकारी।

# मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा श्री गणेश व श्रीराम की प्रतिमा का वर्चुअल अनावरण


श्री गणेश मंदिर के सामने स्थापित 145 फुट की गणेश प्रतिमा।


रामबाग धाम परिसर में स्थापित 51 फुट ऊंची श्रीराम की प्रतिमा।

## लोगों में खुशी का माहौल, बड़ी संख्या में दोनों प्रतिमाओं के पास मौजूद रहेंगे लोग

### मुख्यमंत्री योगी के दौरे को लेकर सम्भल में रहेगा रूट डायवर्जन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 18 जुलाई को प्रस्तावित सम्भल दौरे को देखते हुए जनपद पुलिस ने व्यापक यातायात व्यवस्था लागू की है। कार्यक्रम के दौरान वीवीआईपी मूवमेंट को सुरक्षित एवं सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न मार्गों पर रूट डायवर्जन लागू रहेगा। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से निर्धारित डायवर्जन प्लान का पालन करने की अपील की है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जारी यातायात व्यवस्था के अनुसार बहजोई से सम्भल जाने वाले सभी भारी वाहन चन्दौसी होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। इसी प्रकार सम्भल से बहजोई आने वाले भारी वाहनों को भी चन्दौसी मार्ग से होकर गुजरना होगा। रजपुरा की



ओर से आने वाले समस्त वाहनों को फरीदपुर तिराहे से पाठकपुर होते हुए बहजोई मार्ग से अपने गंतव्य की ओर भेजा जाएगा। वहीं बेहटा जय सिंह चौराहे से नवीन पुलिस लाइन की ओर केवल मुख्यमंत्री कार्यक्रम से संबंधित अधिकृत वाहनों को ही प्रवेश मिलेगा। अन्य किसी भी हल्के अथवा भारी वाहन के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। यातायात व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए सम्भल तिराहा (थाना बहजोई), चौधरी सराय चौराहा (थाना सम्भल), फरीदपुर तिराहा (थाना बहजोई), कैलादेवी तिराहा (थाना बहजोई) तथा बेहटा जय सिंह चौराहा (थाना बहजोई) को प्रमुख डायवर्जन प्वाइंट बनाया गया है। इन स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहेगा, जो वाहनों को वैकल्पिक मार्गों की ओर निर्देशित करेगा। पुलिस प्रशासन ने आमजन एवं वाहन चालकों से अपील की है कि यात्रा से पहले निर्धारित रूट की जानकारी अवश्य प्राप्त करें तथा डायवर्जन व्यवस्था का पालन करते हुए पुलिस कर्मियों का सहयोग करें। इससे मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहेगी और अनावश्यक जाम एवं असुविधा से बचा जा सकेगा।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शनिवार को बहजोई में दौरा प्रस्तावित है। वह संभल में जनसभा को संबोधित करने के साथ-साथ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री चन्दौसी के प्रसिद्ध श्री गणेश चौथ मेले के संस्थापन द्वारा बनवाई गई 145 फुट ऊंची श्री गणेश की प्रतिमा व श्रीराम बाग धाम स्थित श्रीराम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा का वर्चुअल अनावरण करेंगे।

गणेश चतुर्थी मेले के पदाधिकारी व मेला संस्थापक डा. गिरिराज किशोर के पुत्र मनोज कुमार मीनू ने बताया कि उनके पिता ने काफी प्रयास के बाद श्री गणेश मंदिर के सामने भगवान गणेश की 145 फुट ऊंची प्रतिमा बनवाई थी। उनकी इच्छा था कि गणेश प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री योगी द्वारा किया जाए। उनके पिता डा. गिरिराज किशोर ने पहली 1961 में भगवान गणेश की मिट्टी प्रतिमा बनाई थी। इस बार गणेश मेले का 12 सितंबर को आरंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रतिमा का अनावरण किए जाने की सूचना पर डा. गिरिराज किशोर के परिवार व शहरवासियों में खुशी का माहौल है।

वहीं रामबाग धाम परिसर में बनाई गई श्रीराम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा का भी अनावरण शनिवार को मुख्यमंत्री द्वारा अर्चुअल अनावरण किया जाएगा। श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट के प्रधान मौसम गुप्ता ने बताया कि शनिवार को मुख्यमंत्री द्वारा श्रीराम की प्रतिमा का अर्चुअल अनावरण होने से खुशी हो रही है। कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि प्रदेश के मुखिया द्वारा श्रीराम की प्रतिमा का अर्चुअल अनावरण हो रहा है।

# चंदौसी में सपा का पीडीए सम्मेलन, 2027 के लिए बूथ मजबूत करने का आह्वान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** चंदौसी सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को समाजवादी पार्टी की ओर से विशाल पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बूथ, सेक्टर, जोन एवं वीएलए स्तर के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। सम्मेलन स्थल समाजवादी पार्टी के झंडों और कार्यकर्ताओं के नारों से गूंजता रहा।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा



चुनाव को देखते हुए अभी से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना होगा। महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं और पेपर लीक जैसे मुद्दों को जनता के बीच ले जाने का आह्वान करते हुए उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से कम से कम 10 नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का संकल्प लेने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की आवश्यकता पर भी जोर दिया। जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी की सरकार बनने पर रोजगार सृजन, शिक्षा और सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने कहा कि सम्मेलन में विभिन्न वर्गों की बड़ी भागीदारी यह संदेश देती है कि समाजवादी पार्टी सभी समाज और वर्गों की पार्टी है। वहीं गुन्नौर विधायक राम खिलाड़ी यादव ने कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को बिलारी विधायक फहीम इरफान, पूर्व मंत्री अकिल उर रहमान, चंदौसी की पूर्व प्रत्याशी विमलेश कुमारी, जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधर सहित कई नेताओं ने भी संबोधित किया। सम्मेलन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल एवं जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी के नेतृत्व में रेनू कुमारी, विजय शर्मा, पूरनलाल कश्यप समेत कई लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधर ने किया। सम्मेलन में पार्टी के अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर एएसपी दक्षिणी ने दिया जोर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** जनपद में अपराधों की विवेचना और शिकायतों के त्वरित निस्तारण को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत ने शुक्रवार को थाना बबराला, जुनावई, गुन्नौर एवं रजपुरा का निरीक्षण कर अर्दली रूम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न थानों में लंबित विवेचनाओं और शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान एएसपी ने विवेचकों से एक-एक प्रकरण की प्रगति की जानकारी ली और अनावश्यक रूप से लंबित मामलों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विवेचना विधिक प्रक्रिया के अनुरूप निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी की जाए, ताकि पीड़ित पक्ष को समय पर न्याय मिल सके।

उन्होंने विवेचकों को निर्देशित किया कि लंबित विवेचनाओं का जल्द से जल्द निस्तारण करते हुए आवश्यक साक्ष्यों का समय पर संकलन करें तथा प्रत्येक


लंबित विवेचनाओं को लेकर बैठक लेते एएसपी।

शिकायत का गंभीरता से परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही चेतावनी दी कि विवेचना में अनावश्यक विलंब या लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण तथा विवेचना की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। एएसपी ने कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें।

# रोटरी के शपथ ग्रहण समारोह में ली शपथ

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब फ्रेंड्स का शपथ ग्रहण समारोह व ऑफिशियल विजिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पायल गौर मौजूद रहीं। कार्यक्रम में रोटरी मैन, रोटरी लक्ष्य, रोटरी भारत, रोटरी सिटी स्टार व रोटरी रॉयल के अध्यक्ष एवं सचिव सहित रोटरी मंडल 3100 के पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौसम गुप्ता ने कहा कि कार्यालय पर ऑफिशियल विजिट का कार्य पूरा हुआ है। वर्ष 2026-27 के नवनियुक्त अध्यक्ष गणेश चौधरी, सेक्रेटरी पीसी वार्ष्णेय व कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता को कॉलर पहनाकर बोर्ड के सदस्यों के साथ शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि पायल गौर ने क्लब पदाधिकारियों व सदस्यों को रोटरी के मूल मंत्र समझाए और भविष्य में किए जाने वाले सेवा कार्यों के लिए उत्साहवर्धन किया। सभी सदस्यों को प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सागर शर्मा, संजीव बंसल, संजय रस्तोगी, विजय कुमार, संजय कुमार, अंकित जैन, अजय वार्ष्णेय, सचिन रस्तोगी, पराग अग्रवाल, अनुज गुप्ता, शरद चंद्र, संजीव काका, अमित अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, अतुल गुप्ता, रुकमेश बंधु आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद रोटरी क्लब के पदाधिकारी।



महिला पदाधिकारी को सम्मानित करतीं क्लब पदाधिकारी।

# सुंदर कांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से गोलागंज स्थित शिव धाम मंदिर परिसर में श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें अनिल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। इसके पश्चात केजी शर्मा, राकेश शंखधार, अजय सक्सेना, रमेश ग्रेवाल, जितेंद्र मग्गो, शीला मग्गो, अजीत ठाकुर, राजीव शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व श्री सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने कीजो केसरी के लाल, मेरा छोटा सा यह काम, मेरी राम जी से कह देना जय सिया राम, गुलशन अरोरा ने श्री राम जानकी बैठे हैं, मेरे सीने में आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अंत आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। रमेश ग्रेवाल, गुलशन अरोरा, आलोक दुबे, कल्पना वार्ष्णेय, बृजेंद्र शर्मा, जवाहर ग्रोवर, महेंद्र बजाज, कमल कुमार, आकाश आहूजा, प्रिंस अरोरा आदि मौजूद रहे।


मंदिर परिसर में सुंदर कांड का पाठ करते ट्रस्ट पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**कार्रवाई** तहसीलदार के आदेश के बाद प्रशासन की कार्रवाई, जेसीबी चलाकर राजस्व भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त

# ग्राम समाज की बंजर भूमि से हटाया गया कथित अवैध इमामबाड़ा और मजार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** जनपद के ग्राम मुकर्रबपुर में ग्राम समाज की बंजर भूमि पर बने कथित अवैध इमामबाड़ा और मजार पर शुक्रवार को प्रशासन का पीला पंजा चल गया। तहसीलदार न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा-67 के तहत पारित बेदखली आदेश के अनुपालन में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया। कार्रवाई के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा और पूरी प्रक्रिया प्रशासन की निगरानी में संपन्न कराई गई।

तहसीलदार न्यायालय के आदेश के अनुसार ग्राम मुकर्रबपुर स्थित गाटा संख्या-765, रकबा 0.295 हेक्टेयर, राजस्व अभिलेखों में ग्राम समाज की बंजर भूमि दर्ज है। इस भूमि के 0.0312 हेक्टेयर हिस्से पर कथित रूप से अवैध इमामबाड़ा और मजार का निर्माण कर कब्जा किया गया था। हल्का लेखपाल की रिपोर्ट पर धारा-67 के तहत वाद दर्ज कर सुनवाई की गई थी।


अवैध कब्जा हटाती जेसीबी। -जागरण मोर्चा

सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग ने पैमाइश, फोटोग्राफ और अन्य साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए। साथ ही सार्वजनिक सूचना प्रकाशित कर संबंधित पक्षों को दावा प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया, लेकिन निर्धारित अवधि में कोई भी व्यक्ति निर्माण पर अपना स्वामित्व या अधिकार सिद्ध नहीं कर सका।

उपलब्ध अभिलेखों और राजस्व रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने निर्माण को ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण मानते हुए बेदखली के आदेश जारी किए थे। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में शुक्रवार को प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और जेसीबी से अतिक्रमण हटाकर ग्राम समाज की भूमि को कब्जामुक्त कराया। राजस्व अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई नियमानुसार पूरी कर ली गई है और इसकी अनुपालन आख्या न्यायालय को भेजी जाएगी।

## सार संक्षेप

### अधिक शराब के सेवन से युवक की मौत

**गजरौला।** नगर के एक मौहल्ला निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताते हैं कि वह शराब पीने का आदी था। घटना से परिजनों में चीख पुकार मची है। जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला बसंत विहार में स्व-महेन्द्र सिंह का दूसरे नंबर का पुत्र मोहित शराब पीने का आदी थी। वह मेहनत मजदूरी करके अपना गुजारा करता था। बताते हैं कि वह बीते दिन वह घर पर भी नहीं आया था। सुबह के समय वह घर पर आया था। साढ़े दस बजे के करीब उसने पानी भी पिया और उसके बाद सो गया। उसके बाद वह शाम तक नहीं जागा। परिजनों और आसपास के लोग उसे मोहित को तुरंत गजरौला स्थित सीएचसी लेकर पहुंचे मगर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### स्वामी प्रसाद मौर्य व इकबाल महमूद के मामले में सुनवाई 4 अगस्त को

**चंदौसी।** हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी/एमएलए कोर्ट में स्वामी प्रसाद मौर्य व नवाब इकवाल महमूद के खिलाफ याचिका दायर की थी। इस मामले में सुनवाई 4 अगस्त को होगी। एक दूसरी याचिका में सांसद इमरान मसूद मामले में भी इसी दिन सुनवाई होगी । हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता ने अपर न्यायिक मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत में 21 अगस्त 2025 को सपा विधायक नवाब इकबाल महमूद व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ याचिका दायर की थी। दोनों के खिलाफ कांवड यात्रा के दौरान शिव भक्तों व कांवडियों को गुंडा व अराजक तत्व बताए जाने के आरोप में याचिका दाखिल की गई है। इसमें गवाहों के बयान भी हो चुके हैं। दूसरे मामले में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद मामले में सिमरन गुप्ता व एक अन्य के बयान हो चुके। दूसरा परिवाद सिमरन गुप्ता, जो शहीद कर्नल सुरेश गुप्ता द्वारा सांसद इमरान मसूल के खिलाफ दायर किया गया था। दायर परिवाद में कहा गया है कि बीते 28 अक्टूबर 2025 को टीवी और सोशल मीडिया के जरिए उन्हें जानकारी मिली कि सांसद द्वारा दिया गया एक बयान स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह से जुड़ा है, जिसे परिवादी ने आपत्ति जनक बताया है। उनका आरोप है कि इस कथित टिप्पणी से शहीदों की गरिमा को ठेस पहुंची है। परिवादी ने अपने बयान में यह भी उल्लेख किया कि वह शहीद परिवार से संबंध रखते हैं और उनके भाई ने भी कारगिल युद्ध में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। ऐसे में इस तरह के बयानों से उन्हें व्यक्तिगत रूप से गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया है कि मामले को संज्ञान में लेकर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लग सके। फिलहाल न्यायालय में दर्ज परिवाद के आधार पर आगे की विधिक प्रक्रिया जारी है। अब इन दोनों मामलो की सुनवाई 4 अगस्त को होगी।

### प्रवेश के लिए आज उपस्थित हो छात्राएं

**चन्दौसी।** एनकेबीएमजी कालेज की बीएड विभाग की प्रवेश समन्वयक डा. भावना विष्ट ने बताया कि बीएड प्रथम वर्ष सत्र 2026-27 में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांकी द्वारा आयोजित बीएड संयुक्त प्रवेश परामर्श (काउंसलिंग) प्रक्रिया के अंतर्गत जिन अभ्यर्थियों का महाविद्यालय में सीट आवंटन हुआ है, वह अपने समस्त मूल अभिलेखों, उनकी स्वप्रमाणित छात्राप्रतियों, पासपोर्ट आकार के फोटो तथा निर्धारित प्रवेश शुल्क के साथ 18 जुलाई को महाविद्यालय उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।


युवक का उपचार करते चिकित्सा कर्मी।

### जहरीले कीड़े ने युवक को काटा, रेफर

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा में 30 वर्षीय युवक को शुक्रवार को जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर युवक को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। गांव बनियाखेड़ा में शुक्रवार की सुबह 5 बजे रामबाबू 30 वर्ष को सोते समय जहरीले कीड़े ने कंधे पर काट लिया। युवक की हालत बिगड़ी तो परिजनों उसे आसपास झाड़-फूंक वालों के यहां उपचार कराते रहे। जब युवक की हालत बिगड़ी तो परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### शिव बारात में 12 ज्योतिर्लिंग की झांकी होगी

**चन्दौसी।** कांवड़ सेवा समिति की बैठक कैथल गेट स्थित चन्दौसी इंटर कालेज के निकट शिव मंदिर पर संपन्न हुई। जिसमें कांवड़ सेवा समिति अध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि सावन माह में निकलने वाली शिव की बारात को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि कांवड़ लाने वाले कांवड़ियों को शहर में जर्जर सड़कों पर चलना पड़ेगा। कहा कि शिव बारात में इस बार आकर्षण का केंद्र 12 ज्योतिर्लिंग की झांकी रहेगी। राजकोट गुजरात से अशोक बिहानी जी द्वारा महादेव का गुणगान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रवीण गुप्ता, ज्ञान प्रकाश शर्मा, विजय कुमार, तरुण नीरज, गिरीश चंद्र, विमल चौधरी, सौरभ, बंटी, मनोज, श्याम, राजीव, कालू, दिलीप वार्ष्णेय, मनोज, श्याम, अमर शर्मा, मानव, किशोर, मुकेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### दिव्य संतों के सान्निध्य से धन्य हुआ टीएमयू

**मुरादाबाद।** कभी-कभी इतिहास ऐसे क्षणों का साक्षी बनता है, जो केवल घटनाएं नहीं होतीं, बल्कि पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाते हैं। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के लिए ऐसा ही एक गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय अवसर तब आया, जब चर्या शिरोमणि, आध्यात्मिक योगी, पट्टाचार्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज अपने 24 संतों सहित कुल 25 मुनिराजों के ससंघ यूनिवर्सिटी परिसर पधारे। उनके दिव्य चरणों से टीएमयू का प्रत्येक कोना आध्यात्मिक ऊर्जा, श्रद्धा, संयम और ज्ञान की पवित्र आभा से आलोकित हो उठा। गुरुवार सायंकाल यूनिवर्सिटी के मुख्य प्रवेश द्वार पर कुलाधिपति परिवार, यूनिवर्सिटी प्रशासन, शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर आचार्य श्री एवं ससंघ का भावभीना स्वागत किया। णमोकार मंत्र के पावन उच्चारण, मंगल गीतों और भक्ति की मधुर स्वर लहरियों के बीच सम्पूर्ण वातावरण ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो स्वयं आध्यात्मिकता धरती पर अवतरित हो गई हो। ससंघ सबसे पहले यूनिवर्सिटी जिनालय पहुंचे, जहां विधि-विधान से आचार्य श्री का पाद-प्रक्षालन, मंगल आरती एवं भव्य पूजन सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात संत भवन तक निकली मंगल यात्रा श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, अनुशासन और विनम्रता का अनुपम दृश्य बन गई। यूनिवर्सिटी के रिद्धि-सिद्धि भवन में शुक्रवार प्रातः भगवान महावीर की पावन शांतिधारा, अष्ट-द्रव्य अर्घ समर्पण का भव्य एवम् आध्यात्मिक आयोजन हुआ। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन एवम् उनके परिवार ने प्रथम जल-अर्घ समर्पित कर पूजा का शुभारंभ किया। इसके उपरांत दिगंबर जैन समाज, विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं, विश्वविद्यालय परिवार तथा देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे श्रद्धालुओं ने क्रमशः चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप एवं फल अर्पित कर अपनी अटूट श्रद्धा व्यक्त की।



# बाहरी हिस्से पर तांबे की परत, अंदर सीमेंट भर ठगी, तीन शातिर गिरफ्तार

## नकली कॉपर वायर बेचकर लाखों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

- पूरे 1200 किलो माल में मात्र 20 किलो ही असली कॉपर निकला था

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**मुरादाबाद।** स्क्रैप के नाम पर सीमेंट भरा तार बेचकर लाखों की ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह को सिविल लाइंस पुलिस ने धरदबोचा है। आरोपियों का तरीका बेहद शातिराना था - असली तांबे के तार के अंदर से तांबा निकालकर उसमें सीमेंट भर देना और बाहर से कॉपर की परत चढ़ाकर कबाड़ियों को ठगना। पुलिस ने मौके से 128 बंडल नकली वायर, 2 कारें और अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। सुल्तानपुर निवासी स्क्रैप कारोबारी नीरज बरनवाल ने थाना सिविल लाइंस में तहरीर देकर बताया कि उन्होंने साथी रवि जायसवाल के साथ यूपीपीसीएल का स्क्रैप ठेकेदार बनकर आए कुछ लोगों से करीब 1200 किलोग्राम कॉपर वायर स्क्रैप का सौदा 5.30 लाख रुपये में किया था।

माल की जांच करने पर होश उड़ गए। तार के बाहरी हिस्से पर सिर्फ तांबे की परत थी, जबकितार के बाहरी हिस्से पर सिर्फ तांबे की परत थी, जबकि अंदर सीमेंट भरा हुआ था। पूरे 1200 किलो माल में मात्र 20 किलो ही असली कॉपर निकला। अंदर सीमेंट भरा हुआ था। पूरे 1200 किलो माल में मात्र 20 किलो ही असली कॉपर निकला।

घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी के निर्देश पर थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना के नेतृत्व में टीम गठित की गई। विवेचना और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शुक्रवार दोपहर अगवानपुर रोड स्थित निर्माणाधीन बाईपास पुल के पास दबिश देकर भूरा अली, जाने आलम और इकबाल को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे निर्माणाधीन फैक्ट्रियों और भवनों से कॉपर वायर चोरी करते थे। तारों के अंदर से तांबा निकालकर उसमें सीमेंट भर देते थे और किनारों पर असली कॉपर लगाकर उसे असली स्क्रैप बताकर बेच देते थे। पुलिस से बचने के लिए ये लोग फर्जी आधार कार्ड इस्तेमाल करते थे और विरोध करने पर डराने के लिए अवैध तमंचे भी साथ रखते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 कारें - मारुति ब्रेजा और किया सोनेट, 128 बंडल नकली कॉपर वायर स्क्रैप, 2 असली और 3 फर्जी आधार कार्ड, 1800 रुपये नकद, 3 अवैध .315 बोर तमंचे और 6 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार तीनों पर मुरादाबाद, बाराबंकी और बदायूं में लूट, चोरी, धोखाधड़ी और गैंगस्टर एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और इनकी अन्य वारदातों की जांच कर रही है।

इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना, उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र गिरि, संजय कुमार, आशीष कुमार सहित सिविल लाइंस पुलिस की टीम शामिल रही।

### भाकियू शंकर की पंचायत में उठीं क्षेत्र की समस्याएं

**हसनपुर, संवाददाता।** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव में स्थित शिव मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार भारतीय किसान यूनियन शंकर की मासिक पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में वक्ताओं ने क्षेत्र की तमाम समस्याओं पर गहन विचार-विमर्श कर सात प्रमुख मांगे उठाई।भाकियू ने मां अवंतिका देवी मंदिर के सामने बने पैंटर्न पुल पर अनहोनी की आशंका जताते हुए मलकपुर के सामने पक्के पुल, इलेक्ट्रॉनिक शवदाह गृह के निर्माण व हरिद्वार की तर्ज पर सौंदर्यीकरण की मांग की। इसके अलावा चचोरा बिजली घर से सुचारू आपूर्ति देने, सिरसा एतमाली से सिलारा हरि बाबा धाम तक कावड़ मार्ग को पक्का कराने तथा आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भिजवाने की मांग की गई। ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारी इन समस्याओं के निराकरण हेतु शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपेंगे। बैठक की अध्यक्षता कमल सिंह ठाकुर ने की तथा संचालन डॉक्टर सतपाल सिंह ने किया।

## सार संक्षेप

### बिजली घर में तोड़फोड़ व लाइनमैन स्टाफ से मारपीट

**हसनपुर, संवाददाता।** नगर में स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर गुरुवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कुछ दबंग युवकों ने बिजली घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। आरोपियों ने वहां तैनात स्टाफ के साथ मारपीट की और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता अजय कुमार ने शुक्रवार को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि गुरुवार की देर रात एक मोहल्ले के चार-पांच युवक अचानक बिजली घर में घुस आए आरोपियों ने ड्यूटी पर मौजूद लाइनमैन स्टाफ के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। दबंगों ने कर्मचारियों के खाने का सामान फेंक दिया और कार्यालय में जमकर तोड़फोड़ की। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस को देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि अवर अभियंता की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है। आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शराब सेल्समैन से मारपीट कर 32 हजार रुपये व बाइक लूटी, जांच में जुटी पुलिस

**हसनपुर, संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के गंगा एक्सप्रेसवे के एक गांव के निकट बाइक सवार बदमाशों ने शराब सेल्समैन के साथ मारपीट कर 32 हजार रुपये व बाइक लूट ली। वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर डायल 112 और कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रहरा थाना क्षेत्र के गांव मटीपुरा निवासी सुखवीर सिंह शराब सेल्समैन है वह सैद नंगली थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर बकाल स्थित शराब की दुकान से गुरुवार रात करीब 11 बजे दुकान बंद कर बाइक से वापिस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह गंगा एक्सप्रेसवे के निकट सर्विस रोड पर मंगरोला गांव के पास पहुंचा, तभी पीछे से एक बुलेट बाइक पर आए चार बदमाशों ने उसे रोक लिया।बदमाशों ने सुखवीर के साथ जमकर मारपीट की और उसके बेग मे रखी 32, हजार रुपए की नगदी लूटकर फरार हो गए। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत जांच पड़ताल शुरू कर घायल को उपचार के लिए नगर के सीएचसी भेज दिया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन शुक्रवार को हालत में सुधार न होने के कारण परिजन घायल को मेरठ ले गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि घटना के संबंध में तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




### नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर सिंह का भव्य स्वागत, समयबद्ध कार्य करने पर जोर

**हसनपुर, संवाददाता।** गंगेश्वरी विकास क्षेत्र बीआरसी कार्यालय चंदनपुर खादर में नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर सिंह के कार्यभार ग्रहण करने पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने किया। शिक्षकों ने नवागत बीईओ को फूल-मालाएं पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।समारोह को संबोधित करते हुए बीईओ उदयवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा विभाग की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षकों से विभागीय सूचनाओं वऑनलाइन कार्यों को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का आह्वान किया। बैठक में शैक्षिक वातावरण सुधारने व छात्र नामांकन बढ़ाने पर चर्चा हुई।इस अवसर पर राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक राघवेंद्र सिंह, अनिल कुमार, राहुल विकास, जगवीर सिंह, जयवीर सिंह, गौतम सिंह, प्रमोद कुमार, हरिओम सिंह, थान सिंह, बिजेंद्र सिंह, जयपाल सिंह, कमल दीपेंद्र व राहुल सागर आदि उपस्थित रहे।

### नाबालिगों से कुकर्म के आरोपी निलंबित सिपाही को पुलिस ने भेजा जेल



**रहरा।** थाना क्षेत्र में खाकी को शर्मसार करने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने दो नाबालिग बच्चों के साथ कुकर्म करने के आरोपी निलंबित सिपाही अनुराग तोमर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी वर्ष 2015 बैच का सिपाही है और ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के कारण आदमपुर थाने से निलंबित चल रहा था।पीड़ित नाबालिग की मां की तहरीर के अनुसार, करीब 20-25 दिन पहले आरोपी अनुराग तोमर रहरा टेम्पो स्टैंड के पास से उनके 13 व 11 वर्षीय बेटों को शौचालय के पीछे खंडहर में ले गया था। वहां उसने डरा-धमकाकर बच्चों के साथ कुकर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।थाना प्रभारी अमित ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी अनुराग तोमर पुत्र अशोक कुमार निवासी शाहपुर बड़ौली,जनपद बागपत के खिलाफ बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### स्कूटी सवार छात्रा पर एसिड अटैक की कोशिश

**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बेखौफ मनचलों ने दुस्साहस की सारी हदें पार करते हुए कोचिंग से लौट रही एक छात्रा के साथ न सिर्फ छेड़खानी की, बल्कि घर तक उसका पीछा कर उस पर तेजाब फेंकने की कोशिश भी की। अगवानपुर क्षेत्र में रहने वाली 18 वर्षीय छात्रा 10 जुलाई की शाम करीब 7 बजे कोचिंग से पढ़ाई पूरी कर अपने छोटे भाई के साथ स्कूटी से घर लौट रही थी। पीड़िता के पिता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक, जब छात्रा कांठ रोड पर अगवानपुर पुल के पास पहुंची, तभी पीछे से दो युवक अलग-अलग बाइक पर आए और छात्रा के साथ अश्लील छींटाकशी व छेड़खानी करने लगे। घबराकर छात्रा ने अपनी स्कूटी की रफ्तार बढ़ा दी और तेजी से घर की तरफ भागने लगी। आरोपियों का दुस्साहस यहीं नहीं रुका। उन्होंने छात्रा का उसके घर तक पीछा किया। इसी दौरान एक युवक ने छात्रा को निशाना बनाते हुए उस पर एक बोतल फेंकी। पिता का दावा है कि उस बोतल में तेजाब (Acid) था। किस्मत से वह बोतल छात्रा तक नहीं पहुंच पाई और वह किसी तरह अपनी जान बचाकर सुरक्षित घर के अंदर घुस गई, तो छात्रा ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आरोपी भाग निकले, लेकिन उनकी यह पूरी करतूत और तस्वीरें घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### आठ साल की बालिका से दुष्कर्म का प्रयास

**गजरौला।** एक युवक ने मानवता को तार-तार करते हुए एक आठ वर्षीय बालिका के साथ दुराचार का प्रयास किया। किसी तरह बालिका ने उसके चंगु ल से छूटकर अपनी जान बचाई। शोर सुनकर एकत्र हुए किसानों ने बालिका को उसके घर पहुंचाया और परिजनों को पूरी घटना बताई। पुलिस ने आरोपी युवक और उसके भाई के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की आठ वर्षीय पुत्री को एक युवक 14 जुलाई को दोपहर एक बजे बहला-फुसलाकर बाइक पर बैठाकर ले गया। इसके बाद वह बालिका को चरी व तौरी के ऽेत में ले गया और वहां पर उसके साथ गलत हरकत करनी शुरू कर दी और उसका ट्राउजर निकाल दिया। उसके साथ दुष्कर्म करने के लिए वह अपने वस्त्र निकालने लगा, इसी बीच मौका पाकर बालिका वहां से शोर मचाते हुए भाग ऽड़ी हुयी। शोर सुनकर ऽेतों में काम कर रहे लोगों ने उसे बचाया और वस्त्र आदि पहनाये। सब लोग बालिका को लेकर उसके घर पहुंचे जहां पर बालिका ने अपने परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी।

### भारत राष्ट्रीय सेवक संघ की सभा में अजब सिंह बने मंडल अध्यक्ष

**हसनपुर, संवाददाता।** गंगेश्वरी ब्लाक क्षेत्र के गांव बुराबली में शुक्रवार को भारत राष्ट्रीय सेवक संघ की एक सभा आयोजित की गई। सभा में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रोफेसर विनोद नागर ने सर्वसम्मति से अजब सिंह को नया मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया।

इस अवसर पर संगठन की मजबूती और सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्षता ओमपाल सिंह ने की तथा संचालन मास्टर यशपाल सिंह ने किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगत सिंह, राष्ट्रीय सलाहकार धीरज सिंह, उदयवीर सिंह, ठेकेदार मनोज कुमार, राजेंद्र सिंह वैद्य, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक नागर, शेखर नागर, ओमकार प्रधान, प्रमोद नागर, सुनील कुमार, किरन पाल प्रधान, राजेंद्र भाटी, मास्टर मुनेश, मनवीर नागर और अनूप सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# धान रोपते समय खेत में गिरी छात्रा की मौत



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**हसनपुर, संवाददाता।** सैद नगली थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत में धान की रोपाई करते समय एक छात्रा अचानक बेहोश होकर खेत में गिर गई।अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजन सांप के डसने से मौत होने की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार, सैद नगली थाना क्षेत्र के गांव मेहंदीपुर निवासी कुंवर पाल सिंह जाटव की 14 वर्षीय पुत्री त्रिषा उर्फ विनीता कक्षा आठ की छात्रा थी। गुरुवार दोपहर वह संभल जनपद के गांव ज्ञानपुर के जंगल में स्थित खेत में परिवार के साथ धान की रोपाई कर रही थी। इसी दौरान वह अचानक बेहोश होकर पानी भरे खेत में गिर गई।

परिजन आनन-फानन में उसे निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिजनों का मानना है कि पानी में किसी जहरीले सांप के डसने से त्रिषा की मौत हुई है। मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

### ड़क हादसे में चार बहनों के इकलौते भाई की मौत, परिवार में कोहराम

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**हसनपुर, संवाददाता।** गजरौला मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के परिवार में चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार, आदमपुर निवासी 23 वर्षीय विपिन पुत्र स्वर्गीय शिवचरन सैनी गुरुवार शाम बाइक से गजरौला में अपनी बहन के घर जा रहा था। मनोटा पुलिस चौकी के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।



सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल विपिन को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। विपिन अपनी चार बहनों का इकलौता भाई था और खेती कर पूरे परिवार का पालन पोषण करता था। पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेजकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान करने के प्रयास में गंभीरता से जुटी हुई है।

# जौहर यूनिवर्सिटी के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलारी।** बिलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक हाजी मुहम्मद फ़हीम इरफ़ान ने रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के विरुद्ध प्रस्तावित ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर रोक लगाने तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अमनेंद्र सिंह को सौंपा। ज्ञापन में विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि प्रदेश और देश के समग्र विकास के लिए सभी वर्गों को शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जौहर यूनिवर्सिटी से हजारों विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त की है और यदि निर्माण संबंधी किसी प्रकार की अनियमितता पाई गई है तो उसकी निष्पक्ष तकनीकी जांच कराकर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने आग्रह किया कि ध्वस्तीकरण जैसे कठोर कदम से पहले सुधार, जुर्माना अथवा अन्य वैधानिक विकल्पों पर विचार किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई, परीक्षाएं और उनका भविष्य प्रभावित न हो।



एसडीएम बिलारी को ज्ञापन देते विधायक और सभा कार्यकर्ता।

विधायक हाजी मुहम्मद फ़हीम इरफ़ान ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि प्रस्तावित ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाकर स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर तहसीलदार अमनेंद्र सिंह ने ज्ञापन प्राप्त कर उसे नियमानुसार संबंधित स्तर पर प्रेषित किए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, जिला सचिव क़ासिम आज़ाद, सभासद हप्पू राजा, सभासद ज़रीफ़ अंसारी, अकरम सैफी, ललित यादव, मुजीब पाशा, ताहिर अली, आरिश अंसारी, मोहम्मद अजहर अंसारी, शाकिब अंसारी, नईम पाशा, मोहम्मद हस्सान, विश्वजीत सिंह यादव, फैसल इरफ़ान, सुबहान पाशा, रामकिशोर जाटव, रमाकांत सैनी, रूप किशोर कश्यप, अभिनव चौधरी, कपिल राज वाल्मीकि, कय्यूम पाशा सहित अन्य कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पीडीए का सम्मेलन सफल बनाने का आह्वान

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने आज 18 जुलाई को मण्डी धनौरा के विजय पैलेस, धनौरा में आयोजित होने वाले भव्य पीडीए सम्मेलन में समाजवादी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष श्यामलाल पाल के आगमन को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिकाधिक संख्या में सम्मेलन में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। चौधरी भूपेंद्र सिंह ने ग्राम कुआंखेड़ा,बाखरपुर, मिलक, वासीपुर एवं आसपास के गांवों का भ्रमण कर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, समाजवादी पार्टी की पीडीए की विचारधारा, सामाजिक न्याय एवं जनहितकारी नीतियों से प्रभावित है। उन्होंने पीडीए की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अलाउद्दीन सैफी, नरेश चौधरी, डॉ. जाकिर, सत्तार सैफी, अनिल कुमार, जरीफ प्रधान, अब्दुल नाजिर, विजयपाल सिंह, नासिर अली, विक्रम चौहान, आकाश प्रजा. पति, भूप सिंह, रविंद्र प्रधान, संजय प्रधान, अनिल प्रधान, अरुण पालनपुर आदि मौजूद रहे।

### 30 घंटे की तलाश के बाद मिला आसिफ का शव

**मुरादाबाद।** रामगंगा नदी में नहाने के दौरान तेज बहाव में बह गए अमरोहा निवासी आसिफ (25) का शव करीब 30 घंटे बाद गुरुवार को एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया। शव मिलने की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अमरोहा के मोहल्ला दरबारे कलां निवासी आसिफ अपने छोटे भाई अदनान तथा मुजफ्फरनगर निवासी तसब्बुर खान और फरीद के साथ मुरादाबाद के मोरा की मिलक में लोहे की अलमारी बनाने का काम करता था। बताया गया कि गांव का ट्रांसफार्मर खराब होने से दो दिनों से बिजली नहीं थी, जिसके चलते काम बंद था। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए चारों दोस्त चट्टा पुल के पास रामगंगा नदी में नहाने चले गए। नहाने के दौरान नदी का तेज बहाव आसिफ पर भारी पड़ गया और वह गहरे पानी में बह गया। सूचना मिलते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस, एएसपी अभिनव द्विवेदी और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। तेज बहाव के बीच लगातार करीब 30 घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद गुरुवार को एसडीआरएफ ने आसिफ का शव नदी से बरामद कर लिया। परिजनों ने बताया कि दोनों भाई रोजाना काम खत्म कर अमरोहा लौट जाते थे, लेकिन इस हादसे ने परिवार को गहरा सदमा दे दिया। आसिफ अपने पीछे पत्नी और एक छोटी बच्ची को छोड़ गया है। घटना के बाद पूरे परिवार में शोक का माहौल है।

# प्रसूता के इलाज में लापरवाही का आरोप, जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन

- जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल संचालक, चिकित्सकों और कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** प्रसूता के उपचार में कथित चिकित्सकीय लापरवाही के मामले को लेकर शुक्रवार को पीड़ित परिवार और उनके समर्थकों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर अस्पताल संचालक, चिकित्सकों और कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई।

ज्ञापन के अनुसार, ग्राम ढोलारी, थाना मूंढापांडे निवासी रिजवान ने आरोप लगाया है कि उनकी गर्भवती पत्नी रायना उर्फ रेशमा को 7 जुलाई 2026 को प्रसव के लिए ब्लूपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल ऑपरेशन की बात कहकर पैसे जमा कराए और ऑपरेशन के दौरान कथित लापरवाही बरती, जिससे प्रसूता और गर्भस्थ शिशु की हालत गंभीर हो गई।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि हालत बिगड़ने के बाद अस्पताल में उचित उपचार उपलब्ध कराने के बजाय मरीज को असहाय अवस्था में छोड़ दिया गया। इसके बाद 112 पुलिस की सहायता से महिला को अन्य अस्पतालों में ले जाया गया, जहां अंततः विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि महिला ने बच्ची को जन्म दिया, लेकिन मां और नवजात दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है तथा उनका उपचार जारी है।

जनसुनवाई — जनसुनवाई में पहुंची महिला को मिला अंत्योदय कार्ड और आयुष्मान कार्ड, बोलीं- समय पर मिली मदद

# कैंसर पीड़ित के परिवार को डीएम ने दिलाई राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** जनसुनवाई में अपनी व्यथा लेकर पहुंची एक महिला की समस्या को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने गंभीरता से लेते हुए 24 घंटे के अंदर राहत पहुंचाई। कैंसर से पीड़ित पति के इलाज और घर में राशन की तंगी से जूझ रही महिला को मौके पर ही अंत्योदय राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया गया।

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष पहुंची ममता देवी ने बताया कि उनके पति कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। लंबे समय से चल रहे इलाज और आर्थिक तंगी के कारण परिवार की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। उपचार का खर्च उठाना मुश्किल होने के साथ-साथ घर में दो वक्त के खाने की व्यवस्था करना भी कठिन हो गया है।




मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच के निर्देश दिए। जांच में ममता देवी का परिवार अंत्योदय योजना के लिए पात्र पाया गया। इसके बाद प्रशासन ने तत्काल उनका अंत्योदय राशन कार्ड जारी कराया ताकि परिवार को नियमित रूप से खाद्यान्न मिल सके। कैंसर पीड़ित पति के निःशुल्क उपचार को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने आयुष्मान कार्ड भी तत्काल बनवाया। इस कार्ड के जरिए अब मरीज को योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं ममता देवी को अंत्योदय राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड सौंपे। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की अन्य पात्र जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी उन्हें प्राथमिकता पर दिया जाए। मदद मिलने पर ममता देवी ने जिलाधिकारी और जिला प्रशासन का आभार जताया। इस अवसर पर डीएम डॉ. पैंसिया ने कहा कि शासन की मंशा है कि हर पात्र और जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे। कोई भी व्यक्ति उपचार या आजीविका के अभाव में परेशान न हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

## पीस कमेटी बैठक में की शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को थाना बिसौली क्षेत्र में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एएसपी ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया ने की, जिसमें विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, संभ्रांत नागरिक एवं डीजे संचालक शामिल हुए।

बैठक में एएसपी ग्रामीण ने सभी से कांवड़ यात्रा को आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। श्रद्धालुओं से निर्धारित मार्ग और समय का पालन करने तथा डीजे व ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग शासन के मानकों के अनुरूप करने का आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बिसौली अंशुमन श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मासिक पंचायत में गूंजे किसानों के मुद्दे

## समाधान न होने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय व प्रांतीय आह्वान पर सोमवार को मालवीय आवास गृह परिसर में मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत का नेतृत्व जिलाध्यक्ष रामचंद्र यादव और युवा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रामलखन यादव ने किया। इस दौरान किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की गई।



पंचायत में किसानों ने आरोप लगाया कि पूरे जिले की सभी तहसीलों में खतौनी में नाम और अंश गलत दर्ज कर दिए गए हैं, जिससे उन्हें अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मांग की कि प्रत्येक तहसील के गांवों में विशेष शिविर लगाकर इन त्रुटियों को तत्काल सही कराया जाए। इसके अलावा किसानों ने खाद की पर्याप्त उपलब्धता न होने की समस्या भी उठाई और प्रशासन से जल्द आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

किसानों ने बताया कि जिले में मक्का क्रय के लिए सात केंद्र स्थापित हैं, लेकिन अभी तक किसी भी केंद्र पर खरीद शुरू नहीं हुई है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं वजीरगंज ब्लॉक के ग्राम पेंपल में चल रही चकबंदी प्रक्रिया में कर्मचारियों पर आर्थिक साठगांठ कर गलत पैमाइश करने का आरोप लगाया गया, जिससे किसानों का शोषण हो रहा है।

इसके साथ ही इस्लामनगर ब्लॉक के ग्राम कुंदनपुर में सीसी रोड की नाली बंद किए जाने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी का मुद्दा भी उठाया गया। पंचायत के बाद किसानों ने मजिस्ट्रेट बदायूं को ज्ञापन सौंपकर सभी समस्याओं के समाधान की मांग की। युवा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रामलखन यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि संबंधित विभागों द्वारा जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करेगा, जो समस्याओं के पूर्ण समाधान तक जारी रहेगा। पंचायत में मंडल उपाध्यक्ष सेठ सिंह, भागमल सिंह, जिला उपाध्यक्ष बीर सिंह, श्याम बाबू, तहसील अध्यक्ष सहसवान राजेश, ब्लॉक अध्यक्ष उझानी देवराज सिंह, नगर अध्यक्ष गुड्डू खान, ब्लॉक अध्यक्ष जगत कृष्ण पाल सिंह, बीरेंद्र सागर, प्रमोद ठाकुर, महीपाल दिवाकर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### प्रथम प्रयास में सक्षम राजपूत का एमबीबीएस में चयन, परिवार में खुशी की लहर



**बदायूं।** प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, जरूरत होती है लगन और मेहनत की। शहर के मोहल्ला पटेल नगर निवासी सहायक कोषाधिकारी (एटीओ) राम बहादुर राजपूत के छोटे पुत्र सक्षम राजपूत ने पहले ही प्रयास में एमबीबीएस में चयन हासिल कर परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। गुरुवार देर रात घोषित हुए नीट परीक्षा परिणाम में सक्षम राजपूत ने 562 अंक प्राप्त कर राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए स्थान बनाया। उनकी इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सक्षम के बड़े भाई दिव्यांश राजपूत ने भी वर्ष 2020 में पहले ही प्रयास में एमबीबीएस में सफलता हासिल की थी। दोनों बेटों की इस उपलब्धि से परिवार गौरवान्वित है। सक्षम ने अपनी इंटरमीडिएट की पढ़ाई शहर के डीपीएस स्कूल से 95 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। वह शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं और हर वर्ष अपनी कक्षा में अव्वल स्थान प्राप्त करते रहे। सक्षम का कहना है कि उनका सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। साथ ही वह भविष्य में सिविल सर्विसेज की तैयारी कर देश सेवा करना चाहते हैं। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने माता-पिता और बड़े भाई डॉ. दिव्यांश राजपूत को दिया है, जिन्हें वह अपना रोल मॉडल मानते हैं। सक्षम के पिता राम बहादुर राजपूत बदायूं कोषागार में सहायक कोषाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता प्रतिभा सिंह बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय मझिया में शिक्षिका हैं। इस उपलब्धि पर बाबा बद्री सिंह, दादी रेशम देवी, नाना ओमप्रकाश राजपूत और नानी शीलवाला सहित परिवार के सभी सदस्य बेहद खुश हैं। रिश्तेदार और आसपास के लोग घर पहुंचकर सक्षम को बधाई दे रहे हैं।

### एसडीएम की कार्यशैली से नाराज अधिवक्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**बदायूं।** सहसवान उपजिलाधिकारी (एसडीएम) के कथित मनमाने कार्य व्यवहार और भ्रष्टाचार के विरोध में बार एसोसिएशन सहसवान ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र गोपाल सक्सेना और महासचिव सोमवीर सिंह यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने न्यायालय का बहिष्कार करते हुए एसडीएम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अधिवक्ताओं का आरोप है कि एसडीएम द्वारा पक्षकारों की बहस सुने बिना ही पत्रावलियों पर पिछली तिथियों में आदेश पारित किए जा रहे हैं, जो नियमों के विपरीत है। इससे वादी-प्रतिवादी दोनों को न्याय मिलने में परेशानी हो रही है। बार पदाधिकारियों का कहना है कि एसडीएम का स्थानांतरण हो जाने के बावजूद उनके व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया है। बार एसोसिएशन ने साफ किया है कि जब तक एसडीएम की कार्यशैली में सुधार नहीं होगा, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। बैठक में कई वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।

### पत्रावलियों में हेरफेर के आरोप, सहसवान बार एसोसिएशन ने किया कोर्ट बहिष्कार

**बदायूं।** उपजिलाधिकारी की कार्यप्रणाली को लेकर सहसवान बार एसोसिएशन में रोष बढ़ता जा रहा है। अधिवक्ताओं ने एसडीएम पर पत्रावलियों में हेरफेर और मनमाने आदेश पारित करने का आरोप लगाते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र गोपाल सक्सेना और महासचिव सोमवीर सिंह यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने बैठक कर निर्णय लिया कि जब तक एसडीएम अपने कार्य व्यवहार में सुधार नहीं करते, तब तक न्यायालय का बहिष्कार जारी रहेगा। अधिवक्ताओं का कहना है कि एसडीएम बिना सुनवाई के ही पुराने दिनांक में आदेश पारित कर रहे हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इससे पहले भी बार एसोसिएशन ने 13 से 16 जुलाई तक सांकेतिक हड़ताल कर विरोध जताया था, लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला।

### धार्मिक स्थलों व तालाबों का नहीं हुआ सौंदर्यकरण, अलापुर में रोष

**बदायूं।** नगर पंचायत अलापुर क्षेत्र में धार्मिक स्थलों एवं तालाबों के सौंदर्यकरण के लिए शासन द्वारा स्वीकृत 20 करोड़ रुपये से अधिक की कार्य योजना अब तक धरातल पर नहीं उतर सकी है। योजना पास होने के बावजूद टेंडर प्रक्रिया शुरू न होने से क्षेत्रीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि जिओ त्रिवेंद्र कुमार की लापरवाही के चलते महत्वपूर्ण विकास कार्यों में अनावश्यक देरी हो रही है। इससे न केवल क्षेत्र के धार्मिक स्थलों की स्थिति जस की तस बनी हुई है, बल्कि तालाबों की साफ-सफाई और सुंदरीकरण का कार्य भी अधूरा पड़ा है। बरसात के मौसम में तालाबों की दुर्दशा और अधिक बढ़ गई है, जिससे आसपास के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि शासन द्वारा करोड़ों रुपये की योजना स्वीकृत होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। टेंडर प्रक्रिया लंबित होने के कारण विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं, जिससे सरकार की मंशा पर भी सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में तत्काल संज्ञान लेकर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी कराकर कार्य शुरू कराया जाए। नागरिकों का कहना है कि यदि शीघ्र ही काम शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने चेतावनी दी है कि विकास कार्यों में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शासन की योजनाओं को पलीता लगाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं।

# भूजल सप्ताह पर डीएम ने प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी, जल संरक्षण का दिया संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से भूजल सप्ताह (16 से 22 जुलाई) के तहत जनजागरूकता अभियान के प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने हस्ताक्षर कर अभियान की शुरुआत भी की। प्रचार वाहनों के माध्यम से जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को भूजल संरक्षण और अनियंत्रित दोहन रोकने के प्रति जागरूक किया जाएगा।



जिलाधिकारी ने बताया कि भूगर्भ जल विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत घरेलू, कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों में जल के विवेकपूर्ण उपयोग और वर्षा जल संचयन के महत्व की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव अपनाकर बड़ी मात्रा में पानी बचाया जा सकता है। डीएम ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों, विद्यालयों, कार्यालयों और अन्य संस्थानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करें, ताकि वर्षा का पानी जमीन में समाहित होकर भूजल स्तर को बनाए रख सके। लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता मोहित सिंह ने बताया कि सामान्य आदतों में सुधार से प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी बचाया जा सकता है। ब्रश करते समय नल बंद रखने से करीब 10 लीटर, शेविंग में मग का उपयोग करने से 3 लीटर और स्नान व कपड़े धोने में बाल्टी के प्रयोग से लगभग 60 लीटर पानी बचाया जा सकता है। इसी प्रकार फ्लश, सफाई और वाहन धुलाई में भी पाइप के बजाय सीमित पानी के उपयोग से बड़ी बचत संभव है। उन्होंने बताया कि विभाग का संदेश है—"वर्षा जल है जीवन-धारा, इसका संचयन संकल्प हमारा" तथा "जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प।"

## 'कैच द रेन' अभियान के तहत पुलिस कार्यालय में ली शपथ

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर चल रहे 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' के अंतर्गत पुलिस कार्यालय बदायूं में शुक्रवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने की और उपस्थित पुलिसकर्मियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। एसएसपी ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के बिना भविष्य की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने स्तर पर पानी की बचत करनी चाहिए और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी दातागंज अशेषनाथ सिंह, क्षेत्राधिकारी बिल्सी आलोक सिद्दू सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में रिश्वतखोरी का खुलासा, दो कर्मचारियों का वेतन रोका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभार्थियों से अवैध वसूली का मामला सामने आने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। आरोप है कि योजना के अंतर्गत आवास दिलाने और किस्त जारी कराने के नाम पर कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक किस्त पर दस-दस हजार रुपये वसूले जा रहे थे। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब रुपये लेने से संबंधित एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

ऑडियो वायरल होने के बाद नगर के चेयरमैन/अध्यक्ष ने तत्काल संज्ञान लेते हुए दो कर्मचारियों का वेतन रोकने के आदेश जारी कर दिए हैं। साथ ही पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी गई है। अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांच पारदर्शी तरीके से की जाए और दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बताया जा रहा है कि लाभार्थियों से आवास योजना की प्रत्येक किस्त जारी कराने के एवज में 10 हजार रुपये की मांग की जाती थी। कुछ पीड़ितों ने इस संबंध में लिखित शिकायत भी दी है, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें निलंबन या सेवा समाप्ति तक की कार्रवाई संभव है। फिलहाल, जांच कमेटी पूरे मामले की पड़ताल में जुटी हुई है और जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## गोद ली गई बालिका को भी मिलेगा कन्या सुमंगला योजना का लाभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत अब गोद ली गई बालिकाओं को भी लाभ दिया जाएगा। सरकार ने योजना की धनराशि बढ़ाकर कुल 25 हजार रुपए कर दी है, जो छह चरणों में प्रदान की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि योजना के माध्यम से अब तक जनपद की 31,172 बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बालिका सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में योजना की जानकारी के साथ हेल्पलाइन और कैरियर काउंसलिंग की भी जानकारी दी जा रही है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि योजना का उद्देश्य बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और लालन-पालन को मजबूत बनाना है। साथ ही कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने और समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए यह योजना 1 अप्रैल 2019 से संचालित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि योजना का संचालन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाता है और धनराशि पीएफएमएस के जरिए सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है। योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलेगा जो उत्तर प्रदेश के निवासी हों और जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक हो।

# रहस्यमय बुखार से दहगवां में दो सगे भाइयों की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** दहगवां स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के गांव नसीरपुर टप्पा मलसई में रहस्यमय बुखार का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। बुखार की चपेट में आकर दो सगे भाइयों की मौत हो जाने से गांव में दहशत का माहौल है। मृतकों की पहचान होरीलाल के 20 वर्षीय पुत्र मोरपाल और 18 वर्षीय ब्रजेश के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, दोनों भाइयों को करीब चार दिन पहले तेज बुखार आया था। शुरुआत में उन्हें कमजोरी, उल्टी और शरीर दर्द की शिकायत थी, जिस पर परिजनों ने स्थानीय स्तर पर उपचार कराया। लेकिन हालत लगातार बिगड़ती चली गई और समय रहते उचित इलाज न मिल पाने के कारण दोनों की मौत हो गई। एक ही परिवार के दो युवकों की मौत से पूरे गांव में शोक और भय का माहौल व्याप्त है।



बृजेश का फाइल फोटो।



मोरपाल का फाइल फोटो।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कई अन्य लोग भी बुखार से पीड़ित हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका जताई जा रही है। लोगों में इस बीमारी को लेकर दहशत बढ़ गई है और कई परिवार अपने बच्चों व बुजुर्गों को लेकर चिंतित हैं।

घटना की सूचना मिलने पर दहगवां स्वास्थ्य केंद्र की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में मेडिकल कैंप लगाने, संदिग्ध मरीजों की जांच करने और घर-घर सर्वे कराने के निर्देश दिए गए हैं। टीम द्वारा लोगों को साफ-सफाई रखने, मच्छरों से बचाव करने और उबला हुआ पानी पीने की सलाह दी जा रही है।

प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि बुखार या अन्य लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच कराएं और किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए है, लेकिन लगातार बढ़ते मामलों के कारण गांव में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। सीएमओ विकास शर्मा ने बताया सूचना मिलने के बाद गांव में टीम भेजी गई। जांच रिपोर्ट व मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने 17 गोवंश पालकों को दिए सहायता राशि के चेक

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद बदायूं द्वारा निराश्रित एवं बेसहारा गोवंशों के संरक्षण और उनके भरण-पोषण को लेकर संचालित योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने गोवंश सहभागिता योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किए। इस दौरान पालिकाध्यक्ष ने सुपुर्दगी में दिए गए 17 गोवंशों के भरण-पोषण के लिए कुल 1 लाख 8 हजार 390 रुपये की धनराशि लाभार्थियों को प्रदान की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए फात्मा रज़ा ने कहा कि निराश्रित गोवंशों की सुरक्षा और देखभाल समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। शासन की सहभागिता योजना का मुख्य उद्देश्य बेसहारा गोवंशों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराना और उनके उचित भरण-पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

## सड़कों पर गोवंश, खाते में 82 लाख फिर भी नहीं बनी गौशाला

**अलापुर।** नगर पंचायत अलापुर में गोवंश संरक्षण को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। एक ओर जहां सड़कों पर आवारा गोवंश घूमते नजर आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वृहद गौशाला निर्माण के लिए स्वीकृत 82 लाख रुपये की धनराशि खाते में होने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार, करीब एक वर्ष पूर्व नगर पंचायत अलापुर में वृहद गौशाला निर्माण को शासन से मंजूरी मिली थी। इसके लिए 82 लाख रुपये की धनराशि भी नगर पंचायत को उपलब्ध करा दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद कार्य में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। परिणामस्वरूप क्षेत्र में गोवंश सड़कों पर भटक रहा है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है और किसानों की फसलें भी प्रभावित हो रही हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने अधिशासी अधिकारी (ईओ) की कार्यशैली पर नाराजगी जताई है। अध्यक्ष ने ईओ को अंतिम चेतावनी नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट कहा है कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि गौशाला निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कर निर्धारित समय सीमा में पूरा कराया जाए।






## रोडवेज बस की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की मौत, परिवार में कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** तेज रफ्तार रोडवेज बस ने पैदल जा रहे एक युवक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर युवक के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है। हादसा थाना सिविल लाइन क्षेत्र के पटेल चौक के समीप बृहस्पतिवार देरशाम 7 बजे हुआ। थाना क्षेत्र के गांव भगवतीपुर नगला निवासी आशीष यादव (27) पुत्र जडैंल बृहस्पतिवार को किसी काम से बदायूं आया था। शाम को वह पैदल ही अपने गांव को लौट रहा था। रास्ते में पटेल चौक के पास चंदौसी से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने युवक की कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने घटना की जानकारी नवादा चौकी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। हादसे के बाद चालक बस को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरु कर दी है।



मृतक आशीष।

**आक्रोश** — बगरैन में 96 बीघा निजी तालाब को भू-माफियाओं से मुक्त कराने की मांग को लेकर चल रहा है धरना

# बगरैन तालाब विवाद ने पकड़ा तूल, आत्मदाह की चेतावनी से बढ़ा तनाव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** तहसील बिसौली क्षेत्र के ग्राम बगरैन में 96 बीघा निजी तालाब को भू-माफियाओं से मुक्त कराने की मांग को लेकर चल रहा धरना अब उग्र रूप लेता जा रहा है। पिछले दो माह से मालवीय आवास गृह पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे तालाब स्वामी रामबाबू कश्यप ने जिला प्रशासन की निष्क्रियता से नाराज होकर 20 जुलाई को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।



रामबाबू कश्यप का आरोप है कि हजारों की संख्या में शिकायत पत्र देने के बावजूद भी प्रशासन ने तालाब को कब्जामुक्त कराने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उनका कहना है कि करीब 154 बीघा ग्राम सभा तालाब और 96 बीघा निजी तालाब को जबरन मिलाकर लगभग ढाई सौ बीघा में अवैध कब्जा कर करोड़ों का कारोबार किया जा रहा है, जिससे 36 गरीब किसानों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों से प्रशासन केवल आश्वासन देता रहा, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

धरने को समर्थन देने पहुंचे भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने भी जिला व तहसील प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यह मामला 15 जुलाई को डेल्टा कोठी में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा के समक्ष भी उठाया गया है और इसे संसद तक ले जाने की मांग की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो यह मुद्दा लखनऊ विधानसभा तक उठाया जाएगा।

हालांकि, भाकियू नेताओं ने रामबाबू कश्यप के आत्मदाह के निर्णय का विरोध करते हुए उन्हें ऐसा कदम न उठाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि संगठन किसानों के हक के लिए बड़ा आंदोलन करेगा, लेकिन किसी भी स्थिति में आत्मघाती कदम का समर्थन नहीं करेगा। शुक्रवार को धरना स्थल पर कई दर्जन लोगों ने पहुंचकर तालाब को कब्जामुक्त कराने की मांग का समर्थन किया। वहीं, प्रशासन की ओर से अभी तक इस पूरे मामले में कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## संपादकीय

# इस्लामी देशों के संगठन में भारत ने लगा दी सेंध

भाजपा की देश में राजनीति भले ही कुछ भी हो, लेकिन वैश्विक पटल पर उसको इस्लामिक देशों का साथ मिल रहा है। 2027 का साल काफी महत्वपूर्ण होने जा रहा है। इसी साल देश में यूपी सहित कई राज्यों के चुनाव होने जा रहे हैं, वहीं वैश्विक पटल पर भारत चमत्कार करने में जुटा है। भारत ने 2028-29 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अस्थायी सीट के लिए अपना अभियान शुरू कर दिया है। भारत आठ बार अस्थायी सदस्य रह चुका है। अगर वह जीतता है तो नौंवी बार जीतकर वह इतिहास लिखेगा। इस बार का चुनाव थोड़ा भिन्न है। दुनिया में चारों ओर ही अशांति है। अमेरिका-ईरान-इजराल युद्ध चरम पर है। वहीं रूस और यूक्रेन का युद्ध भी थमा नहीं है। ऐसे में इस्लामिक सहयोग संगठ यानी ओआईसी की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। इस संगठन में 57 देश हैं। इनमें एका नहीं है। दरार है और इसका फायदा भारत को मिल सकता है। भारत की कोशिश भी ओआईसी में सेंधमारी करने की है। भारत का मुख्य मुकाबला ताजिकिस्तान से होने जा रहा है। एशिया-पैसिफिक ग्रुप की यह एकमात्र सीट है। जून 2027 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 82वें सत्र के दौरान होने वाला यह चुनाव होगा। 193 सदस्यों वाली महासभा में भारत की विदेश नीति की परीक्षा होगी। फिलहाल भारत अपने को सेफ मानकर चल रहा है। इसकी पीछे कुछ ठोस कारण हैं। भारत की बड़े देशों के साथ दोस्ती के कदम बढ़े हैं और उनसे ट्रेड डील हुई है। भारत ने अपने अभियान को वैश्विक संस्थाओं में सुधार की अपनी पुरानी मांग से जोड़ा है। भारत का तर्क है कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था अब आज की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को नहीं दर्शाती है । जबकि और वैश्विक स्तर पर फैसले लेने की प्रक्रिया में विकासशील देशों को ज्यादा प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। भारत ने अपना संकल्प भी दोहराया है। भारत का कहना है कि अगर वह चुना जाता है तो वह आतंकवाद से निपटने, शांति सेना में सुधार, नई टेक्नोलॉजी के जिम्मेदार इस्तेमाल, क्लाइमेट जस्टिस, समुद्री सुरक्षा और टिकाऊ विकास को प्राथमिकता देगा। इसी संकल्प के साथ विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में यूएनएससी के लिए भारत की उम्मीदवारी का अभियान शुरू किया है। इस अभियान की थीम 'शांति' है। भारत संयुक्त राष्ट्र के साथ अपने लंबे जुड़ाव पर भी जोर दे रहा है। लगभग 3,00,000 भारतीय कर्मियों ने संयुक्त राष्ट्र के करीब 50 शांति मिशनों में काम किया है । भारत इस संगठन में सबसे ज़्यादा सैनिक भेजने वाले देशों में से एक बन गया है । यदि भारत इस्लामिक देशों के संगठन में सेंध लगा लेता है तो यह उसकी बड़ी उपलब्धि होगी। ऐसा माना जाता है कि कई इस्लामिक देश ताजिकिस्तान के बजाए भारत के साथ आएंगे। इसमें संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब भी शामिल है। द्विपक्षीय व्यापार और निवेश के कारण ये देश भारत को प्राथमिकता दे सकते हैं । इसके अलावा ओमान, कतर, बहरीन और कुवैत भी भारत के हक में कुछ गुल खिला सकते हैं। मिस्र के साथ भारत के संबंध पहले से मजबूत हैं। बांग्लादेश और तुर्कीये भारत के खिलाफ जा सकते हैं। लेकिन इंडोनेशिया भारत के साथ आएगा, इसमें शक नहीं किया जाना चाहिए। हालिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया का दौरा भी किया था, जो व्यापारिक और रणनीतिक तौर पर काफी सफल माना जाता है। अमेरिका की नीति और नीयत पर संदेह है। चीन का अपना रुख है। ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, फिजी और श्रीलंका जैसे देश पहले ही भारत की सदस्यता का समर्थन करने की घोषणा आधिकारिक तौर पर कर चुके हैं । अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के छोटे देशों के साथ भारत ने 'वैक्सीन कूटनीति' और 'डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर' जैसे प्रोजेक्ट शुरू किए हैं। इसका लाभ भारत को मिल सकता है। भारत ने पाकिस्तान को इस्लामिक सहयोग संगठन में ही अलग-थलग कर दिया है। कुछ देशों को छोड़ दें तो ज्यादातर देश भारत के साथ हैं। जिस तरह से वैश्विक वातावरण बन रहा है, उसमें भारत की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। यह हालिया विदेश नीति के सकारात्मक संकेत लगते हैं। खास बात यही है कि भारत के इस्लामिक देशों के साथ संबंध मधुर हैं और व्यापार रणनीति में ये मिलकर आगे चल रहे हैं।

## आपका मत

### ई-वाहनों में आग

सरकार प्रदूषण मुक्त यातायात करने के मद्देनजर ई-वाहन के निर्माण करने वालों और उसका उपयोग करने वालों को सब्सिडी के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है। साथ ही मेनुफेक्चरिंग डिफेक्ट्स में सुधार हेतु कदम उठा रही है ताकि उसकी वजह से कोई दुर्घटना/हादसा न होने पाए। अच्छी बात है। इसके बावजूद सरकारी आंकड़े कह रहे हैं कि पिछले तीन वर्षों में इ-वाहनों के 238865 हादसे हुए और 26 बार उसमें आग लगी। बात यहीं तक साफ़ नजर नहीं आ रही है क्योंकि बैटरी चार्ज के वक्त वाहनों में आग लगने से घरों में भी आग लगी है और भारी नुकसान हुआ है, हाल ही में नोयडा के मामोरा में पांच मंजिल बिल्डिंग में अलग लगने से दो लोगों की दुखद मौत हो गई। सीढ़ियों से 100 लोगों को बचाया गया। आग लगने का कारण इ-वाहन में आग लगने की बात सामने आई है। वैसे भी "जोखिम नहीं तो लाभ नहीं" आधुनिक जीवन शैली बन गया है। क्योंकि बिना जोखिम के विकास संभव नहीं। हालांकि सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग/निर्माण को प्रोत्साहित कर रही है किन्तु अभी मेनुफेक्चरिंग डिफेक्ट्स में और अधिक सुधार की जरुरत है।

-शकुंतला महेश नेनावा

**अगर भाग्य पर भरोसा है तो जो तक़दीर में लिखा है वही पाओगे, और अगर खुद पर भरोसा है तो, जो चाहोगे वही पाओगे।**

## साइबर अपराध : इसकी कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती

# डिजिटल भारत पर साइबर अपराध का साया


नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'

साइबर अपराध की सबसे चिंताजनक विशेषता यह है कि इसकी कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती। दुनिया के कई देशों में बैठे अपराधी भारत के नागरिकों को अपना निशाना बना रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ क्षेत्रों में संगठित साइबर ठगी के ऐसे नेटवर्क विकसित हो चुके हैं, जहाँ हजारों लोग औद्योगिक स्तर पर ऑनलाइन ठगी का कारोबार चला रहे हैं। कई बार युवाओं को नौकरी का झांसा देकर इन ठगी केंद्रों में पहुँचाया जाता है और फिर उनसे दुनिया भर के लोगों को फर्जी कॉल, नकली निवेश योजनाओं और डिजिटल गिरफ्तारी जैसे हथकंडों के माध्यम से ठगा जाता है। यह अपराध अब किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि संगठित अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का रूप ले चुका है।

जनवरी 2026 में दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश किया था, जिसने खुद को आतंकवाद निरोधक अधिकारियों के रूप में प्रस्तुत कर सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की। इसी दौरान राजधानी में चीनी ऐप्स के माध्यम से ई-रिक्शा चालकों को निशाना बनाकर यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने और लोगों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने की घटनाएँ भी सामने आईं। ये घटनाएँ केवल कानून-व्यवस्था की चुनौती नहीं हैं, बल्कि इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि डिजिटल युग में अपराध का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। आज अपराधी बंदूक नहीं, बल्कि मोबाइल फोन, लैपटॉप और इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में साइबर अपराध केवल आर्थिक नुकसान का विषय नहीं रह गया, बल्कि यह देश की सुरक्षा, सामाजिक विश्वास और आर्थिक विकास के लिए गंभीर खतरा बन चुका है।

भारत आज दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। यूपीआई ने भुगतान व्यवस्था को सरल बनाया है, आधार ने पहचान को मजबूत किया है और सरकारी सेवाएँ तेजी से ऑनलाइन हुई हैं। डिजिटल क्रांति ने आम नागरिक का जीवन आसान बनाया है, लेकिन हर नई सुविधा अपने साथ कुछ नई चुनौतियाँ भी लेकर आती है। जिस



इंटरनेट ने दूरियाँ मिटाईं, उसी ने अपराधियों को भी सीमाओं से परे जाकर अपराध करने की ताकत दे दी।

भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाले साइबर अपराधों में 'डिजिटल अरेस्ट' सबसे खतरनाक माना जा रहा है। इसमें अपराधी स्वयं को पुलिस, सीबीआई, कस्टम या किसी सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर लोगों को डराते हैं। वीडियो कॉल पर नकली पहचान दिखाकर यह विश्वास दिलाया जाता है कि उनका आधार कार्ड किसी अपराध में इस्तेमाल हुआ है। भय और घबराहट में लोग अपनी जीवनभर की जमा-पूंजी अपराधियों के खातों में भेज देते हैं। यह अपराध केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक शोषण का भी उदाहरण है, क्योंकि इसमें पीड़ित के मनोविज्ञान का लाभ उठाया जाता है।

साइबर अपराध का दूसरा बड़ा रूप निवेश संबंधी धोखाधड़ी है। सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स के माध्यम से लोगों को कम समय में अधिक मुनाफे का लालच दिया जाता है। फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, नकली क्रिप्टो योजनाएँ और बनावटी निवेश कंपनियाँ लोगों को आकर्षित करती हैं। शुरुआत में थोड़ा लाभ देकर विश्वास जीता जाता है और फिर बड़ी रकम निवेश कराने के बाद पूरा पैसा गायब कर दिया जाता है।

साइबर अपराध केवल व्यक्तियों तक सीमित नहीं है। देश के अस्पताल, बैंक, सरकारी संस्थान और महत्वपूर्ण डिजिटल ढाँचे भी इसके निशाने पर हैं। रैनसमवेयर हमलों में अपराधी संस्थानों का पूरा डेटा लॉक कर देते हैं और उसे खोलने के बदले भारी रकम की मांग करते हैं। यदि किसी अस्पताल, बिजली व्यवस्था, रेलवे या बैंकिंग प्रणाली पर ऐसा हमला सफल हो जाए तो उसका प्रभाव केवल आर्थिक नहीं, बल्कि जनजीवन पर भी गंभीर पड़ सकता है। इसलिए साइबर सुरक्षा अब राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है।

आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने साइबर अपराध को और अधिक जटिल बना दिया है। डीपफेक तकनीक के माध्यम से किसी भी व्यक्ति की आवाज़ और चेहरा हूबहू तैयार किया जा सकता है। अपराधी परिवार के सदस्य, अधिकारी या परिचित बनकर लोगों को आसानी से धोखा दे रहे हैं। ऐसे वीडियो और ऑडियो देखकर सामान्य व्यक्ति के लिए असली और नकली में अंतर करना कठिन होता जा रहा है। इसलिए भविष्य की साइबर सुरक्षा केवल तकनीक पर नहीं, बल्कि जागरूक नागरिकों पर भी निर्भर करेगी। साइबर अपराध का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव समाज में विश्वास का टूटना है। यदि लोगों को डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन बैंकिंग, ई-गवर्नेंस और डिजिटल पहचान पर भरोसा नहीं रहेगा, तो डिजिटल अर्थव्यवस्था की गति भी धीमी पड़ जाएगी। एक सफल डिजिटल राष्ट्र केवल आधुनिक तकनीक से नहीं बनता, बल्कि उस तकनीक पर लोगों के विश्वास से बनता है। इसलिए साइबर सुरक्षा आर्थिक विकास की भी अनिवार्य शर्त है।

इसके साथ ही साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की संख्या बढ़ानी होगी। आधुनिक तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा सुरक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों में साइबर सुरक्षा को विशेष महत्व देना समय की मांग है। निजी कंपनियों को भी अपने नेटवर्क की सुरक्षा में निवेश बढ़ाना होगा, क्योंकि एक छोटी सी चूक लाखों ग्राहकों की जानकारी को खतरे में डाल सकती है।अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी उतना ही आवश्यक है। चूँकि अधिकांश साइबर अपराध सीमाओं के पार से संचालित होते हैं, इसलिए केवल घरेलू कानून पर्याप्त नहीं होंगे। विभिन्न देशों के बीच सूचना साझा करना, अपराधियों के प्रत्यर्पण की व्यवस्था और संयुक्त कार्रवाई ही इन नेटवर्कों को प्रभावी ढंग से समाप्त कर सकती है।

हमें यह समझना होगा कि डिजिटल भारत का भविष्य केवल तेज इंटरनेट, आधुनिक ऐप्स और ऑनलाइन सेवाओं से सुरक्षित नहीं होगा। जिस प्रकार सड़क, रेल और बंदरगाह किसी राष्ट्र की भौतिक प्रगति का आधार होते हैं, उसी प्रकार सुरक्षित साइबर दुनिया उसकी डिजिटल प्रगति की नींव है। यदि समय रहते इस चुनौती का प्रभावी समाधान नहीं किया गया, तो साइबर अपराध हमारी आर्थिक उपलब्धियों और सामाजिक विश्वास दोनों को गहरी चोट पहुँचा सकता है। इसलिए अनियंत्रित साइबर अपराध पर नियंत्रण केवल एक प्रशासनिक आवश्यकता नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण की अनिवार्य शर्त है।

# अब मध्य प्रदेश में यूसीसी

## भाजपा शासित राज्यों की बदलती तस्वीर


संजय सक्सेना

सरकार का तर्क है कि यह कानून विवाह, तलाक, विरासत, गोद लेने और लिव-इन रिलेशनशिप जैसे नागरिक मामलों में सभी के लिए एक समान नियम सुनिश्चित करेगा। गौरतलब हो, उत्तराखंड आधिकारिक रूप से देश का वह पहला राज्य है, जिसने स्वतंत्रता के बाद समान नागरिक संहिता को विधायी प्रक्रिया के माध्यम से लागू किया है। उत्तराखंड में यह कानून 27 जनवरी 2025 से प्रभावी हुआ। इसके अलावा, गोवा में लंबे समय से पुर्तगाली नागरिक संहिता, 1867 लागू है, जिसे अक्सर यूसीसी के एक व्यावहारिक मॉडल के रूप में देखा जाता है। गुजरात भी उन राज्यों की सूची में शामिल है, जिसने यूसीसी विधेयक पारित किया है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में, राज्य सरकार ने कई बार यूसीसी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है, और राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि उत्तर प्रदेश भी उत्तराखंड की तर्ज पर इस दिशा में कदम उठा सकता है।



भारत में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मुद्दा लंबे समय से संवैधानिक और राजनीतिक चर्चाओं के केंद्र में रहा है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में राज्य को यह निर्देश दिया गया है कि वह भारत के समस्त नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता प्राप्त करने का प्रयास करे। इसी क्रम में, मध्य प्रदेश सरकार अब अपने राज्य में इसे लागू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया था, जिसकी अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई ने की। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री मोहन यादव को सौंप दी है। राज्य सरकार इस विधेयक को आगामी मानसून सत्र में पेश कर सकती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि समिति ने अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को इस कानून के दायरे से बाहर रखने की सिफारिश की है, जो राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 21 फीसदी हैं।

सबसे पहले उत्तराखंड में यूसीसी लागू होने के बाद, वहां नागरिक मामलों में एक नई कानूनी व्यवस्था बनी है। इसके प्रभाव को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं हैं। समर्थकों का मानना है कि इससे लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा, विशेषकर विरासत और संपत्ति के अधिकारों में महिलाओं को पुरुषों के बराबर हक मिलेगा। कानूनी प्रक्रियाओं का सरलीकरण और धर्म-आधारित पर्सनल लॉ की जगह एक साझा कानून की उपस्थिति को सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम बताया जा रहा है। दूसरी ओर, लिव-इन रिलेशनशिप के अनिवार्य पंजीकरण और उससे जुड़े नियमों पर बहस भी जारी है। आलोचकों का तर्क है कि इससे व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता प्रभावित हो सकती है। जहां तक यूसीसी के उल्लंघन के लिए किसी कार्रवाई का प्रश्न है, चूंकि यह कानून अभी बहुत नया है और इसके कार्यान्वयन की प्रक्रिया चल रही है, इसलिए इसके तहत दंड या सख्त कानूनी कार्रवाई की व्यापक खबरें अभी शुरुआती दौर में ही हैं। अधिकांश ध्यान अभी कानूनों को समझने और उनके पंजीकरण पर केंद्रित है। भारतीय जनता पार्टी यूसीसी को अपने मुख्य एजेंडे में रखती आई है। मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और गुजरात में भाजपा का प्रयास इसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इसके उलट, कांग्रेस का आधिकारिक रुख आमतौर पर इस पर सावधानी से देखने का रहा है। पार्टी अक्सर यह तर्क देती है कि भाजपा सरकार बेरोजगारी और महंगाई जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे विषयों को आगे लाती है। वहीं, समाजवादी पार्टी के नेताओं ने इसे अक्सर एक विवादास्पद मुद्दा माना है। पार्टी विविधता के संरक्षण की बात पर जोर देती है। उधर, बसपा यूसीसी पर बहुत मुखर होने के बजाय सतर्क रुख अपनाये हुए है, और उसने आमतौर पर यह मांग की है कि किसी भी ऐसे कानून को लागू करने से पहले सभी वर्गों, खासकर दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। कुल मिलाकर, भारत में यूसीसी का सफर एक जटिल सामाजिक और संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसमें एक ओर कानूनी एकरूपता का सपना है, तो दूसरी ओर भारत की विविध सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने की चुनौती भी मौजूद है।

## कविता

### बेटियों का वर्चस्व...!

जो राह कभी कठिन लगी थी,
आज वही 'पहचान' बनी है।
आई टी आई के हर प्रांगण में,
बेटियों की नई उड़ान बनी है।

उन हाथों में अब हुनर सजा है,
आँखों में भी विश्वास जगा है।
वेल्डिंग या मशीनों की धड़कन,
हरेक क्षेत्र में परचम लहरा है।

बेटियाँ अब केवल सपना नहीं,
परिश्रम का ही साकार रूप है।
कन्या हर चुनौती को जीत रही,
यह साहस अनमोल स्वरूप है।

यहाँ रूढ़ियों की दीवारें हैं टूटीं,
बदली है सोच, बदल गए द्वार।
हर एक उपलब्धि यह कहती है-
'बेटियाँ हैं भारत का आधार।'

जब भी बेटी आत्मनिर्भर होगी,
प्रत्येक 'घर' में उजियारा होगा।
श्रम, ज्ञान और आत्मविश्वास से,
भारत का भविष्य सुनहरा होगा।

आओ मिलकर सभी यह प्रण लें,
घर की हर बेटी को अवसर देंगे।
'शिक्षा, कौशल और सम्मान' से,
एक नवभारत का निर्माण करेंगे।

(संदर्भ - आई टी आई में बेटियों का बढ़ता वर्चस्व)


संजय एम तराणेकर

## Blogger

# भूख और बर्बादी के बीच का भारत : थाली में सिमटा हमारा नैतिक पतन

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

वैश्विक स्तर पर खाद्य अपव्यय कुल हरितगृह गैस उत्सर्जन का 8 से 10 प्रतिशत हिस्सा है, जो विमानन उद्योग से भी अधिक है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यह केवल अन्न नहीं, बल्कि पानी, बिजली, डीजल, उर्वरक, परिवहन, भंडारण और किसानों के श्रम का भी अपव्यय है। अनुमान है कि इससे भारत को हर वर्ष डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान होता है। इतनी राशि से हजारों विद्यालय, अस्पताल, सिंचाई और पोषण योजनाएं साकार हो सकती हैं। सच यह है कि हम भोजन नहीं, अपने भविष्य की संभावनाएं कूड़ेदान में फेंक रहे हैं।

किसी भी भारतीय विवाह, पारिवारिक उत्सव या सामाजिक समारोह की सफलता का पैमाना आज भी व्यंजनों की विविधता और मेजबान की उदारता है। जितनी लंबी व्यंजन सूची, उतनी बड़ी प्रतिष्ठा; जितनी भरी थालियां, उतना अधिक सम्मान। पर इस चमक के पीछे एक खामोश सच है—कूड़ेदान में समाता अन्न। यह केवल बचा भोजन नहीं, बल्कि किसान का पसीना, प्रकृति के संसाधन, श्रमिक का श्रम और राष्ट्र की पूंजी का अपव्यय है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की 'खाद्य अपव्यय सूचकांक रिपोर्ट' के अनुसार भारत में हर वर्ष लगभग 68-78 मिलियन टन खाद्य पदार्थ घरेलू स्तर पर बर्बाद होते हैं, जबकि विवाह समारोहों में 10 से 20 प्रतिशत भोजन बिना स्वाद चखे ही फेंक दिया जाता है। यह केवल सामाजिक व्यवहार नहीं, आर्थिक, पर्यावरणीय और नैतिक संकट है। जिस देश में आज भी लाखों लोग भरपेट भोजन से वंचित हों, वहां अन्न का यह अपमान हमारी सामूहिक चेतना पर सबसे बड़ा प्रश्नचिह्न है।

इस समस्या की जड़ हमारी सामाजिक मानसिकता में है। विवाहों में आवश्यकता से अधिक भोजन बनाना और 'ज्यादा से ज्यादा परोसना' आज भी प्रतिष्ठा का प्रतीक है। मेजबान



को भोजन कम पड़ने का भय रहता है, जबकि अतिथि संकोच या लालच में जरूरत से अधिक थाली भर लेते हैं। नतीजतन बड़ी मात्रा में भोजन कूड़ेदान में पहुंच जाता है। होटल और रेस्तरां का बुफे सिस्टम इस अपव्यय को और बढ़ाता है, जहां स्वाद की चाह भूख पर भारी पड़ती है

भोजन की बर्बादी केवल थाली तक सीमित नहीं, इसका सबसे गहरा प्रहार पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर होता है। अनुपयोगी भोजन कचरा भराव स्थलों में सड़कर मीथेन गैस छोड़ता है, जो भूमंडलीय तापवृद्धि की प्रमुख वजह है। विडंबना यह है कि यह संकट तकनीक का नहीं, मूल्यों के क्षरण का परिणाम है। जिस समाज ने अन्नपूर्णा को देवी माना, वहीं अन्न का अपमान सामान्य होता जा रहा है। एक ओर करोड़ों लोग दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, दूसरी ओर दावतों का भोजन कूड़ेदान में पहुंच रहा है। यह केवल आर्थिक असमानता नहीं, सामाजिक संवेदनहीनता का भी प्रमाण है। विकसित देशों में 'डॉग्गी बैग' जिम्मेदार नागरिकता का प्रतीक है, जबकि भारत में इसे आज भी संकोच से देखा जाता है। अनेक होटलों का बचा भोजन सुरक्षित व्यवस्था से जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सकता है। घरों में सही मात्रा में भोजन पकाना, बचे भोजन का पुनः उपयोग, बेहतर शीतक प्रबंधन और पहले से उपलब्ध सामग्री का उपयोग अपव्यय को काफी घटा सकता है। आखिर, संस्कारों की पहचान पूजा से नहीं, अन्न के सम्मान से होती है।

समस्या जितनी व्यापक है, समाधान भी उतने ही व्यावहारिक हैं। कई होटल और भोजन-व्यवस्थापक अब 'शून्य अपव्यय विवाह पैकेज' अपना रहे हैं, जिनमें अतिथियों की संख्या के अनुसार भोजन का वैज्ञानिक आकलन होता है। अनेक स्वयंसेवी संस्थाएं विवाह और होटलों का बचा सुरक्षित भोजन जरूरतमंदों तक पहुंचा रही हैं। यह केवल सेवा नहीं, संसाधनों के सम्मान की संस्कृति है। सरकार को बड़े आयोजनों में खाद्य अपव्यय रोकने के लिए जनजागरूकता, प्रभावी नियम और कर प्रोत्साहन जैसे कदम उठाने होंगे। विद्यालयों और महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में खाद्य अपव्यय, पोषण और संसाधन संरक्षण को शामिल करना समय की मांग है, ताकि नई पीढ़ी इसे व्यवहार में उतारे। जब समाज इसे आदत नहीं, राष्ट्रीय दायित्व मानेगा, तभी वास्तविक परिवर्तन संभव होगा।

समाधान की शुरुआत किसी कानून से नहीं, हमारी थाली से होगी। हर परिवार, हर मेहमान और हर होटल मालिक को समझना होगा कि एक दाना भी बर्बाद करना राष्ट्र की संपत्ति को लुटाना है। जब तक 'ज्यादा परोसो' की संस्कृति 'जितना जरूरी, उतना ही' में नहीं बदलेगी, विकास के दावे अधूरे रहेंगे। खाद्य अपव्यय रोकना केवल पर्यावरण संरक्षण नहीं, बल्कि आर्थिक विवेक, सामाजिक उत्तरदायित्व और भारतीय सभ्यता की पुनर्परिभाषा का संकल्प है। अन्न का सम्मान होगा, तो भूख घटेगी, प्रदूषण कम होगा, संसाधन बचेंगे और विकास अधिक मानवीय बनेगा। किसी राष्ट्र की समृद्धि थालियों की भव्यता से नहीं, उनमें परोसे हर दाने के सम्मान से मापी जाती है; भारत को अब यही कसौटी अपनानी होगी।

# यूपी विधानसभा चुनाव से पहले सीटों को लेकर सपा-कांग्रेस में खींचतान

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ/नई दिल्ली।** यूपी में विधानसभा चुनाव से पहले सीट बंटवारे को लेकर सपा-कांग्रेस में खींचतान तेज होते दिख रही है। एक तरफ कांग्रेस सम्मानजनक और बराबरी की हिस्सेदारी पर अड़ी है। वहीं सपा का कहना है कि सीट नहीं, जीत की क्षमता आधार बने।

यूपी विधानसभा चुनाव से पहले सपा और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर दबाव की राजनीति तेज होती दिख रही है। दोनों दल सार्वजनिक बयानों के जरिये अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने और बातचीत में बेहतर स्थिति बनाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस गठबंधन में सम्मानजनक और बराबरी की हिस्सेदारी की बात कर रही है, जबकि सपा का जोर इस बात पर है कि सीटों का बंटवारा जीतने की क्षमता के आधार पर होना चाहिए। यूपी में विधानसभा चुनाव में अब छह-सात महीने का समय बचा है। कांग्रेस इस बार गठबंधन में 150 से अधिक सीटों पर दावा जता रही है। वहीं, सपा नेतृत्व सीटों की संख्या बताने से बचते हुए कह रहा है कि गठबंधन का आधार केवल वही सीटें होनी चाहिए, जहां जीत की संभावना हो। कांग्रेस यह संदेश भी दे रही है कि उसके साथ गठबंधन होने पर ही विपक्षी वोटों का पूरा लाभमिल सकता है। इसी रणनीति के तहत कांग्रेस बसपा के साथ संभावित गठबंधन के संकेत भी देती रही है। हालांकि, बसपा ने ऐसे किसी संकेत को कभी महत्व नहीं दिया। हाल ही में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा था कि 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा 120 सीटें भी नहीं जीत पाई थी, जबकि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ आने से उसकी सीटों की संख्या बढ़कर 37 हो गई। जवाब में सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन ने कहा कि कुछ लोग बेवजह यान देकर मर्यादा भूल रहे हैं। गठबंधन मजबूत रखना है तो सार्वजनिक रूप से संयम और सौहार्द बनाए रखना चाहिए

# 48 एसआई व 427 सिपाही के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की हुई भर्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अपर सचिव भर्ती सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बताया कि बोर्ड ने वर्ष 2023 की कुशल खिलाड़ी सीधी भर्ती का अंतिम चयन परिणाम घोषित कर दिया है। चयनित अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने 48 उपनिरीक्षक (एसआई नागरिक पुलिस) और 427 सिपाहियों के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की भर्ती का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष डीजी एसबी शिरडकर ने सफल अभ्यर्थियों को चयन के लिए बधाई दी है।

बोर्ड के अपर सचिव भर्ती सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बताया कि बोर्ड ने वर्ष 2023 की कुशल खिलाड़ी सीधी भर्ती का अंतिम चयन परिणाम घोषित कर दिया है।




चयनित अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। एसआई नागरिक पुलिस के 91 पदों (56 पुरुष एवं 35 महिला) के सापेक्ष चयन प्रक्रिया पूरी की गई। इनमें से योग्य पाए गए 43 अभ्यर्थियों (23 पुरुष और 20 महिला) का अंतिम चयन किया गया है।

वहीं सिपाही नागरिक पुलिस एवं पीएसी के कुल 546 पदों के सापेक्ष 427 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। इनमें 280 पुरुष और 147 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। पुरुष अभ्यर्थियों में 148 का चयन नागरिक पुलिस व 132 का चयन पीएसी के लिए किया गया है। यह भर्ती 25 खेल विधाओं में आयोजित की गई थी, जिसमें पुरुषों की 25 और महिलाओं की 23 खेल विधाएं शामिल थीं।

बोर्ड ने 27 अभ्यर्थियों को प्रोविजनल चयन सूची में भी रखा है। इनमें एसआई नागरिक पुलिस के सात, सिपाही नागरिक पुलिस के 19 और पीएसी का एक अभ्यर्थी शामिल है।

## संक्षेप समाचार

### कुटरी ग्राम पंचायत के 36 लोगों ने स्वेच्छा से सनातन धर्म अपनाया



हिन्दू धर्म में आने के बाद चरणामृत लेते लोग । -जागरण मोर्चा

### हरेला पर्व पर माडर्न यूटोपियन सोसाइटी की काव्य गोष्ठी

**खटीमा।** उत्तराखण्ड के लोकपर्व हरेला के अवसर पर माडर्न यूटोपियन सोसाइटी, खटीमा द्वारा "बगिया" कार्यक्रम के अंतर्गत पीलीभीत रोड स्थित क्वालिटी रेस्टॉरेंट में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों और कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरियाली, मानवीय संवेदनाओं, राष्ट्रप्रेम तथा उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक विरासत का प्रभावशाली चित्रण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष डॉ. चन्द्र शेखर जोशी ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हरेला केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था, पर्यावरण संरक्षण का संकल्प और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली बचाने का संदेश है। साहित्य और कविता समाज को सही दिशा देने का प्रभावी माध्यम हैं। वरिष्ठ कवि डॉ. रूप चन्द्र शास्त्री "मयंक", डॉ. जगदीश पन्त "कुमुद", शरद सक्सेना, रामरतन यादव, त्रिलोचन जोशी, दीपक फुलेरा, शान्ति सिंह तथा कैलाश पाण्डेय ने अपनी-अपनी रचनाओं का प्रभावशाली पाठ किया। उन्होंने कविताओं में प्रकृति, मानवता, सामाजिक सरोकार और उत्तराखण्ड की लोकसंस्कृति के विविध रंग प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का कुशल संचालन रविन्द्र चन्द्र पाण्डेय "पपीहा" ने किया। अंत में संस्था सचिव पूरन सिंह बिष्ट ने सभी अतिथियों, कवियों एवं साहित्य प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में साहित्यिक चेतना के साथ-साथ प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी विकसित करते हैं। गोष्ठी का समापन हरेला पर्व के संदेश—"पेड़ लगाएँ, पर्यावरण बचाएँ और प्रकृति से अपना संबंध मजबूत बनाएँ"—के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

### फिजिशियन डॉ अब्बास समेत दो डॉक्टर की स्थाई तैनाती

**सितारगंज :** चिकित्सालय में पहली बार स्थायी फिजीशियन की तैनाती हुई है। खटीमा में तैनात फिजीशियन डॉ. असद अब्बास सिद्धीकी के स्थानांतरण आदेश में संशोधन कर उन्हें सितारगंज उप जिला चिकित्सालय में तैनात किया गया है। उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले डॉ. सिद्धीकी खटीमा में तैनाती के दौरान सप्ताह में दो दिन सितारगंज में सेवाएं देते थे। उनकी स्थायी तैनाती से क्षेत्र के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। उप जिला चिकित्सालय में पहली बार नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्पना की भी तैनाती हुई है।

### मांगें पूरी न होने पर सफाई कर्मचारियों ने आंदोलन का किया ऐलान

**खटीमा।** उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ नगर पालिका परिषद खटीमा शाखा ने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर पालिका प्रशासन को 21 सूत्रीय मांगपत्र सौंपते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। संघ का कहना है कि कई बार मांगपत्र दिए जाने के बावजूद कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। संघ की अध्यक्ष ग्रेस देवी एवं महामंत्री अनिल कुमार ने बताया कि कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं हो रहीं है। जिसमें गीता देवी की नौकरी के निस्तारण तथा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गौरव के खिलाफ सी.के. बिष्ट एवं अन्य के द्वारा सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणियों एवं जान से मारने की धमकी के मामले में कार्रवाई की भी मांग उठाई गई है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो 21 जुलाई को अपराह्न 3 बजे नगर पालिका परिषद, खटीमा के मुख्य द्वार पर गेट मीटिंग आयोजित की जाएगी, जिसमें कर्मचारियों के साथ वाल्मीकि समाज के लोग भी शामिल होंगे। इसके बाद चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की जाएगी। संघ ने कहा कि आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली स्थिति की पूरी जिम्मेदारी पालिका प्रशासन की होगी।

# राजधानी में कार के अंदर मिली दरोगा की लाश

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** लखनऊ के पारा क्षेत्र में गाजीपुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक अजय ठाकुर का शव उनकी कार में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। कार से शराब की बोतलें भी बरामद हुई हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फॉरेंसिक जांच शुरू की है। मौत के कारणों की सभी पहलुओं से जांच जारी है।

गाजीपुर थाने की सर्वोदयनगर चौकी पर तैनात दरोगा अजय कुमार उर्फ अजय ठाकुर (36) का शव शुक्रवार दोपहर पारा के मोहान रोड इलाके में कार के अंदर पड़ा मिला। उनके नाक, मुंह से खून बह रहा था। कार अंदर से लॉक थी। शीशा तोड़कर पुलिस ने शव निकाला। अजय बृहस्पतिवार से लापता थे और चौकी के कर्मचारी उन्हें तलाश रहे थे। आशंका है कि मौत ब्रेन हैमरेज या दिल का दौरा पड़ने से हुई है।

डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित ने बताया कि अजय मूल रूप से हापुड़ के मेहताब सेन (इंद्रगढ़ी) के निवासी थे। मौजूदा समय में वह पारा के हंसखेड़ा स्थित विनायकपुरम कॉलोनी में किराये पर रह रहे थे। वर्ष 2021 से 2024 तक पारा थाने में तैनात रह चुके थे। अजय बृहस्पतिवार दोपहर से चौकी पर नहीं पहुंचे थे। चौकी इंचार्ज सचिन कौशिक और अन्य सहकर्मियों ने उनके मोबाइल फोन पर कॉल की, पर फोन नहीं उठा।

डीसीपी ने बताया कि शुक्रवार को सर्विलांस से दरोगा के मोबाइल फोन की लोकेशन बुद्धेश्वर चौराहे से पहले मोहान रोड पर मिली। इस पर पारा व गाजीपुर थाने की पुलिस मोहान रोड पहुंची तो दरोगा की कार लावारिस हालत में मिली। दरवाजे अंदर से लॉक थे। पुलिस ने पीछे की सीट का शीशा तोड़ा तो ड्राइविंग सीट पर दरोगा का शव पड़ा था। चेहरा काला पड़ गया था और नाक, मुंह से खून निकल रहा था। फॉरेंसिक टीम को कार से शराब की बोतल मिली।

## 27 लाख के अवैध सोने के साथ युवक गिरफ्तार

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊंडल के बादशाहनगर स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम ने एक युवक को 27 लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवरों के साथ शुक्रवार को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक के पास से बरामद सोना टैक्स चोरी (जीएसटी बचाने) के उद्देश्य से चौक सर्राफा बाजार से बिना बिलखरीदा गया था। आरपीएफ की टीम शाम करीब चार बजे बादशाहनगर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को देखकर एक युवक अपने बैग को छिपाते हुए उल्टी दिशा में भागने लगा। युवक की संदिग्ध गतिविधियों को भांपकर आरपीएफ के जवानों ने उसे दबोच लिया। आरपीएफ ने बताया कि उसके बैग की तलाशी ली गई तो उसमें भारी मात्रा में सोने के जेवरात बरामद हुए।

# थैरपी की आदत डालकर जबरन प्रोडक्ट बेचने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सितारगंज।** शरीर से बिना दबा के जटिल रोगों को समाप्त करने वाली थर्मोथेरेपी का झांसा देकर गरीबों पर महंगे प्रोडक्ट खरीदने का दबाव बनाने का आरोप हैं। थेरेपी के संचालक भोले वाले लोगों को थेरेपी की शारीरिक आदत डलवाकर अब गरीबों को महंगे प्रोडक्ट खरीदने का दबाव बना रहे हैं। जिससे थेरेपी लेने वाले निर्धन लोग परेशान हैं। शहर के किच्छा रोड स्थित थर्मोथेरेपी कैंप संचालित हो रहा है। यहां लोगों के निशुल्क जटिल रोगों का बिना दवा, सर्जरी शत प्रतिशत उपचार करने का दावा किया गया। जा रहा हैं। जिसमें थायराइड, गठिया, लकवा, शुगर जैसी गंभीर रोग सम्मलित हैं। निशुल्क थैरपी के लिए नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र के अलावा किच्छा खटीमा से रोगग्रस्त लोग पहुंचकर लाभ लेने लगे। जिन्हें थेरेपी संचालक ने निशुल्क सेवाएं दी। अब थेरेपी लेने वाले लोगों को इसकी आदत पड़ गई है। आरोप है कि थेरेपी संचालक अब गरीब लोगों को थेरेपी से संबंधित मशीनों को खरीदने के लिए दबाव बना रहा है। गरीब लोग थेरेपी की मशीन नहीं खरीद पा रहे हैं। ऐसे में थेरेपी संचालक उन्हें थर्मोथेरेपी की सुविधा देने से मना कर रहा है। थेरेपी संचालक के दोहरे चरित्र को लेकर आमजन में खासा रोष हैं। गौरव कुमार ने आरोप लगाया कि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र के भोले वाले लोगों को गुमराह कर थर्मोथेरेपी संचालक अवैध कारोबार करने में लगा हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# आम के बाद अब ममता चुफाल ने मिर्च के अचार का काम किया शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय



मिर्च का अचार बनाकर तैयार करती महिलाएं। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** सीजन में 4 क्विंटल से अधिक आम के अचार का कारोबार करने वाली ग्राम दियूरी निवासी ममता चुफाल ने अब मिर्च के अचार से अपना काम शुरू किया है। इस छोटे से कारोबार से जहां चुफाल परिवार रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का प्रयास कर रहा है वहीं गांव की महिलाओं को अपने साथ जोड़कर 300 प्रतिदिन मजदूरी देकर उन्हें रोजगार उपलब्ध करा रही हैं। सीजन में 250 प्रति किलो आम के अचार की बिक्री हुई। दियूरी ग्राम निवासी ममता चुफान ने सीजन में 4 क्विंटल से अधिक आम के अचार आम के अचार का कारोबार किया। वहीं मिर्च व भरवा मिर्च के अचार के लिए मार्केटिंग भी व्यक्तिगत स्तर से की है। उन्होंने ममता चुफाल ब्लॉग अचार दियूरी एक ग्रुप बनाकर कई लोगों को जोड़ा है। इसके माध्यम से आम का अचार दिल्ली, देहरादून, राजस्थान के अलावा कुमाऊं मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में खूब बिका। सीजन समाप्ति के साथ ही आम के अचार की डिमांड पूरी नहीं हो सकीं। मिर्च एवं भरवा मिर्च के अचार की डिमांड दुबई, अमेरिका के प्रवासी भारतीयों के अलावा कुमाऊं क्षेत्र के मैदानी व पर्वतीय अंचलों से भी आर्डर मिल रहे हैं। अचार के माध्यम से व्यवसाय अपना रही ममता बताती हैं कि उनका प्रयास है कि वह शीघ्र ही चिलमोडी व भांग की चटपटी चटनी, भांग का चटपटा नमक तैयार कर मार्केट में उतारेंगे। दियूरी के ग्राम प्रधान भगीरथ सिंह राणा ने बताया कि ममता व प्रदीप चुफाल के इस प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र की कई महिलाओं को भी रोजगार मिला है।

## गल्ला मंडी में टट्टर में लगी आग, दमकल ने समय रहते पाया काबू

**लखनऊ।** अलीगंज थाना क्षेत्र स्थित गल्ला मंडी में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब टट्टर के नीचे खाना बना रहे कर्मचारियों के दौरान अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने टट्टर को अपनी चपेट में ले लिया और वह जलकर राख हो गया। आग की लपटें पास में पड़े कूड़े के ढेर तक भी पहुंच गईं, जिससे धुआं फैल गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# सेवानिवृत्त अपर जिला जज से करोड़ों की धोखाधड़ी प्रॉपर्टी कारोबारी समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** सेवानिवृत्त अपर जिला जज से करोड़ों की धोखाधड़ी मामले में प्रॉपर्टी कारोबारी समेत पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। आरोपियों ने पूरी जमीन अधिक कीमत पर बिकवाने का झांसा देकर ठगी की थी।

सेवानिवृत्त अपर जिला जज जज प्रहलाद टंडन से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। प्रॉपर्टी कारोबारी और उसकी पत्नी समेत पांच के खिलाफ पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मुख्य आरोपी प्रॉपर्टी कारोबारी विनीत सिंह और उसकी पत्नी शशि सिंह हैं। प्रेमा, सूरज कुमार और कमल किशोर भी साजिश में शामिल बताए गए हैं।




एफआईआर के मुताबिक प्रहलाद टंडन ने मई 2025 में कल्ली पश्चिम में 17 बिस्वा जमीन खरीदी थी। विनीत ने उन्हें पास की 5.5 बिस्वा और जमीन दिलाने का भरोसा दिया। उसने पूरी जमीन अधिक कीमत पर बिकवाने का भी झांसा दिया। विश्वास जीतने के लिए विनीत ने उनके खाते में अलग-अलग अकाउंट से 34 लाख रुपये भी भेजे। इससे पीड़ित को उस पर भरोसा हो गया। आरोप है कि कुछ समय बाद खरीदी गई जमीन के बीच से रास्ता निकाल दिया गया। वहां प्लॉट काटकर बेच दिए गए। बची 5.5 बिस्वा जमीन की रजिस्ट्री आरोपी ने पत्नी शशि के नाम करा ली। आरोपी ने पुलिस लाइन के नाम दर्ज सरकारी जमीन बेचने का भी दावा किया था। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी दस्तावेज तैयार करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## मुख्य चुनाव आयुक्त बोले- प्रदेश की घोसी, दुद्धी और फरीदपुर सीटों पर नहीं होंगे उपचुनाव

**लखनऊ।** मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि उत्तर प्रदेश की घोसी, दुद्धी और फरीदपुर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव नहीं होंगे। विधानसभा चुनाव निकट होने के कारण आयोग ने यह निर्णय लिया है। अब इन सीटों पर मतदाताओं को नए विधायक के चुनाव के लिए अगले आम विधानसभा चुनाव तक इंतजार करना होगा। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश की घोसी, दुद्धी और फरीदपुर विधानसभा सीटों पर अब उपचुनाव नहीं कराए जाएंगे। विधानसभा चुनाव में अब एक वर्ष से भी कम समय शेष है, इसलिए इन रिक्त सीटों पर उपचुनाव कराने की आवश्यकता नहीं है।

कार्रवाई | पंद्रह दिन के अंदर सौंपनी होगी जांच रिपोर्ट

# डीएल एजेंसियों की लूट जांचने के लिए बनाई तीन सदस्यीय समिति

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** निजी एजेंसियों के भ्रष्टाचार को लेकर परिवहन आयुक्त ने सेल का भी गठन किया है। मामले में शिकायतों की भी जांच होगी और रिपोर्ट को 15 दिन में सौंपने का निर्देश दिया गया है।

ड्राइविंग लाइसेंस बनाने वाली निजी एजेंसियों के भ्रष्टाचार व लूट की जांच करने के लिए परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है। इसके अतिरिक्त एक सेल भी गठन किया गया है, जो एजेंसियों की शिकायतों को जुटाकर समिति को सौंपेगा।

सिल्वर टच, रोजमार्टा व फोकाम लिमिटेड को परिवहन विभाग ने डीएल बनाने, प्रिंट करने व डाक से डिलीवर करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

इन एजेंसियों ने प्रदेशभर में 320 प्राइवेटकर्मियों को नियुक्त किया है। इन कर्मियों से एजेंसी प्रतिनिधियों ने नौकरी के नाम तीन से चार लाख रुपये वसूले हैं। साथ ही कर्मचारियों से उनकी सैलरी के पैसे भी एडवांस में लिए हैं। इतना ही नहीं, कार्यालयों में इस्तेमाल होने के लिए कंप्यूटर आदि उपकरण भी खरीदवाए गए। इन मामलों को अमर उजाला लखनऊ संस्करण में लगातार प्रकाशित किया गया। हाल ही में पीड़ित कर्मियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार भी लगाई थी, जिस पर परिवहन आयुक्त ने एजेंसियों पर एफआईआर तक कराने की बात कही थी।

सीएम की नाराजगी को देखते हुए परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी। समिति के अध्यक्ष राज्य परिवहन प्राधिकरण के सचिव सगीर अहमद अंसारी को बनाया गया है। इसके अतिरिक्त अपर सचिव अजय कुमार व आरटीओ प्रवर्तन प्रभात पांडेय को सदस्य बनाया गया है।

पंद्रह दिन के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपनी होगी। परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने डीएल एजेंसियों की मनमानी की जांच के लिए एक सेल भी गठित किया है। अपर परिवहन आयुक्त, आईटी के अधीन इस सेल को गठित किया गया है। इसमें डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर डीबीए सर्वेश मिश्र व प्रधान सहायक आईटी सेल अभिषेक कुमार मिश्र को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उक्त तीनों एजेंसियों की शिकायतों की जांच आईटी सेल करेगा।

## दागी कर्मी को बचाने में जुटी डीएल एजेंसी

**लखनऊ।** संभल में तैनात दागी डीएल कर्मी अंकित चौधरी को बचाने के लिए सिल्वर टच एजेंसी के प्रतिनिधि सक्रिय हो गए हैं। पूरा ठीकरा रामपुर के एआरटीओ कार्यालय पर फोड़ने की तैयारी की जा रही है। एआरटीओ की ओर से एनओसी दिए जाने के बाद ही कर्मचारी को नियुक्त किया गया था। मामला परिवहन विभाग की डीएल बनाने वाली एजेंसी सिल्वर टच से जुड़ा हुआ है। संभल में एजेंसी की ओर से कर्मचारी अंकित चौधरी को नियुक्त किया गया। अंकित पर हाल ही में डीएल आवेदक से आठ सौ रुपये वसूलने व बाबुओं से मारपीट के मामले में एफआईआर हुई है। जबकि उससे पूर्व चोरी के वाहन का पंजीकरण करने के मामले में भी मुकदमा है। इसके बाद सिल्वर टच के प्रतिनिधियों दुष्यंत सिंह व श्याम मोहन अग्निहोत्री ने दागी कर्मी अंकित चौधरी को बचाने की जुगत शुरू कर दी है।

# कानपुर एक्सप्रेसवे: दो व तीन पहिया वाहनों के लिए लगवाए चेतावनी बोर्ड, विपरीत दिशा से आने पर 5000 का जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** कानपुर एक्सप्रेसवे पर प्रतिबंध के बावजूद दोपहिया वाहन चालक नहीं मान रहे हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए अब एनएचएआई ने दरोगाखेड़ा, उन्नाव और कानपुर की ओर चेतावनी बोर्ड लगवाए हैं। विपरीत दिशा में वाहन चलाने पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगेगा। वाहन सीज भी किया जा सकता है।

हाल ही में एक्सप्रेसवे पर बाइक सवार दो युवाओं की मौत हुई थी। इसके बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने यह कदम उठाया है। बोर्डों पर दोपहिया और तीन पहिया वाहनों को प्रतिबंधित होना दर्शाया गया है।

एक्सप्रेसवे का उद्घाटन 13 जुलाई को हुआ था। शुरुआत में प्रवेश बिंदु पर टोल या चेतावनी बोर्ड नहीं थे। इस कारण दोपहिया और तीन पहिया वाहन एक्सप्रेसवे पर चढ़ रहे थे। उन्हें आगे टोल पर वापस लौटना पड़ता था। अब यह चेतावनी बोर्ड लगाने के साथ ही ट्रैफिक पुलिस कर्मी भी तैनात किए गए हैं। एनएचएआई के परियोजना निदेशक नकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि दो और तीन पहिया वाहन पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। उन्हें रोकने के लिए चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं।






## एक नजर



### विद्यालय में नाटक के माध्यम से दिया सामाजिक संदेश

**पूरनपुर।** पूरनपुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम ग्रांट नंबर दो स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने नाटक का प्रभावशाली मंचन कर उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामीणों का मन मोह लिया। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय और संवादों के माध्यम से सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता तथा आपसी सद्भाव का संदेश दिया गया। कलाकारों के जीवंत अभिनय और आकर्षक प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह के साथ नाटक का आनंद लिया और कलाकारों का तालियों से उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने के साथ समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाना था।

# एफआर से नाराज युवती 50 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ी

## छेड़छाड़ के मुकदमे में पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट बताई जा रही युवती

जागरण मोर्चा कार्यालय





**पीलीभीत।** जिले में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवती न्याय की मांग को लेकर करीब 50 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। टावर पर युवती को चढ़ा देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में कई घंटों तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती का आरोप है कि उसने कुछ समय पहले अपने साथ हुई कथित छेड़छाड़ की शिकायत पुलिस से की थी, लेकिन जांच के बाद पुलिस ने मामले में फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी। युवती का कहना था कि बिना उचित न्याय दिलाए मामला बंद कर दिया गया, जिससे वह मानसिक रूप से आहत थी। इसी विरोध को दर्ज कराने के लिए उसने यह कदम उठाया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस, राजस्व विभाग और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने पहले टावर के आसपास सुरक्षा घेरा बनवाया, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इसके बाद युवती से लगातार बातचीत की गई। पुलिसकर्मियों के साथ उसके परिजनों और परिचितों को भी मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने उसे शांत रहने और सुरक्षित नीचे उतरने के लिए समझाया। करीब कई घंटों तक चले प्रयासों के दौरान युवती बार-बार अपनी शिकायत दोहराती रही और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करती रही। प्रशासनिक अधिकारियों ने उसे भरोसा दिलाया कि उसकी शिकायत और पूरे प्रकरण की दोबारा गंभीरता से समीक्षा कराई जाएगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद युवती आखिरकार टावर से नीचे उतरने को तैयार हुई। युवती के सुरक्षित नीचे उतरते ही पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली। इसके बाद उसे आवश्यक पूछताछ और स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अपने साथ ले जाया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तैयार की जा रही है तथा युवती की शिकायत के संबंध में उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा रही। लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं और कई लोगों ने अपने मोबाइल फोन से पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया। पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल लगाना पड़ा। घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि शिकायतकर्ता यदि पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है तो उसकी आपत्तियों के समाधान के लिए प्रभावी संवाद और सुनवाई की व्यवस्था कितनी जरूरी है। फिलहाल प्रशासन का कहना है कि युवती पूरी तरह सुरक्षित है और मामले की निष्पक्ष समीक्षा कराई जाएगी।

### खेत पर खड़े पेड़ उखाड़े विरोध पर की मारपीट

**पूरनपुर।** खेत पर लगे पेडो को उखाडकर फैंक दिए। महिला के विरोध करने पर उसको जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घुंघचाई थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी बलरामपुर क्षेत्र के गांव लुकटिहाई टांडा निवासी रेशमा देवी ने बताया कि वह दलित महिला है। उसने बताया कि उसने गांव थाना क्षेत्र के गांव कढैया निवासी निरविकार यादव से बर्ष 2024 में खेत खरीदा था। खेत कढैया मौजा में स्थित है। वह खेत पर काबिज है। महिला ने इस खेत पर आम के पेड़ लगाए थे। आरोप है कि गांव निवासी निरविकार यादव, कप्तान व शिव सिंह खेत पर पहुंचे और लगाए गए पेड़ों को उखाड कर फेंक दिया। सूचना पर महिला मौके पर पहुंची और विरोध किया तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने धमकी दी है कि ना ही खेत देंगे और ना ही रुपये देंगे। पुलिस ने निरविकार, कप्तान व शिव सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ विधि भूषण मौर्य के अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## भू-जल सप्ताह पर विद्यार्थियों ने दिया जल संरक्षण और पर्यावरण बचाने का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के पुरातत्व निदेशालय, लखनऊ के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात (आईएएस) के मार्गदर्शन तथा सहायक पुरातत्व अधिकारी मनोज कुमार यादव के आह्वान पर भू-जल सप्ताह (16 से 22 जुलाई) के अंतर्गत शहर के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, सिविल लाइंस साउथ में पोस्टर एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता के साथ पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक संस्था द रूट क्लब, पीलीभीत ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के दौरान द रूट क्लब के सचिव शिवम कश्यप एडवोकेट ने विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश के पुरातात्विक स्थलों एवं संरक्षित धरोहरों के महत्व से परिचित कराया। उन्होंने भू-जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे प्रत्येक शुभ अवसर पर पौधरोपण करने, जल बचाने, प्रकृति के संरक्षण तथा स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि जनपद, प्रदेश और देश की समृद्धि तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण में सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

आयोजित पोस्टर एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में काम्या कुमारी ने प्रथम, शिवम वर्मा ने द्वितीय तथा आर्यन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय की प्रधानाचार्य मिथलेश कश्यप एवं द रूट क्लब के सचिव शिवम कश्यप एडवोकेट ने पुरातत्व विभाग की ओर से पुरस्कार एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया।

### महिला को कमरे में बंद कर पीटा, पुलिस को दी तहरीर

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी एक महिला ने बताया कि शादी के बाद से ही उसका पति आए दिन शराब पीकर मारपीट कर परेशान करता रहता है। उसका पति अन्य महिलाओ से बात करता है। पूछने पर मारपीट करता है। गुरुवार की शाम करीब 11 बजे घर पहुंचा और गाली गलौच करना शुरू कर दिया। जब उसने इसका विरोध किया तो पति के अलावा अन्य लोगों ने मिलकर उसको कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद लात घूंसों व बेल्टों से उसको मारा पीटा। जिससे वह घायल हो गई। आरोप है कि गला दबाया। शोर मचाने पर लोगों ने वमुश्किल उसको बचाया। महिला का आरोप है कि कुछ दिन पहले ही समझौता हुआ था। उसके वावजूद पति और अन्य ससुराली मारपीट करते रहते है। महिला ने थाने पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी।

## गढ़बाखेड़ा लिंक रोड पर युवक के सामने आया बाघ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** गढ़बाखेड़ा लिंक रोड पर गुरुवार शाम घर लौट रहे एक युवक के सामने अचानक बाघ आ गया। सड़क पर बाघ को टहलते देख युवक के होश उड़ गए। उसने तुरंत अपना वाहन रोक लिया और सुरक्षित दूरी बनाकर खड़ा हो गया। वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव गोरा निवासी अरबाज गुरुवार की देर शाम काम निपटाकर वापस अपने घर को लौट रहा था। जैसे ही युवक गढवाखेडा लिंक रोड पर मोड़ पर पहुंचा, तभी उसको सामने बाघ टहलता दिखाई दिया। अचानक बाघ को देखकर वह घबरा गया और आगे बढ़ने का साहस नहीं जुटा सका। कुछ देर तक वह वहीं रुका रहा, जबकि बाघ बेखौफ अंदाज में सड़क और उसके किनारे घूमता रहा। बताया जा रहा है कि कुछ समय बाद बाघ धीरे-धीरे झाड़ियों में चला गया, तब जाकर युवक ने राहत की सांस ली। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों में दहशत फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके की ओर पहुंचने लगे, लेकिन तब तक बाघ जा चुका था। शुक्रवार को टहलता हुए बाघ का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आरोप है कि मामले की सूचना बन बिभाग को दी गई। लेकिन सूचना के बाद भी बन बिभाग की टीम मौके पर नही पहुंची। जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

## कशिश हत्याकांड: अब सवाल सिर्फ आरोपी पर नहीं, व्यवस्था की जवाबदेही पर भी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत** राजकीय मेडिकल कॉलेज की छात्रा कशिश पटेल की हत्या का मामला अब केवल एक आपराधिक घटना तक सीमित नहीं रह गया है। इस घटना ने मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था, शिकायत निस्तारण प्रणाली और प्रशासनिक जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। न्याय की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे परिजनों ने अब प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने और मेडिकल कॉलेज के जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग करने का निर्णय लिया है।

परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी ने अपने साथ हो रहे कथित उत्पीड़न और असुरक्षा को लेकर समय रहते कॉलेज प्रशासन को अवगत कराया था। उनका आरोप है कि यदि शिकायतों को गंभीरता से लिया जाता और आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाते तो यह दुखद घटना शायद टाली जा सकती थी। इसी आधार पर परिवार का मानना है कि केवल हत्या के आरोपी को सजा दिलाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि उन लोगों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए जिन पर छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी थी।

कशिश की हत्या के बाद से पूरे जिले में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। विभिन्न सामाजिक संगठनों, छात्र संगठनों, किसान नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की कड़ी निंदा की है। अनेक संगठनों ने आरोपी को कठोरतम दंड दिए जाने के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज प्रशासन की कार्यप्रणाली की भी जांच कराने की मांग उठाई है।

परिवार का कहना है कि उनका उद्देश्य किसी निर्दोष को दोषी ठहराना नहीं, बल्कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष पड़ताल कराना है ताकि यदि कहीं प्रशासनिक लापरवाही या उदासीनता सामने आए तो उसके लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध भी कानून के अनुसार कार्रवाई हो सके। इसी मांग को लेकर परिजन शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने का समय मांगेंगे और उन्हें पूरे घटनाक्रम से संबंधित तथ्य एवं दस्तावेज सौंपेंगे। मामले में पुलिस अपनी विवेचना कर रही है और आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ रही है।

## विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों की सुरक्षा को लेकर आम आदमी पार्टी सक्रिय, डीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** आम आदमी पार्टी ने जिले के सरकारी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की सुरक्षा एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। पार्टी के पंचायत प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एवं पूरनपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विनोद कुमार भारती ने गुरुवार को आयोजित एक बैठक के दौरान जिलाधिकारी को पत्र देकर विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद के अनेक राजकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के परिसर में इस समय घास और झाड़ियां काफी मात्रा में उगी हुई हैं। बरसात के मौसम में ऐसी परिस्थितियों में सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले कीड़े-मकोड़ों का खतरा बढ़ जाता है, जिससे विद्यालय आने वाले बच्चों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। विनोद कुमार भारती ने कहा कि विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि समय रहते साफ-सफाई नहीं कराई गई तो बच्चों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने मांग की कि सभी शिक्षण संस्थानों के परिसर में विशेष अभियान चलाकर घास और झाड़ियों की सफाई कराई जाए तथा कीटनाशक दवाओं का नियमित छिड़काव कराया जाए। ज्ञापन में जिले के कई विद्यालयों में मौजूद जर्जर भवनों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। बताया गया कि कई स्थानों पर पुराने और क्षतिग्रस्त भवन अभी भी खड़े हैं, जो बरसात और तेज हवाओं के दौरान दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। ऐसे भवन कभी भी गिर सकते हैं, जिससे बच्चों और शिक्षकों की जान को खतरा पैदा हो सकता है।

**आयोजन** 18 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

# लिटिल एंजेल्स स्कूल में 'एकोज ऑफ विजन-2026' का भव्य आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** शहर के लिटिल एंजेल्स स्कूल में संस्थापक प्रधानाचार्या स्वर्गीय सीमा अग्रवाल की स्मृति में आयोजित 'एकोज ऑफ विजन-2026' के द्वितीय संस्करण का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के 18 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विभिन्न बौद्धिक, रचनात्मक एवं तकनीकी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.सी. पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्ज्वल अग्रवाल, उपप्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा, अकाउंटेंट राजेश गंगवार तथा अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर वीव द वोज, ग्रैंड मास्टर क्वेस्ट, विजन वॉल्ट, रोबो सॉकर, ग्रिड मास्टर चैलेंज, शार्क टैंक, चित्र आधारित समाचार पत्र, स्टोरी इन ए बॉक्स चैलेंज, वर्ग पहेली तथा बीजीएमआई चैलेंज जैसी विविध प्रतियोगिताएं एक साथ निर्धारित समयानुसार आयोजित की गईं।

प्रतियोगिताओं के परिणामों में वीव द वोज में लिटिल एंजेल्स स्कूल और नोजगे पब्लिक स्कूल संयुक्त रूप से प्रथम रहे। ग्रैंड मास्टर क्वेस्ट (जूनियर बालिका वर्ग) में लिटिल एंजेल्स स्कूल ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि जूनियर बालक वर्ग में भसीन इंटरनेशनल स्कूल विजेता रहा। विजन वॉल्ट और शार्क टैंक प्रतियोगिता में गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया।

रोबो सॉकर, ग्रिड मास्टर चैलेंज (सीनियर वर्ग), स्टोरी इन ए बॉक्स चैलेंज तथा वर्ग पहेली प्रतियोगिता में लिटिल एंजेल्स स्कूल प्रथम रहा। ग्रिड मास्टर चैलेंज (जूनियर वर्ग) में भसीन इंटरनेशनल स्कूल ने बाजी मारी। चित्र आधारित समाचार पत्र प्रतियोगिता में स्प्रिंग डेल कॉलेज और लिटिल एंजेल्स स्कूल संयुक्त रूप से विजेता घोषित किए गए, जबकि बीजीएमआई चैलेंज में आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों को भी स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

अतिथियों एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों ने आयोजन की सराहना करते हुए प्रतिभागी विद्यालयों का आभार व्यक्त किया तथा आशा जताई कि आगामी वर्ष इस आयोजन में और अधिक विद्यालय सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

## संदिग्ध परिस्थितियों लटका मिला नवविवाहिता का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दियोरिया।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बुहिता में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर मौत हो जाने से पूरे इलाके में चर्चा का बिषय बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार गांव बुहिता निवासी डोरीलाल की 19 वर्षीय पुत्री चित्रा की शादी वर्ष 2026 मार्च माह में बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर निवासी रिंकू के साथ में हुई थी। बताया जा रहा है कि चित्रा करीब चार दिन पहले अपने मायके आई थी। शुक्रवार को वह अपने कमरे में चली गई थी । काफी देर तक बाहर नहीं निकलने पर परिजनों ने आवाज लगाई, लेकिन जब कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद कमरे में जाकर देखा तो चित्रा का शव दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका हुआ मिला। परिजनों ने तत्काल उसे नीचे उतारकर बचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जा पहुंच। नवविवाहिता की मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। मृतका आठ भाई-बहनों में दो से छोटी तीसरे नम्बर की थी। परिवार में पांच बहनें और तीन भाई हैं। बेटी की असमय मौत से मां सुशीला देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप समाचार

### 20 साल बाद मिली राहत: शिव नगर कॉलोनी और गांधी स्टेडियम में नई सड़कों का लोकार्पण



**पीलीभीत।** नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा शहर के दो महत्वपूर्ण स्थानों पर निर्मित नई सड़कों का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने किया। इनमें वार्ड संख्या-1 स्थित शिव नगर कॉलोनी (आईटीआई के सामने) की नई सड़क तथा गांधी स्टेडियम के मुख्य द्वार से बैडमिंटन कोर्ट तक निर्मित सड़क शामिल हैं। लोकार्पण के दौरान डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि शिव नगर कॉलोनी का मार्ग लगभग 20 वर्षों से जर्जर अवस्था में था। सड़क टूट जाने और जलभराव के कारण बरसात के मौसम में लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नई सड़क बनने से न केवल जलभराव की समस्या में कमी आएगी, बल्कि स्थानीय नागरिकों को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा भी मिलेगी। इस अवसर पर सभासद वतनदीप मिश्रा, साकेत सक्सेना, निर्मल सिंह, विपिन गंगवार, शिवम श्रीवास्तव, सुरेश लोधी, अनस अंसारी, विकास बाबू, विपिन त्यागी, चेतन गंगवार, मोनू मिश्रा, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश गौड़, कमलेश वर्मा, दिनेश कुमार, जगदीश सक्सेना, अशोक राजा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक साबिर अली सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बरखेड़ा में बाल श्रम के खिलाफ अभियान, चार बच्चों को कराया गया मुक्त



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत शुक्रवार को बरखेड़ा क्षेत्र में संयुक्त प्रवर्तन कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों पर काम करते मिले चार बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के निर्देश पर बच्चों को आवश्यक समझाइश के बाद उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी के सहयोग तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी भूरेलाल के निर्देशन में चलाए गए अभियान में मेडिकल स्टोर, मैकेनिक की दुकानें, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे, कपड़ा प्रतिष्ठान, किराना स्टोर और स्टील वर्क्स सहित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान चार बच्चे बाल श्रम करते मिले, जिन्हें तत्काल रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। सभी बच्चों को वर्चुअल माध्यम से बाल कल्याण समिति, पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति ने बच्चों के परिजनों को भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार के श्रम कार्य में नहीं लगाने की कड़ी हिदायत देते हुए बच्चों को उनके सुपुर्द कर दिया।

### प्रथम प्रयास में NEET फतह, अनुराग भोजवाल ने ऑल इंडिया 14,198वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया बरखेड़ा का मान



**बरखेड़ा (पीलीभीत)।** नगर पंचायत बरखेड़ा के चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल के पुत्र अनुराग भोजवाल ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) 2026 में पहले ही प्रयास में ऑल इंडिया 14,198वीं रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि के बाद पूरे नगर में हर्ष का माहौल है और उनके आवास पर बधाई देने वालों का लगातार आना-जाना लगा हुआ है। अनुराग की सफलता को उनकी नियमित पढ़ाई, अनुशासित जीवनशैली, दृढ़ इच्छाशक्ति और कठिन परिश्रम का परिणाम माना जा रहा है। सीमित संसाधनों वाले कस्बे से निकलकर राष्ट्रीय स्तर की कठिन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने यह साबित कर दिया कि लगन और आत्मविश्वास के साथ कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनकी उपलब्धि क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। सफलता की सूचना मिलते ही नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और शुभचिंतकों ने अनुराग व उनके परिवार को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभासद नफीस अहमद, श्रीपाल गौतम, मोहम्मद इलियास, राजेश सक्सेना, मोहम्मद इमरान, प्रवेश जोशी, नामित सभासद जगदीश भोजवाल, लेखाकार नफीस अहमद, ठेकेदार सुबल अंसारी, कुलदीप गौतम, प्रदीप सक्सेना तथा पत्रकार हरिओम वर्मा, मोहम्मद सादिक और इसरार सहित अनेक लोगों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने कहा कि अनुराग की उपलब्धि पूरे बरखेड़ा के लिए गौरव का विषय है और इससे अन्य युवाओं को भी बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी। परिवार ने इस सफलता का श्रेय ईश्वर की कृपा, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अनुराग की निरंतर मेहनत को दिया। परिजनों ने शुभकामनाएं देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि अनुराग भविष्य में एक कुशल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करेंगे और बरखेड़ा के साथ-साथ जनपद पीलीभीत का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे।

### तेज बारिश से घंटों तक वाधित रही बिजली व्यवस्था

**पूरनपुर।** तेज बारिश ने जनजीवन के साथ-साथ बिजली व्यवस्था की भी पोल खोल दी। बारिश शुरू होने के कुछ ही देर बाद बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। जो घंटो तक ठप रही। गुरुबार की देर शाम करीव सात बजे अचानक तेज बारिश शुरु हो गई। बारिश शुरू होते ही पूरनपुर क्षेत्र की बिजली सप्लाई ठप हो गई। इसके बाद रातभर लोग अंधेरे में रहने को मजबूर रहे। घंटों के बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। बारिश के दौरान बिजली गुल होने से सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को उठानी पड़ी।

### यूरिया की किल्लत, बिजली कटौती और गन्ना भुगतान को लेकर भाकियू का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक पंचायत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। पंचायत में जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के बाद जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सदर के न्यायिक उपजिलाधिकारी पवन कुमार को सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की गई। जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने आरोप लगाया कि निजी उर्वरक विक्रेता किसानों को यूरिया खाद के साथ जिंक, सल्फर व अन्य कृषि उत्पाद खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं। इनकार करने पर किसानों को यूरिया नहीं दिया जाता। उन्होंने ऐसे विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त कर कठोर कार्रवाई करने तथा सावन और कांवड़ यात्रा से पहले जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित समय के अनुसार बिजली आपूर्ति न मिलने, अघोषित कटौती के कारण धान की सिंचाई प्रभावित होने तथा किसानों को महंगे डीजल से सिंचाई करने की मजबूरी का मुद्दा भी उठाया। साथ ही खतौनियों में अंश निर्धारण की त्रुटियां दूर कर फार्मर रजिस्ट्री बनवाने और बरखेड़ा स्थित बजाज हिंदुस्तान लिमिटेड पर बकाया गन्ना भुगतान जल्द कराने की मांग की। मरौरी ब्लॉक अध्यक्ष बलराम वर्मा ने आवारा गोवंश और सरकारी गौशालाओं की बदहाल व्यवस्था पर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि गौशालाओं में पशु रखने के नाम पर किसानों से धन की मांग की जाती है। वहीं पूरनपुर ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा ने पशुपालन विभाग पर समय से टीकाकरण न कराने का आरोप लगाया। जिला सचिव बलजीत सिंह चीमा ने जल जीवन मिशन के कार्यों में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों और इंटरलॉकिंग की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। पंचायत में बलजीत सिंह चीमा, नवजोत सिंह, ऋषिपाल, जसबीर सिंह, महेंद्र कुमार, रामकृपाल, संजीव कुमार, मनोज कुमार, रामाकांत, किशन स्वरूप, मोतीराम, राजेंद्र प्रसाद, बूटा सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।







## एक नजर



### तिलहर में लगा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

**तिलहर (शाहजहाँपुर)।** दरगाह शाह शमसुद्दीन मियाँ के सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियाँ के आवास पर डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बुजुर्गों ने अपनी आँखों की जाँच कराकर विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर में विजन टेकनीशियन श्रीमती कल्पना देवी तथा कम्यूनिटी हेल्थ वर्कर श्री अरुण कुमार ने उपस्थित लोगों की आँखों की विस्तृत जाँच की। इस दौरान दृष्टि संबंधी समस्याओं, मोतियाबिंद, चश्मे की आवश्यकता एवं अन्य नेत्र रोगों की पहचान कर मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय सलाह प्रदान की गई। इस मौके पर साजिद, शरीफ़, नवी अहमद, जावेद आदि मौजूद थे।

# गर्मी में स्कूल का समय बदलने से जिलाधिकारी ने किया इनकार

## शिक्षक संघ करेगा मुख्यमंत्री से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** उमस भरी भीषण गर्मी के बीच परिषदीय विद्यालयों का समय दोपहर 2 बजे तक होने से राहत दिलाने की मांग लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी गुरुवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मिले, लेकिन जिलाधिकारी ने विद्यालय समय में बदलाव से साफ इनकार कर दिया।

जिलाध्यक्ष ऋषिकांत पांडेय के नेतृत्व में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. रत्नाकर दीक्षित, जिला मंत्री डॉ. संदीप सिंह एवं संगठन मंत्री शशांक शेखर बाजपेई ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर विद्यालयों का समय कम करने की मांग की। शिक्षक नेताओं का कहना था कि शासनादेश, आरटीई एक्ट-2009 तथा नई शिक्षा नीति (NEP) के अनुसार गर्मियों में विद्यालय 4 से 5 घंटे संचालित किए जाने का प्रावधान है, जबकि वर्तमान में बच्चों को 6 घंटे तक स्कूल में रहना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के चलते कई स्थानों पर बच्चे बेहोश हो चुके हैं और दोपहर 12 बजे के बाद उन्हें विद्यालय में रोकना मुश्किल हो रहा है।

अधिकांश विद्यालयों में बिजली की समस्या होने से पंखे भी नहीं चल पाते, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने स्पष्ट कहा कि परिषदीय विद्यालयों के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी भी मौजूद रहे।

शिक्षक संघ ने श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान सोमवार को विद्यालयों में अवकाश घोषित करने की भी मांग उठाई। उनका कहना था कि कांवड़ यात्रा के कारण ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित रहती है और बच्चों व शिक्षकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र को मामले का परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा समय परिवर्तन की मांग अस्वीकार किए जाने के बाद शिक्षक संघ ने चेतावनी दी कि अब इस संबंध में मुख्यमंत्री, अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा को पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की जाएगी।

# एक माह में शुरू होगा आधुनिक आधार सेवा केंद्र

## एडीएम ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



आधार सेवा केंद्र का निरीक्षण करते एडीएम एफआर। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** जनपदवासियों को आधार कार्ड से जुड़ी सभी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। चार खंभा क्षेत्र स्थित शर्मा जी का डेरा परिसर में निर्माणाधीन आधुनिक आधार सेवा केंद्र का गुरुवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविंद कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था को आगामी 25 दिनों के भीतर केंद्र को पूरी तरह तैयार कर संचालन शुरू करने के निर्देश दिए।

यह निरीक्षण जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर किया गया। निरीक्षण के दौरान आधार सेवा केंद्र के सहायक प्रबंधक संदेश श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार देशभर में आधुनिक एवं सुविधायुक्त आधार सेवा केंद्र स्थापित कर रही है, ताकि नागरिकों को आधार नामांकन, संशोधन और अद्यतन से संबंधित सभी सेवाएं एक ही स्थान पर पारदर्शी और सुविधाजनक तरीके से मिल सकें।

**प्रमुख सेवाएं :** निर्माणाधीन आधार सेवा केंद्र के शुरू होने के बाद लोगों को नए आधार कार्ड बनवाने, नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी में संशोधन, बायोमेट्रिक अपडेट, दस्तावेज अद्यतन सहित आधार से जुड़ी अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सभी सुविधाएं एक ही केंद्र पर उपलब्ध होंगी।

निरीक्षण के दौरान एडीएम अरविंद कुमार ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर तय समयसीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि केंद्र को अगले 25 दिनों के भीतर संचालन के लिए पूरी तरह तैयार किया जाए।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट पर भड़के ब्राह्मण

जागरण मोर्चा कार्यालय



डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन देते ब्राह्मण समाज के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**तिलहर शाहजहांपुर।** ब्राह्मण समाज के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने परभड़के ब्राह्मण समाज के लोगों नेजिलाधिकारी को ज्ञापन भेज कर आरोपी सहायक विकास अधिकारी पंचायतको बर्खास्त किए जाने की मांग की है ।

शुक्रवार सुबह ब्राह्मण समाज के दर्जनों लोग नारेबाजी करते हुए ब्लाक कार्यालय से तहसील मुख्यालय पर पहुंचे और एडीओ पंचायत को बर्खास्त करने के साथ ही मुकदमा दर्ज करने की मांग की है ।जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार निवेदिता ठाकुर को देते हुए ब्राह्मण समाज के लोगों ने कहा कि ब्लॉक में तैनात एडीओ पंचायत वीर सेन के द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ब्राह्मण समाज के ऊपर अशोभनीय टिप्पणी की है इससे न सिर्फ स्थानीय बल्कि देश विदेश में बैठे ब्राह्मणों के सम्मान को भी ठेस पहुंची है। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में एडीओ पंचायत वीरसेन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने के साथ ही विभागीय बर्खास्तगी कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है। नायब तहसीलदार निवेदिता ठाकुर ने सभी से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि उनकी मांग जिलाधिकारी तक पहुंचा दी जाएगी। ज्ञापन देने बालो में अभिषेक शर्मा,शीलेंद्र मोहन मिश्रा, मनोज शर्मा, अनुज मिश्रा, अंकित मिश्रा, सोनी मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, राकेश शर्मा, विकास शर्मा, सनी तिवारी, अनुज मिश्रा, आकाश मिश्रा, दिनेश शर्मा, उमेश शर्मा, विवेक मिश्रा, शिवम मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, सुनील शर्मा, बृजेश मिश्रा, बृजेश मिश्रा, अरविंद मिश्रा, यश पांडे, सोनू पंडित विवेक द्विवेदी,जय प्रकाश द्विवेदी, राजू शर्मा, अचित द्विवेदी, अंकित शर्मा आदि शामिल हैं।

# शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में छात्राओं से मारपीट का आरोप

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब डायलिसिस विभाग की छात्राओं ने अपने साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया। छात्राओं का कहना है कि कथित तौर पर एक विधायक के रिश्तेदारों ने उनके साथ अभद्रता और मारपीट की। घटना के विरोध में छात्राएं हड़ताल पर बैठ गईं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। छात्राओं का कहना है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। सूचना मिलने पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले को शांत कराने का प्रयास किया। प्रशासन का कहना है कि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मोबाइल चोरी के बाद बैंक खाते से 36 हजार रुपये की अवैध निकासी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मोबाइल चोरी के बाद बैंक खाते से यूपीआई के माध्यम से करीब 36 हजार रुपये की अवैध निकासी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बरेली को प्रार्थना पत्र देकर मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी तथा धनराशि वापस दिलाने की मांग की है।

शाहजहांपुर जनपद के थाना कटरा क्षेत्र के ग्राम नदैया रामपुर निवासी विनय कुमार ने बताया कि 13 जुलाई 2026 को वह बरेली जंक्शन रेलवे स्टेशन से बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान एक युवक ने बातचीत के बहाने उनका ध्यान भटकाया। कुछ देर बाद उनका आईफोन-15 चोरी हो गया। पीड़ित ने बताया कि मोबाइल के साथ उसके कवर में रखा बैंक का एटीएम कार्ड भी गायब हो गया।

पीड़ित का आरोप है कि घटना के लगभग 30 से 40 मिनट के भीतर ही उसके बैंक खाते से यूपीआई के माध्यम से करीब 36 हजार रुपये विभिन्न बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिए गए। घटना के संबंध में स्थानीय पुलिस से शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक न तो आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकी है और न ही चोरी हुआ मोबाइल बरामद हो पाया है।

पीड़ित ने एसएसपी से मांग की है कि घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर आरोपियों की पहचान की जाए, मोबाइल के आईएमईआई नंबर के आधार पर उसे बरामद कराया जाए तथा बैंक खाते से हुई अवैध निकासी की विस्तृत जांच कर दोषियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) सहित संबंधित धाराओं में कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## संक्षेप समाचार

### कलेक्ट्रेट की सुरक्षा व्यवस्था हुई सख्त, अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण



**बरेली।** कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर गुरुवार को एक व्यक्ति द्वारा परिवार सहित आत्महत्या का प्रयास किए जाने की घटना के बाद जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है। शुक्रवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम सिटी, सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर और उसके आसपास लगे अस्थायी ठेलों को हटवाया, ताकि सुरक्षा व्यवस्था और आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न रहे। मुख्य प्रवेश द्वार पर आने वाले सभी लोगों की सघन जांच कराई गई। संदिग्ध दिखाई देने वाले व्यक्तियों से पूछताछ करने के साथ उनके बैगों की तलाशी लेने के बाद ही परिसर में प्रवेश की अनुमति दी गई। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों और होमगार्ड जवानों को सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि परिसर में आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर नजर रखी जाए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाए और आवश्यक होने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रशासन का कहना है कि कलेक्ट्रेट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। उद्देश्य यह है कि आम नागरिक सुरक्षित माहौल में अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्ट्रेट पहुंच सकें और भविष्य में ऐसी किसी भी अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति न हो।

### बिजली कटने से गर्मी में तड़प रहा बुजुर्ग दंपति, सोसायटी प्रबंधन पर गंभीर आरोप



**बरेली।** ट्यूलिप ग्रांड अपार्टमेंट में रहने वाले एक बुजुर्ग दंपति ने सोसायटी प्रबंधन पर भुगतान के बावजूद बिजली आपूर्ति बाधित करने का गंभीर आरोप लगाया है। दंपति का कहना है कि कई घंटे से बिजली न मिलने के कारण हृदय रोगी और दिव्यांग बुजुर्ग भीषण गर्मी में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से तत्काल हस्तक्षेप कर बिजली बहाल कराने की मांग की है। डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में 65 वर्षीय अंजू चड्ढा ने बताया कि वह अपने 70 वर्षीय पति राजीव चड्ढा के साथ ट्यूलिप ग्रांड अपार्टमेंट में रहती हैं। उनके पति गंभीर हृदय रोग से पीड़ित हैं और उनका एक पैर भी काटा जा चुका है। चिकित्सकों ने उन्हें ठंडे वातावरण में रखने की सलाह दी है, लेकिन बिजली आपूर्ति ठप होने से पंखा, एसी और अन्य आवश्यक उपकरण बंद पड़े हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द बिजली बहाल नहीं हुई तो उनके पति की सेहत पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। शिकायत के अनुसार, 16 जुलाई को बिजली रीचार्ज न होने के कारण आपूर्ति बंद हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस के हस्तक्षेप से कुछ समय के लिए बिजली चालू कराई गई, लेकिन बाद में फिर से रीचार्ज नहीं कराया गया। इसके बाद से परिवार गर्मी और अंधेरे में रहने को विवश है। आरोप है कि कई बार अनुरोध करने के बावजूद सोसायटी प्रबंधन ने समस्या का समाधान नहीं किया। पीड़ित दंपति का कहना है कि बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से किसी भी व्यक्ति को वंचित करना अमानवीय है, विशेषकर तब जब मामला गंभीर रूप से बीमार और बुजुर्ग लोगों से जुड़ा हो। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार बिजली न मिलने से मानसिक तनाव बढ़ रहा है और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। दंपति ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल कराने तथा दोषी लोगों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### भूजल सप्ताह पर जन जागरण रैली का आयोजन

**शाहजहांपुर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, शाहजहांपुर के निर्देशों के क्रम में मदरसा नुरुल हुदा, बिजलीपूरा द्वारा भूजल सप्ताह के अवसर पर जन-जागरण रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ मदरसे परिसर से हुआ, जिसमें प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली बिजलीपूरा एवं आसपास के मोहल्लों से होकर गुजरी। इस दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर आमजन को भूजल संरक्षण का संदेश दिया तथा पूरे मार्ग में "जल है तो कल है", "भूजल बचाओ–भविष्य बचाओ", "पानी की हर बूंद है अनमोल", "वर्षा जल का करें संचय, भूजल होगा सुरक्षित" जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए। प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियांने कहा कि बढ़ते जल संकट को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह भूजल का विवेकपूर्ण उपयोग करे तथा वर्षा जल संचयन को अपनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं भी जल बचाने का संकल्प लें और अपने परिवार एवं समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। रैली के माध्यम से स्थानीय लोगों को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा भूजल स्तर में हो रही गिरावट के प्रति जागरूक किया गया। मोहल्लेवासियों ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए जल संरक्षण में सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मदरसे के समस्त शिक्षकगणइज़हार हसन, जहूरअहमद, शारिक अली, ज़ाहिद , मोईन खान सैयद कामरान हुसैन, साजिद अली खान आदि ममनून आदि मौजूद रहे

# मदरसा शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय





सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते मदरसा शिक्षक।

**शाहजहाँपुर।** अरबी-फारसी मदारिस एसोसिएशन की ओर से प्रदेश के अनुदानित मदरसों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग को लेकर एसोसिएशन के अध्यक्ष इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें एवं उनके परिवारों को समय पर बेहतर उपचार मिल रहा है। जबकि अनुदानित मदरसों के शिक्षक एवं कर्मचारी भी राज्य की शिक्षा व्यवस्था का अभिन्न अंग हैं और वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं, फिर भी वे इस महत्वपूर्ण सुविधा से वंचित हैं। एसोसिएशन ने मांग की है कि प्रदेश के सभी अनुदानित मदरसों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भी अन्य विभागों के कर्मचारियों की भाँति कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किया जाए। इस मौके पर इज़हार हसन, जहूर अहमद, ज़ाहिद, मोईन खान, सैयद शारिक अली, हैदर अली, साजिद अली खान, मौलाना इमरान खान, मोहम्मद अनीस, सोहेल अहमद, मिर्जा खालिद बाग, नबील खान आदि मौजूद रहे।

# नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** तिलहर थाना अंतर्गत ग्राम पिपरौली में एक नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई सूचना मिलने परपुलिस ने सबको अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। दोपहर को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली की 19 विवाहिता ने ग्राम पिपरौली में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है घटनास्थल पर पहुंचकर कोतवाल प्रिंस शर्मा नेघटनाक्रम की जानकारी ली । ग्राम अजमाबाद निवासी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी ऊषा 19 बर्ष की शादी विगत 1 में को पिपरौली निवासी भोजराज सिंह के बेटे गोलू के साथ की थी। ससुराल पक्ष के लोग उसे मायके बालों से बात करने और दहेज के लिये प्रताड़ित करते थे। वाइक के लिये दवाव वनाते थे। गुरुवार को ही उसका दामाद गोलू ऊषा को विदा कराकर ले गया था शुक्रवार को उसकी फांसी लगाकर आत्म हत्या की खबर मिल गई।

# श्रावण यात्रा की तैयारियों को लेकर नाथ नगरी सेवा समिति सक्रिय, डीएम से मिलकर सौंपा सुझाव पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** श्रावण यात्रा 2026 को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने की दिशा में श्री नाथ नगरी सेवा समिति ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। समिति के शिष्टमंडल ने शुक्रवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर कांवड़ यात्रियों और शिवभक्तों की सुविधा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और सुझाव पत्र सौंपा। समिति ने श्रावण यात्रा के दौरान प्रमुख मार्गों को गड्ढामुक्त कराने, नियमित सफाई, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात संचालन को सुचारु बनाए रखने की मांग की। समिति का कहना था कि श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालु बरेली के प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं, इसलिए सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जानी चाहिए। शिष्टमंडल ने रामगंगा स्थित समिति के कांवड़ सेवा शिविर में चिकित्सक, दवाइयां, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने समिति की ओर से रखे गए सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि श्रावण यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी कराई जाएंगी। इस दौरान समिति के संस्थापक सोनू भईया, श्रवण गुप्ता, बंटी ठाकुर, सुधीर श्रोत्रिय और शोभित अग्रवाल मौजूद रहे।

**उपलब्धि** बरेली सिटी टॉपर कृष्णा ने हासिल की एआईआर 1382

# नीट 2026 में आकाश बना यूपी की डॉक्टर फैक्ट्री

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के छात्र कृष्णा ने नीट यूजी 2026 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1382 हासिल कर बरेली सिटी टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि मेडिकल प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के माध्यम से छात्रों के भविष्य को संवारने की दिशा में एईएसएल की प्रतिबद्धता को एक बार फिर साबित करती है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित नीट यूजी 2026 के परिणामों में कृष्णा ने 720 में से 651 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 1382 हासिल की। वहीं, अखिलेश कुमार मौर्य ने 634 अंक के साथ एआईआर 2960, अन्वेषा वैष ने 633 अंक के साथ एआईआर 3066, स्नेहा ने 626 अंक के साथ एआईआर 3962, उर्वी गुप्ता ने 623 अंक के साथ एआईआर 4562 तथा ऋषि मिश्रा ने 614 अंक प्राप्त कर एआईआर 6368 हासिल की।

इस उपलब्धि पर डी के मिश्रा क्षेत्रीय निदेशक, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने कहा हम कृष्णा को नीट यूजी 2026 में एआईआर 1382 प्राप्त करने और बरेली सिटी टॉपर बनने पर हार्दिक बधाई देते हैं। यह सफलता छात्र की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प तथा अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग का परिणाम है। एईएसएल का हमेशा प्रयास रहा है कि छात्रों को मजबूत शैक्षणिक आधार, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

अपनी सफलता पर कृष्णा ने कहा नीट यूजी 2026 में एआईआर 1382 हासिल करना मेरे लिए बेहद गर्व और खुशी का क्षण है। इस सफलता के लिए अनुशासन, निरंतर मेहनत और लगातार सीखते रहने की आवश्यकता थी। आकाश के शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मेरे कॉन्सेप्ट मजबूत किए, मेरी तैयारी की रणनीति को बेहतर बनाया और पूरे सफर के दौरान मुझे प्रेरित रखा। मैं अपने माता-पिता और शिक्षकों का दिल से आभारी हूं, जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी टॉप 138 की सूची के अनुसार, उत्तर प्रदेश में आकाश के छात्रों ने नीट यूजी 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। आकाश के छात्र आर्यन दुबे ने स्टेट रैंक 1, वंशम सिंह ने स्टेट रैंक 3, एकाग्र यादव ने स्टेट रैंक 5, श्रीनारायण हरि मिश्रा ने स्टेट रैंक 6, अरिमा झा ने स्टेट रैंक 7 तथा कृष्णा यादव ने स्टेट रैंक 8 हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है।

# एडीओ पंचायत वीरसेन जिला मुख्यालय अटैच, निलंबन की संस्तुति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहाँपुर।** सरकारी फाइलों में विकास की रफ्तार चाहे जैसी हो, लेकिन सोशल मीडिया पर वैचारिक विकास दिखाने के चक्कर में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) वीरसेन खुद ही अटैच हो गए हैं। सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में जाति विशेष पर की गई एक कथित अभद्र टिप्पणी ने ऐसा असर दिखाया कि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर अधिकारी महोदय को तत्काल प्रभाव से जिला मुख्यालय से संबद्ध (अटैच) कर दिया गया है। इतना ही नहीं, उनकी इस सोशल मीडिया सक्रियता को देखते हुए शासन को उनके निलंबन की संस्तुति भी भेज दी गई है। कहते हैं कि प्रशासनिक कुर्सियों पर बैठकर शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखना अनिवार्य होता है, लेकिन वीरसेन शायद यह भूल गए कि सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई बातें सिर्फ लाइक्स और कमेंट्स तक सीमित नहीं रहतीं। उनकी इस कथित टिप्पणी के बाद संबंधित समाज में आक्रोश की ऐसी लहर उठी कि बात सीधे जिला प्रशासन के आला अफसरों तक जा पहुँची। मामला संज्ञान में आते ही जांच के पहिए घूमे और डीएम के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी ने कार्रवाई की फाइल पर मुहर लगा दी। फिलहाल, पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत गांवों के विकास का खाका खींचने वाले एडीओ साहब अब जिला मुख्यालय पर बैठकर अपनी इस असाधारण टिप्पणी के परिणामों का आकलन करेंगे।

# पोलार्ड अब गेल की लिस्ट में शामिल

## T20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-10 बैटर, सिर्फ एक भारतीय सूची में शामिल

**नई दिल्ली।** मेजर लीग क्रिकेट 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क के कप्तान किरोन पोलार्ड ने बेहद तेज पारी खेली और वॉशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ 8 छक्के और एक चौके की मदद से 64 रन बनाए। ये उनके टी20 क्रिकेट करियर का 70वां अर्धशतक था साथ ही इन 8 छक्कों के दम पर किरोन पोलार्ड ने अब क्रिस गेल की खास लिस्ट में भी जगह बना ली।





# ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत ने बुडापेस्ट में जीता गोल्ड



## प्लेऑफ में अजरबैजानी पहलवान को हरा दीपक ने नाम किया कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर फिर अपना दम दिखाया है। पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने हंगरी की राजधानी में बुडापेस्ट में आयोजित पोल्याक इमरे, वर्गा जानोस एंड कोजमा इस्तवान मेमोरियल 2026 रेसलिंग टूर्नामेंट में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग का स्वर्ण पदक जीत लिया।

अमन सहरावत ने फाइनल में जॉर्जिया के रोबेर्टी डिंगाशविली को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 13-3 से हराया। भारतीय दल के पदकों की संख्या तब बढ़ गई जब दीपक ने 61 किग्रा फ्रीस्टाइल में कड़े मुकाबले के बाद कांस्य पदक जीता। दीपक ने प्लेऑफ में अजरबैजान के नुरद्दीन नोवरुजोव को 9-8 से हराया। दीपक के अलावा विशाल कालीरमाना (पुरुष 65 किग्रा) ने भी कांस्य पदक जीतकर भारत के पदकों की संख्या तीन कर दी।

अप्रैल में एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने के बाद अपने पहले इंटरनेशनल टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे अमन सहरावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। अमन सहरावत पेरिस 2024 में भारत के सबसे युवा ओलंपिक मेडलिस्ट बने थे।

### 4 में से 3 जीतें तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हासिल कीं

22 साल के अमन सहरावत ने जॉर्जिया के निकोलोज बोचोरिशविली के खिलाफ 10-0 से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत हासिल कर अपने अभियान की शुरुआत की। क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के ओलंपियन मीरामबेक कार्तबे को 10-3 से हराया। सेमीफाइनल में अजरबैजान के मौजूदा यूरोपियन चैंपियन इस्लाम बाजारगानोव को 11-0 से हराया। इस तरह अमन ने 4 में से 3 जीतें तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हासिल कीं।

### दीपक ने 0-8 से पिछड़ने के बाद 9-8 से जीता मुकाबला

इस बीच दीपक ने कांस्य पदक मुकाबले में अजरबैजानी पहलवान नुराद्दीन नोवरुजोव के खिलाफ 0-8 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की और 9-8 से रोमांचक जीत हासिल की। इससे पहले भारतीय पहलवान क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के रामिज तुर्मानिद्जे को 7-4 से हराने के बाद सेमी-फाइनल में कजाकिस्तान के असिल ऐताकिन से 2-1 से हार गए थे। विशाल कालीरमाना ने कजाकिस्तान के ओसुमजान दस्तानबेक को 8-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। वह सेमीफाइनल में ईरान के अहमद इब्राहिमजादेह से क्राइटेरिया के आधार पर हार गए थे।

### राहुल क्वार्टर फाइनल में हारे, अभिमन्यु नहीं कर पाए क्वालिफाई

राहुल 57 किग्रा भारवर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार गए, जबकि एशियन चैंपियन अभिमन्यु मंडवाल पुरुषों के फ्रीस्टाइल 70 किग्रा भारवर्ग के क्वालिफिकेशन राउंड में ही बाहर हो गए।

एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाले पहलवान सागर जगलान (74 किग्रा) और मुकुल दहिया (86 किग्रा), साथ ही अमित (86 किग्रा) अपने-अपने भार वर्ग में पोडियम फिनिश (पदक नहीं जीतना) नहीं कर पाए।

# अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई ताकत

## कोर सेक्टर में शामिल हुआ लौह अयस्क, अब इसमें नौ उद्योग

**एजेंसी समाचार**

**मुंबई।** सरकार ने शुक्रवार 2026 को एक महत्वपूर्ण घोषणा की। केंद्र ने लौह अयस्क को कोर सेक्टर के बुनियादी ढांचा उद्योगों की सूची में शामिल किया है। इस कदम से देश की अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन को बेहतर ढंग से मापने में मदद मिलेगी। परिणामस्वरूप, अब कोर उद्योगों की कुल संख्या आठ से बढ़कर नौ हो गई है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने अपने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि औद्योगिक उत्पादन में लौह अयस्क का व्यापक उपयोग होता है। साथ ही, यह औद्योगिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। इन्हीं कारणों से लौह अयस्क को संशोधित आईसीआई श्रृंखला में एक कोर उद्योग के रूप में शामिल किया गया है। नौ प्रमुख क्षेत्रों के डेटा वाली नई श्रृंखला का आधार वर्ष 2022-23 होगा। यह श्रृंखला इस साल 20 जुलाई को जारी की जाएगी। यह संशोधित श्रृंखला मौजूदा कोर उद्योग सूचकांक (आईसीआई) श्रृंखला की जगह लेगी, जिसका आधार वर्ष 2011-12 था।

वर्तमान में, सरकार मासिक आधार




पर आठ प्रमुख क्षेत्रों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है। इन क्षेत्रों में कच्चा तेल, पेट्रोलियम रिफाइनरी, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। प्राकृतिक गैस, उर्वरक, तैयार इस्पात और कोयला भी इस सूची का हिस्सा हैं। लौह अयस्क के जुड़ने से अब ये कुल नौ उद्योग अर्थव्यवस्था के मुख्य स्तंभ बन गए हैं। यह विस्तार देश के औद्योगिक विकास की अधिक सटीक तस्वीर प्रस्तुत करेगा। सरकार ने 2011 में भी प्राकृतिक गैस और उर्वरक को कोर सेक्टर में शामिल किया था।

मंत्रालय ने औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के साथ संगति सुनिश्चित करने के लिए कुछ बदलाव किए हैं। संशोधित आईसीआई श्रृंखला अब इस्पात सूचकांक संकलित करने के लिए सकल उत्पादन डेटा का उपयोग करेगी। यह पहले उपयोग किए जाने वाले शुद्ध उत्पादन डेटा की जगह लेगा, जिससे आकलन में अधिक स्पष्टता आएगी। कोयला क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया है। अब केवल कच्चा कोयला ही संशोधित श्रृंखला में बरकरार रखा गया है। कोयला मिड्लिंग्स और धुले हुए कोयले को दोहरी गणना से बचने के लिए बाहर रखा गया है, क्योंकि ये दोनों कच्चे कोयले से ही प्राप्त होते हैं।

लौह अयस्क को कोर सेक्टर में शामिल करना देश के आर्थिक आकलन को और मजबूत करेगा। यह औद्योगिक उत्पादन की वास्तविक स्थिति को अधिक प्रभावी ढंग से दर्शाएगा। हाल ही में, मई में आठ कोर बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि धीमी हुई थी। यह वृद्धि 0.5 फीसदी के सात महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई थी। इस गिरावट का मुख्य कारण कोयला, कच्चा तेल और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में कमी थी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
*नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413




# रिलायंस के मुनाफे में 22% की भारी गिरावट

**एजेंसी समाचार**

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) ने पहली तिमाही में ?20,946 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो सालाना आधार पर 22% कम है। जानिए मुनाफे में इस गिरावट की असली वजह और रेवेन्यू में दर्ज की गई मजबूत बढ़ोतरी की पूरी कहानी।

मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली देश की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के अपने वित्तीय नतीजे घोषित कर दिए हैं। इन नतीजों के अनुसार, जून तिमाही में कंपनी के कंसोलिडेटेड शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, रेवेन्यू यानी राजस्व के मोर्चे पर कंपनी ने मजबूत प्रदर्शन किया है।

पहली तिमाही में रिलायंस इंडस्ट्रीज का समेकित शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 22 प्रतिशत घटकर 20,946 करोड़ रुपये रह गया है। पिछले साल की समान अवधि (जून तिमाही) की तुलना में यह एक बड़ी गिरावट है।

कंपनी के मुनाफे में आई यह गिरावट उसके मुख्य व्यवसाय में किसी कमजोरी की वजह से नहीं है। इसका मुख्य कारण एक असाधारण मद का बेस इफेक्ट है। दरअसल, पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही (समान अवधि) में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एशियन पेंट्स में अपनी हिस्सेदारी बेची थी, जिससे कंपनी को बड़ा असाधारण लाभ हुआ था। इस बार वह असाधारण लाभ न होने के कारण मुनाफे का आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले कम नजर आ रहा है।

भले ही असाधारण मद के चलते कंपनी के शुद्ध लाभ में गिरावट दर्ज की गई हो, लेकिन कंपनी का राजस्व बेहद मजबूत रहा है। पहली तिमाही में रिलायंस इंडस्ट्रीज के राजस्व में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत (सालाना आधार पर) की शानदार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राजस्व में यह दहाई अंक की वृद्धि दशार्ती है कि कंपनी के प्रमुख व्यवसायों की मांग और परिचालन प्रदर्शन में मजबूत पकड़ बनी हुई है।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।